YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-157 | बुधवार, 09 जुलाई 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



खरगे, मुर्मू और कोविंद के खिलाफ 'अप्रिय और अपमानजनक' टिप्पणी करने के लिए माफी मांगें। कांग्रेस अध्यक्ष ने न केवल उनका अपमान किया, बल्कि अपनी टिप्पणियों से आदिवासी और दलित समुदाय के सदस्यों की भावनाओं को भी ठेस पहुंचाई। गौरव भाटिया

चंद्रशेखर की स्मृति में व्याख्यान श्रृंखला की जायेगी शुरुः धनखड़ 11

सभी विभाग श्रेष्ठ अभ्यास की प्रस्तुति तैयार करें: मुख्य सचिव 12

## संक्षेप

### बैंकों को निष्क्रिय जन धन खातों को बंद करने का निर्देश नहीं दिया: वित्त मंत्रालय

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले वित्तीय सेवा विभाग ने स्पष्ट किया है कि उसने बैंकों को निष्क्रिय पड़े प्रधानमंत्री जन धन योजना खातों को बंद करने के संबंध में कोई निर्देश नहीं दिया है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को एक वक्तव्य जारी कर मीडिया में आयी उन खबरों का खंडन किया जिनमें बैंकों को निष्क्रिय पड़े प्रधानमंत्री जन धन योजना खातों को बंद करने का निर्देश देने की बात कही गयी है। वित्तीय सेवा विभाग ने स्पष्ट किया है कि उसने बैंकों को इस तरह का निर्देश नहीं दिया है। वक्तव्य में कहा गया है कि विभाग ने एक जुलाई से पूरे देश में जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना खातों की संख्या बढाने के लिए तीन महीने का अभियान शुरू किया है। बैंक इस अभियान के दौरान सभी देय खातों का दोबारा 'केवाईसी' भी करेंगे। वित्तीय सेवा विभाग ने कहा है कि वह निष्क्रिय जन धन खातों की संख्या की निरंतर निगरानी करता है। बैंकों को सलाह दी गई है कि वे खातों का संचालन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित खाताधारकों से संपर्क करें। वक्तव्य के अनुसार जन धन खातों की कुल संख्या लगातार बढ रही है और निष्क्रिय खातों खातों के बड़े पैमाने पर बंद होने की बात विभाग के संज्ञान में नहीं आई है।

### एडीएम अरविंद सिंह सस्पेंड, आदेश नहीं मानने पर योगी सरकार की बड़ी कार्रवाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार से निर्देश पर नियुक्ति विभाग ने एडीएम एडीएम वित्त और राजस्व अरविंद सिंह पर बड़ी कार्रवाई की है। नियुक्ति विभाग ने पीसीएस अरविंद सिंह को सस्पेंड कर दिया है। अरविंद सिंह का बिजनौर से देवरिया ट्रांसफर किया गया था। लेकिन, उन्होंने आदेश का पालन नहीं किया। उन्होंने जॉइन नहीं किया। इसको लेकर उन पर बड़ा ऐक्शन लिया गया है।

### शिक्षा मंत्री गुलाब देवी सड़क हादसे में घायल

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश के हापुड़ से बड़ी खबर सामने आ रही है। माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी सड़क हादसे में घायल हो गई हैं। माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी का काफिला हादसे का शिकार हो गया। हाइवे पर दूसरी कार से माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री की गाड़ी टकरा गई। इससे मंत्री गुलाबो देवी घायल हुई है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां उनका इलाज चल रहा है। मुरादाबाद की तरफ जाते समय यह हादसा होने की बात सामने आ रही है। हापुड़ के छिजारसी इलाके में रोड एक्सिडेंट का मामला सामने आया है। प्रदेश की शिक्षा मंत्री हादसे का शिकार हो गईं। मंत्री की कार दूसरी कार से टकरा गई। दरअसल, माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी दिल्ली से मुरादाबाद की तरफ जा रही थी।

## अवैध धर्मांतरण के आरोपियों की जब्त की जायेंगी संपत्ति : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। धर्मांतरण के आरोपी जमालउद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की गतिविधियों को राष्ट्र विरोधी बताते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि आरोपी और उसके गिरोह से जुड़े सभी अपराधियों की संपत्तियां जब्त की जायेंगी और उन्हे ऐसी सजा दिलायी जायेगी जो समाज के लिये उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

योगी ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट किया हमारी सरकार बहन-बेटियों की गरिमा और सुरक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी जलालउद्दीन की गतिविधियां समाज विरोधी ही नहीं, बल्कि राष्ट्र विरोधी भी हैं। उन्होने कहा ह्ल उत्तर प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था को लेकर किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरतेगी। आरोपी और उसके गिरोह से जुड़े सभी अपराधियों की संपत्तियां जब्त की जाएंगी और उन पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

राज्य में शांति, सौहार्द और महिलाओं की सुरक्षा को भंग करने वालों के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्हें कानून के अनुसार ऐसी सजा दी जाएगी, जो समाज के लिए एक उदाहरण बने। गौरतलब है कि हाल ही में यूपी एटीएस ने अवैध धर्म परिवर्तन के एक बड़े गिरोह के मास्टरमाइंड जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा को गिरफ्तार किया है, जिसके ऊपर 50 हजार रुपये का इनाम था।

### अवैध धर्मांतरण केस में झांगुर बाबा पर योगी सरकार का तगड़ा ऐक्शन

## आलीशान कोठी पर चला बुलडोजर

एजेंसी

बलरामपुर। यूपी में अवैध धर्मांतरण केस में जलालुद्दीन उर्फ झांगुर बाबा पर योगी सरकार ने तगड़ा ऐक्शन लिया है। बलरामपुर में बनी छांगुर बाबा की आलीशान कोठी पर बुलडोजर चलना शुरू हो गया है। बताया रहा यह कोठी अवैध तरीके से बनाई गई थी। झांगुर बाबा यही से अपने सारे काले कारनामे करता था।

मुख्य आरोपी जलालुद्दीन उर्फ झांगुर की कोतवाली उतरौला अन्तर्गत मधपुर स्थित कोठी पर मंगलवार सुबह साढ़े 10 बजे बुलडोजर चलाने की कार्रवाई की गई। यह कोठी अभिलेखों में नीतू नवीन रोहरा उर्फ नसरीन पत्नी नवीन रोहरा के नाम दर्ज है।



प्रशासन का मानना है कि भवन निर्माण में झांगुर का पैसा लगा था। भवन को सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर निर्माण कराने की बात कही जा रही है। अतिक्रमण हटाने सम्बन्धित तीन नोटिस नीतू उर्फ नसरीन को पहले ही जारी की जा चुकी है।

नीतू, उनके पति व बेटी को झांगुर ने इस्लाम धर्म कुबूल करवा दिया था। वे झांगुर के साथ आकर मधपुर में रहने लगे थे, जहां झांगुर ने नीतू उर्फ नसरीन के लिए विशाल कोठी बनाई थी। झांगुर, उनका बेटा महबूब, नीतू उर्फ नसरीन व नवीन को एटीएस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। राजस्व विभाग को झांगुर के सम्पत्ति की जांच का आदेश मिला था। साथ ही मामले में ईडी को जांच के लिए कहा गया है। मंगलवार प्रातः साढ़े 10 बजे को उतरौला एसडीएम राजेन्द्र बहादुर, तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति, एएसपी विशाल पाण्डेय, सीओ राघवेन्द्र प्रताप व एसएचओ अवधेश राज सिंह बुलडोजर लेकर मधपुर पहुंचे। घर का सभी सामान सुरक्षित निकलवाकर सूचीबद्ध किया गया। उसके बाद भवन ढहाना शुरू कर ● शेष पेज 11 पर

## सतत विकास लक्ष्यों में यूपी ने लगाई छलांग

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में वैश्विक मानकों पर आधारित सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के सापेक्ष उत्तर प्रदेश की प्रगति की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते वर्षों में राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और उनके प्रभावी क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप प्रदेश ने सतत विकास के हर क्षेत्र में ठोस प्रगति की है। यह उपलब्धि केवल स्कोर का मामला नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने वाले परिवर्तन की पुष्टि है। यूपी 29वें से अब 18 वें स्थान पर पहुंच गया है। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2018-19 में 42 अंकों के साथ 'परफॉर्मर श्रेणी में शामिल उत्तर प्रदेश ने वर्ष 2023-24 तक 25 अंकों की वृद्धि के साथ 67 का स्कोर हासिल कर 'फ्रंट रनर राज्यों की श्रेणी में प्रवेश किया है। वर्ष 2018-19 में एसडीजी इंडेक्स में 29वें स्थान पर रहा उत्तर प्रदेश आज 2023-24 में 18वें स्थान पर आ गया है। यह प्रगति इस अवधि में किसी भी राज्य द्वारा प्राप्त सबसे बड़ी छलांग है। एसडीजी इंडिया इंडेक्स में किसी एक राज्य द्वारा किया गया यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नीतिगत स्पष्टता, योजनाओं के ठोस क्रियान्वयन और व्यापक जनसहभागिता का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाई गई योजनाएं, जैसे, हर घर जल, हर घर बिजली, कन्या सुमंगला, पोषण अभियान, मुख्यमंत्री आरोग्य योजना, मिशन शक्ति, प्रधानमंत्री आवास योजना, मिशन कायाकल्प और ओडीओपी ने एसडीजी लक्ष्यों को जमीनी स्तर पर साकार करने में निर्णायक भूमिका निभाई है। इन योजनाओं के माध्यम से आम जन का जीवन बदला है और व्यवस्था में भरोसा बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बेटियों की शिक्षा और महिलाओं की सुरक्षा-सशक्तिकरण को लेकर राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ महिला सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति जैसे अभियानों ने सामाजिक चेतना को नई दिशा दी है। स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर पहुंच और ग्रामीण इलाकों में पोषण संबंधी सुधारों का भी विशेष उल्लेख किया गया।



- 29वें से 18वें स्थान पर पहुंचा
- मुख्यमंत्री बोले- ''यह सिर्फ आंकड़ा नहीं, हर नागरिक की जिंदगी में आया बदलाव है' सही डेटा ही बन सकता है नीति निर्धारण की बुनियाद
- एसडीजी में यूपी का ऐतिहासिक प्रदर्शन, 'परफॉर्मर से 'फ्रंट रनर की श्रेणी में पहुंचा प्रदेश-हर घर जल-बिजली, कन्या सुमंगला और मिशन शक्ति बनीं एसडीजी लक्ष्यों की सफलता की रीढ़

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सतत विकास लक्ष्यों को जमीनी स्तर पर मिशन मोड में लागू किया जाए। ग्राम पंचायतों तक हर योजना की जानकारी पहुंचे और यह सुनिश्चित किया जाए कि अंतिम लाभार्थी तक उसका प्रभाव समय पर पहुंचे। उन्होंने यह भी कहा कि एसडीजी लक्ष्यों की प्राप्ति हर विभाग, हर ज़िले और हर पंचायत का साझा दायित्व है। मुख्यमंत्री ने इस बात पर भी विशेष बल दिया कि वास्तविक प्रगति का आकलन तभी संभव होगा, जब सही डाटा समय पर और सटीक रूप में संकलित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी जिलों की एसडीजी प्रोफाइल बनाएं, उसे सार्वजनिक करें। उन्होंने कहा कि डाटा सिर्फ रिकॉर्ड नहीं है, यह नीतिगत फैसलों की नींव है, गलत या अधूरा डाटा न तो सही स्थिति दर्शाता है और न ही सही योजना को दिशा दे सकता है।

### होमगार्ड एवं शिक्षक भर्ती में पुलिस भर्ती की तर्ज पर महिलाओं को मिले वरीयता : मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि होमगार्ड एवं शिक्षकों की नई भर्तियों में पुलिस भर्ती की तर्ज पर महिलाओं को वरीयता दी जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का यह दायित्व है कि महिलाओं को न सिर्फ सम्मान मिले, बल्कि उन्हें सुरक्षा बलों और शासन-प्रशासन की संरचनाओं में भी पर्याप्त प्रतिनिधित्व प्राप्त हो। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में महिला आर्थिक सशक्तिकरण सूचकांक की प्रस्तुति की गई। इसी दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह जरूरी निर्देश दिए। यह सूचकांक योजना विभाग द्वारा उदयती फाउंडेशन के सहयोग से तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य यह है कि राज्य की योजनाओं और कार्यक्रमों से महिलाओं को कितना लाभ मिल रहा है, इसका सटीक मूल्यांकन किया जा सके और सुधार के लिए दिशा तय की जा सके। मुख्यमंत्री ने इसे 'नारी गरिमा और आत्मनिर्भरता की दिशा में उत्तर प्रदेश का एक ऐतिहासिक कदम बताया। इस सूचकांक में पांच प्रमुख विषयों, उद्यमिता, रोजगार, ● शेष पेज 11 पर

### एयर इंडिया विमान दुर्घटना की प्रारंभिक रिपोर्ट विमानन मंत्रालय को सौंपी गयी

नयी दिल्ली। वायुयान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने अहमदाबाद में पिछले महीने दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के विमान हादसे के बारे में अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट विमानन मंत्रालय को सौंप दी है।

सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि यह रिपोर्ट प्रारंभिक जांच में मिली जानकारी पर आधारित है और मंत्रालय के साथ-साथ यह अन्य हितधारकों के साथ भी साझा की गयी है। अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का यह विमान 12 जून को उडान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। दुर्घटना में 250 से अधिक लोगों की मौत हुई थी। इनमें विमान में सवार चालक दल के सदस्यों सहित 241 लोग भी शामिल थे। विमान में सवार एक व्यक्ति सौभाग्य से सुरक्षित बच गया था। यह विमान हवाई अड्डे के निकट के मेडिकल कॉलेज के छात्रावास के उपर पड़ा था जिससे कई मेडिकल छात्रों और अन्य लोगों की भी हादसे में मौत हुई थी।

जांच प्रोटोकाल के अनुसार जांच एजेन्सी को एक महीने के अंदर प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपनी होती है। इस रिपोर्ट को तैयार करने में सभी अंतर्राष्ट्रीय मानकों का पालन किया जा रहा है। दुर्घटनाग्रस्त विमान के दोनों ब्लैक बॉक्स मिल गये थे।

## आज से तय होगी बिजली दरें तय करने की कवायद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- केस्को के दावों पर कानपुर में सुनवाई आज

लखनऊ। बिजली की नई दरें तय करने के लिए बिजली कंपनियों के दावों पर खुली सुनवाई बुधवार से शुरू होगी। सबसे पहले कानपुर में केस्को के दावे सुने जाएंगे। नियामक आयोग कंपनियों के दावों और बिजली उपभोक्ताओं की आपत्तियों पर सुनवाई करेगा। सूत्रों के मुताबिक जुलाई के सुनवाई पूरी होने के बाद सितंबर तक नई दरें घोषित होने की उम्मीद है। बिजली कंपनियों की तरफ से पावर कॉरपोरेशन ने बिजली दरों में तकरीबन 30 प्रतिशत इजाफ़े का प्रस्ताव नियामक आयोग में दाखिल किया है। वहीं, उपभोक्ताओं और तमाम संगठनों ने इस बढ़ोतरी के प्रस्ताव का विरोध किया है। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं का बकाया होने का ● शेष पेज 11 पर

## न्यायपालिका संरक्षक है, संविधान ने बराबर अधिकार दिए : सीजेआई

एजेंसी

मुंबई। भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई को महाराष्ट्र विधानमंडल की ओर से सम्मानित किया गया। वह महाराष्ट्र मूल के हैं और उन्हें चीफ जस्टिस बनाए जाने को राज्य का गौरव बताते हुए दोनों सदनों ने सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने सदन को संबोधित भी किया और अहम टिप्पणी करते हुए न्यायपालिका बनाम कार्यपालिका वाले विवाद पर भी इशारों में बात की। संसद की सर्वोच्चता वाला बयान पिछले दिनों उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दिया था। इस पर उन्होंने इशारों में ही कहा था कि संविधान के तहत कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका एक समान हैं।



उन्होंने इस बात को एक बार फिर से दोहराया। इसके अलावा यह भी कहा कि अदालत को नागरिकों के अधिकारों की प्रहरी और संरक्षक के रूप में काम करना होगा। चीफ जस्टिस ने कहा कि संविधान सर्वोच्च है। यह कहते हुए उन्होंने बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'बाबासाहेब आंबेडकर ने कहा था कि हम सभी संविधान की सर्वोच्चता में विश्वास करते हैं। संविधान ने तीन अंगों - कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका को अधिकार दिए हैं। आंबेडकर ने कहा था कि न्यायपालिका को नागरिकों के अधिकारों की प्रहरी और संरक्षक के रूप में काम करना होगा।

जस्टिस गवई ने कहा किआंबेडकर ने कहा था कि न्यायपालिका को कार्यपालिका के हस्तक्षेप से मुक्त होना चाहिए। आंबेडकर ने कहा था कि संविधान शांति और युद्ध के दौरान देश को एकजुट रखेगा। दरअसल उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अप्रैल में कहा था कि संसद सर्वोच्च है और कोई उससे ऊपर नहीं है। इस पर इशारों में ही चीफ जस्टिस ने कहा था कि लोकतंत्र में संविधान सुप्रीम है, उसने तीनों अंगों को समान अधिकार दिए हैं। चीफ जस्टिस ने मंगलवार को आंबेडकर के हवाले से कहा कि कठिन संघर्ष के बाद प्राप्त स्वतंत्रता की रक्षा के लिए देश पर शासन करने वालों को जात-पात आधारित मतभेदों को दूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आंबेडकर ने ● शेष पेज 11 पर

## आज पौधरोपण में नया इतिहास रचेगी योगी सरकार

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- एक दिन में लगाए जाएंगे 37 करोड़ पौधे, 52.43 करोड़ पौधे तैयार
- सीएम योगी अयोध्या व आजमगढ़ में करेंगे पौधरोपण
- राज्यपाल बाराबंकी, केशव मौर्य मेरठ व ब्रजेश पाठक लखनऊ में करेंगे पौधरोपण

लखनऊ। बस कुछ घंटे और, फिर योगी सरकार नया इतिहास रचेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' थीम पर उत्तर प्रदेश में 9 जुलाई (बुधवार) को एक दिन में 37 करोड़ पौधरोपण किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या और आजमगढ़ में 'पौधरोपण महाभियान-2025' का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 'एक पेड़ मां के नाम' लगाया जाएगा। इसके लिए नर्सरियों व अन्य स्थानों पर 52.43 करोड़ पौधे तैयार किए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सभी मंत्री जनपदों में रहकर पौधरोपण करेंगे। महाभियान के लिए नामित नोडल अधिकारियों ने आवंटित जनपदों में मंगलवार को पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और वन विभाग के अधिकारियों संग इसे अंतिम रूप भी दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या व आजमगढ़ में पौधरोपण करेंगे। वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना भी विभागीय कार्यक्रम के तहत उक्त जनपदों में पौधरोपण करेंगे। मुख्यमंत्री यहां जनसंवाद भी करेंगे और कार्बन क्रेडिट के तहत सात किसानों को चेक भी प्रदान करेंगे। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल बाराबंकी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मेरठ व ब्रजेश पाठक लखनऊ में पौधरोपण करेंगे। इसके अतिरिक्त सभी कैबिनेट मंत्री, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ● शेष पेज 11 पर

### अमेरिका भारत के साथ व्यापार समझौता के करीब : ट्रंप

## ट्रंप ने की 14 देशों पर नए प्रतिबंधों की घोषणा

एजेंसी

वाशिंगटन। वैश्विक व्यापार में तनाव बढ़ाने वाले नए कदम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बंगलादेश और म्यांमार सहित 14 देशों पर नए टैरिफ की घोषणा की है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत के साथ व्यापार समझौता करीब है। राष्ट्रपति ने कहा कि उनके प्रशासन ने कई देशों को आयातित उत्पादों पर लगाए जाने वाले शुल्कों का विवरण देते हुए पत्र भेजना शुरू कर दिया है।

यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब व्हाइट हाउस द्वारा शुरू किए गए कुछ सबसे आक्रामक आयात करों पर 90-दिवसीय रोक इस सप्ताह समाप्त होने वाली थी।

श्री ट्रंप ने जिन 14 देशों के नेताओं को औपचारिक पत्र भेजे हैं उनमें सहयोगी और छोटे देश भी शामिल हैं । यह पत्र इस साल एक अगस्त को लागू होने वाले टैरिफ के बारे में हैं जो श्री ट्रंप की संरक्षणवादी नीतियों को दर्शाता है। पत्र में श्री ट्रंप ने जापान और दक्षिण कोरिया से आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की अपनी धमकी दोहराई और एक अगस्त से शुरू होने वाले संभावित शुल्कों के बारे में अन्य विश्व नेताओं को सूचित किया। उच्च टैरिफ शुरू में नौ जुलाई से प्रभावी होने वाले थे लेकिन अधिकारियों द्वारा नए व्यापार सौदों पर बातचीत करने की मांग के कारण इसे निलंबित कर दिया गया था। श्री ट्रंप ने ' ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म' पर जापान और दक्षिण कोरिया को लिखे पत्र में कहा,ह्लयदि किसी कारण से आप अपने टैरिफ बढ़ाने का फैसला करते हैं, तो आप उन्हें जिस भी संख्या में बढ़ाना चाहते हैं, वह हमारे द्वारा लगाए जाने वाले 25 प्रतिशत में जोड़ दिया जाएगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पिछले सप्ताह कहा था कि भारत कोई भी व्यापार समझौता समयसीमा के आधार पर नहीं करता है और समझौते को तभी स्वीकार करेगा जब यह पूरी तरह से अंतिम रूप ले लेगा, उचित रूप से संपन्न हो जाएगा और राष्ट्रीय हित में होगा। कृषि और डेयरी क्षेत्र भारत के लिए अमेरिका को शुल्क रियायतें देने के लिए कठिन और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र हैं। भारत ने अब तक हस्ताक्षरित अपने किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में डेयरी क्षेत्र के दरवाजे नहीं खोले हैं। इस बीच, ट्रंप प्रशासन ने सोमवार को विभिन्न देशों को 'पत्र' भेजे जिसमें उन देशों के उत्पादों पर अमेरिका द्वारा लगाए जाने वाले शुल्कों का ब्योरा है। ट्रंप ने कहा, ''हम विभिन्न देशों को पत्र भेजकर बता रहे हैं कि उन्हें कितना शुल्क देना होगा। बांग्लादेश, बोस्निया एवं हर्जेगोविना, कंबोडिया, इंडोनेशिया, जापान, कजाकिस्तान, लाओ पीपल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक, मलेशिया, सर्बिया, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, थाइलैंड और ट्यूनीशिया को ट्रंप द्वारा हस्ताक्षरित पत्र भेजे गए हैं। ट्रंप ने कहा, ''ये देश अमेरिका को 'लूट' रहे हैं और हम पर ऐसे शुल्क लगा रहे हैं जो पहले कभी किसी ने नहीं लगाए। कुछ ऐसे देश भी हैं जो 200 प्रतिशत शुल्क लगा रहे हैं और व्यापार को असंभव बना रहे हैं।'' ट्रंप ने आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ रात्रिभोज से पहले पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा, ''शुल्क लगाए जाने के बाद लोग और कंपनियां अमेरिका की तरफ आ रही हैं। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक बार फिर दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच मई में छिड़े संघर्ष को यह कहकर रुकवाया था कि यदि वे इसे जारी रखेंगे तो अमेरिका उनके साथ व्यापार नहीं करेगा। ट्रंप ने कहा, ''हमने बहुत से संघर्ष रोके हैं। मुझे लगता है कि इनमें से सबसे बड़ा संघर्ष भारत और पाकिस्तान के बीच था। हमने व्यापार के नाम पर इसे रोक दिया। हमने उनसे कहा कि अगर आप संघर्ष करते रहेंगे तो हम आपके साथ कोई समझौता नहीं करेंगे। वे दोनों परमाणु शक्ति संपन्न हैं। और मुझे लगता है कि इसे रोकना बहुत महत्वपूर्ण था। हालांकि, भारत का कहना है कि उसके जोरदार जवाबी हमले के कारण पाकिस्तान को संघर्ष विराम ● शेष पेज 11 पर



### यूपीएसआईएफएस में समर इंटर्नशिप संपन्न

# फारेन्सिक में कैरियर के लिए बृहद संभावनाएं: राजकुमार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस लखनऊ में आज एनसीआर दिल्ली, उत्तराखंड,चेन्नई. मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से आए हुए 38 छात्र छात्राओं का समर इंटर्नशिप कोर्स सकुशल संपन्न हुआ । मुख्य अतिथि अपर पुलिस महानिदेशक लाजिस्टिक उ0प्र0, श्री राज कुमार द्वारा इन्टर्नशीप कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर उन्हें संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ. जी0के0 गोस्वामी एवं अपर निदेशक श्री राजीव मल्होत्रा ने प्रतीक चिन्ह भेट कर सम्मानित किया।




मुख्य अतिथि श्री राजकुमार ने विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं कॉलेज से आए हुए छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में नये कानून में फारेन्सिक विषय को प्राथमिकता दी गयी है जो कैरियर के लिए बृहद संभावनायें खोलतीं हैं।

संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ. जी के गोस्वामी ने कहा कि फारेन्सिक विषय कानून का एक महत्वपूर्ण पहलू है जो न्यायिक व्यवस्था को साक्ष्यों के आधार पर मजबूती प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि फारेन्सिक के क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार के लिये बेहतर अवसर है जिसके लिये आप मे लगनशीलता होनी चाहिए। यदि आपके पास लगन है तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि आप सभी युवा है आपको अपने कैरियर में अच्छे सहयोगी साथी का चयन करना चाहिए जो आपको अच्छे रास्ते पर ले जाय यदि साथी सही नही है तो आप गलत दिशा में जा सकते हैं। इस अवसर पर अपर निदेशक राजीव मल्होत्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी अपने जीवन में एक बात याद रखियेगा कि संकल्प का कोई बिकल्प नहीं होता है। आप यूपीएसआईएफएस से एक संकल्प लेकर जाइयेगा संकल्पित मन ही सफलता की सीढियों को आसानी से चढ पाता है। उन्होंने संस्थान एवं प्रशिक्षण के बारे में भी प्रकाश डाला।

इस अवसर पर यूपीएसआईएफएस के अपर पुलिस अधीक्षक चिरंजिब मुखर्जी श्री अतुल यादव जनसंपर्क अधिकारी श्री संतोष तिवारी प्रतिसार निरीक्षक श्री बृजेश सिंह, श्री गिरिजेश राय, फैकल्टीज डॉ अरुण खत्री, डॉ सपना शर्मा, डॉ. प्रेरणा, डॉ. प्रीती, डॉ. नेहा, डॉ. निताशा, डॉ. नेहा माथुर, डॉ. श्रुति दास, डॉ.अजीत कुमार एवं डॉ. अंजुली थायबर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त : अजय राय

जौनपुर। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। बलात्कार, हत्या, डकैती और छिनैती की घटनाओं पर योगी सरकार अंकुश लगाने में पूरी तरह विफल रही है। जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी जौनपुर के तत्वावधान में आयोजित कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में श्री राय ने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। सरकारी स्कूलों को बंद कर शिक्षकों की नौकरियों के अवसर खत्म किए जा रहे हैं, जिससे पढ़ा-लिखा नौजवान हताश और बेरोजगार होता जा रहा है। केंद्र और प्रदेश की सरकारें पूंजीपतियों की कठपुतली बन चुकी हैं। ये सरकारें आमजन की जेब पर डाका डालकर चंद उद्योगपतियों की तिजोरी भरने का काम कर रही हैं। उन्होने कहा कि देश की जनता आज राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की ओर आशा भरी नजरों से देख रही है। ऐसे में हर पदाधिकारी का यह कर्तव्य है कि वे घर-घर जाकर राहुल गांधी का संदेश पहुंचाएं और इस फासिस्ट सरकार को सत्ता से हटाकर लोकतंत्र और संविधान की रक्षा करें।

# नवागांतुक एसडीएम ने की जनसुनवाई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कोरांव ( प्रयागराज)। नवागंतुक एसडीएम संदीप तिवारी ने तहसील कोरांव का चार्ज लेने के बाद कर्मचारियों और अधिवक्ताओं से मुलाकात की और जन सुनवाई की। अब लोगों को उनसे काफी उम्मीदें हैं। एसडीएम के रूप में, संदीप तिवारी के पास कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां होंगी, जैसे कि तहसील में शांति और व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। जमीन संबंधी मामलों का निपटारा करना और राजस्व संग्रह करना भी उनकी जिम्मेदारी होगी। लोगों की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करना भी उनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होगी। प्राकृतिक आपदाओं या अन्य आपात स्थितियों में राहत और बचाव कार्य करना भी उनकी जिम्मेदारी होगी।

लोगों को उम्मीद है कि एसडीएम संदीप तिवारी क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करेंगे, जैसे कि ओवरलोड वाहन क्षेत्र में



ओवरलोड वाहनों की समस्या का समाधान करना।अवैध खनन पर रोक लगाना और इसके लिए आवश्यक कार्रवाई करना। कस्बा कोरांव में जाम की समस्या का समाधान करना।पेंडिंग मुकदमों का निस्तारण करना और न्याय प्रदान करना सरकारी भूमि और तालाबों पर अवैध कब्जे को रोकना और इसके लिए आवश्यक कार्रवाई करना। अब देखना यह है कि एसडीएम संदीप तिवारी इन समस्याओं का समाधान करने में कितना सफल होते हैं।

# महंत जितेंद्रदास की फोटो के साथ फ़ेसबुक पर की गई आपत्तिजनक पोस्ट, क्राइम ब्रांच ने शुरू की जांच

**एजेंसी**

कानपुर। पंचमुखी पनकी धाम मंदिर के महंत महामंडलेश्वर जितेंद्रदास महाराज को बलात्कारी बताकर फ़ेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट किया गया है। पोस्ट वायरल होते ही महंत ने मामले में पुलिस आयुक्त से मुलाकात कर आरोपित के खिलाफ कार्रवाई की मांग करी है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फ़ेसबुक पर सूरज कुमार नाम की आईडी से पंचमुखी पनकी धाम मंदिर के महंत महामंडलेश्वर जितेंद्रदास महाराज की फोटो लगाई गई जिसमें वह पुलिस प्रशासन से वार्ता कर रहे हैं। साथ ही उनके खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट की गई है। इस पोस्ट में लिखा गया है कि पूर्व में राम मंदिर के पुजारी भी ये सब करने लगे। बेलगाम के राम मंदिर के पुजारी को 17 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। महंत ने बताया कि पोस्ट में इस्तेमाल की गई फोटो भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा की है। जब स्पीकर बजाने को लेकर उनकी और पुलिस प्रशासन के बीच कहासुनी हो गयी थी। इसी फोटो को इस पोस्ट के जरिये गलत तरीके से पेश किया गया है। जिससे उनकी छवि तो धूमिल हो रही है, साथ ही संत समाज का भी अपमान हो रहा है। पोस्ट के वायरल होते ही महंत ने मंगलवार को पुलिस आयुक्त अखिल कुमार से मुलाकात कर आरोपित के खिलाफ कार्रवाई की मांग करी। मामला सोशल



मीडिया से जुड़ा होने की वजह से जांच साइबर क्राइम को सौंप दी गयी। जिसे लेकर डीसीपी क्राइम एसएम आबिदी ने कहा कि मामले को गंभीरता से लेकर हर पहलुओं पर जांच की जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता: मनोज सिंह

**एजेंसी**

मेरठ। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह एवं डीजीपी राजीव कृष्ण ने सोमवार को कांवड यात्रा को लेकर मंडलायुक्त सभागार में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। इसमें मेरठ, सहारनपुर, अलीगढ, मुरादाबाद मंडल एवं उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा व राजस्थान राज्यो के वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। इसके बाद दोनों अधिकारियों ने बाबा औघड़नाथ मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया। कांवड से संबंधित सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

वर्चुअल माध्यम से जुड़े पश्चिमी उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों के अधिकारियों ने कांवड यात्रा कार्यवाही से अवगत कराया। बैठक में पीपीटी के माध्यम से कांवड यात्रा के संबंध में आने वाली चुनौतियों एवं उनसे निपटने के लिए की गई तैयारियों के संबंध में मुख्य सचिव व



डीजीपी के समक्ष प्रस्तुतीकरण दिया गया। मुख्य सचिव ने कहा कि कांवड यात्रा का सकुशल संपन्न कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मंडलों के समस्त वरिष्ठ अधिकारियों को अन्य राज्यों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप कांवड यात्रा को भव्य रूप से सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कावड़ियों को मूलभूत सुविधाएं यथा-पीने का पानी, खानपान, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था आदि की उपलब्धता सुनिश्चित रहे इसका ध्यान रखा जाए। सिंचाई विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया गया कि नहर का पानी संतुलित हो इसका विशेष ध्यान रखे। नहर पटरी की मरम्मत का कार्य पूर्ण कराया जाए, कहीं पर भी कांवड मार्ग क्षतिग्रस्त न रहे। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई के अधिकारी को कांवड मार्ग पर पड़ने वाली सड़कों की मरम्मत कराए जाने के निर्देश दिए। साथ ही साथ विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारी को कांवड मार्ग पर विद्युत तार एवं खंभों को दुरूस्त करने के निर्देश दिए ताकि उससे कोई अप्रिय घटना घटित न हो। बिजली के पोल पूरी तरह से पालिथीन से तथा ट्रांसफार्मर बैरिकेडिंग से कवर हो। होटलों, ढाबों तथा शिविर में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच का प्रबंध किया जाए ताकि फूड प्वाइजनिंग जैसी घटनाएं न हो। शिविरो में बाहरी व्यक्ति न घुसे इसका ध्यान रखे। सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रतिबंध सुनिश्चित किया जाए।

# शिक्षा विभाग की मिलीभगत से चल रहे सैकड़ों गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कोरांव ( प्रयागराज )। कोरांव विकास खंड में शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा मुद्दा सामने आया है, जहां बिना मान्यता प्राप्त स्कूल अधिकारियों के साथ साठगांठ करके मान्यता प्राप्त करने के बाद भी एडमिशन और फीस के मामले में मनमानी कर रहे हैं।

इन स्कूलों में एडमिशन फीस, ट्यूशन फीस और अन्य शुल्कों के नाम पर अभिभावकों से मनमाने ढंग से पैसे वसूले जा रहे हैं। इससे सरकारी स्कूलों और मान्यता प्राप्त स्कूलों में एडमिशन की दरें कम हो गई हैं। इन स्कूलों में कक्षा 5 या 8 तक की मान्यता होने के बावजूद, 10वीं और 12वीं कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। लिखापढ़ी में कानूनी प्रक्रिया से बचने के लिए, इन स्कूलों ने अपना नाम अन्य स्कूलों में दर्ज करवा रखा है और शुल्क देकर अपनी जिम्मेदारी से बच रहे हैं। एसडीएम, खंड शिक्षाधिकारी और जिले के अधिकारियों को इन स्कूलों की करतूतों की जानकारी होने के बावजूद, कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रबंधकों में नाराजगी है।

> **अभिवावक़को भी हमेशा जागरूक किया जाता है गैर मान्यता बिहीन स्कुल मे एडमिशन न कराये कुछ गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय को नोटिस जारी किया गया है जो शिकायते मिलेगी या निरीक्षण मे बिना मान्यता की संचालित पाया जायेगा कार्रवाही किया जाएगा**
>
> **रिजवान अहमद**
> **खंड शिक्षाधिकारी**
> **कोरांव प्रयागराज**

मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रबंधकों का कहना है कि बिना मान्यता प्राप्त स्कूलों की मनमानी से उनके स्कूलों की प्रतिष्ठा और छात्रों की संख्या पर असर पड़ रहा है। वे चाहते हैं कि प्रशासन इन स्कूलों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे और शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करे। अब देखना होगा कि प्रशासन इन स्कूलों के खिलाफ क्या कार्रवाई करता है और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए क्या कदम उठाता है। जबकि कुछ समय पहले ही सम्पूर्ण समाधान दिवस मे कुछ समाजसेवी द्वारा इस तरह का मुद्दा उठाकर हंगामा भी किया जा चूका है लेकिन कोई कार्रवाही नहीं हुआ

# सपा ने कभी नहीं रखा कांवड़ यात्रा की गरिमा का ध्यान : स्वतंत्रदेव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। कांवड़ यात्रा को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा कि सपा शासनकाल में न तो कांवड़ यात्रा की गरिमा का ध्यान रखा गया और न ही सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की गई।

उन्होने आरोप लगाया कि जो लोग कभी रामभक्तों पर गोलियां चलवा चुके हैं, वे आज श्रद्धालुओं के हित की बातें करके जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। आज जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं कांवड़ियों के मार्ग और उनकी सुरक्षा की व्यवस्था को परखने के लिए हवाई सर्वेक्षण कर रहे हैं और मांस-मदिरा की दुकानों को बंद कराने से लेकर साफ-सफाई, मेडिकल, ट्रैफिक आदि सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कर रहे हैं, तब अखिलेश यादव को अचानक कांवड़ियों की चिंता होने लगी है। अखिलेश यादव का यह बयान न सिर्फ राजनीतिक अवसरवाद है, बल्कि आस्था पर की गई पिछली राजनीति को छिपाने की कोशिश भी है। यूपी की जनता उनके मंसूबों को भलिभांति समझ चुकी है। वो उनके हर एजेंडे को नाकाम करने का मन बना चुकी है।

श्री सिंह ने कहा कि भाजपा एक कैडर आधारित पार्टी है, जहां संगठन के सभी निर्णय लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत लिए जाते हैं। अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी जैसी परिवारवाद आधारित पार्टी को भाजपा की नेतृत्व प्रणाली पर सवाल उठाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। जो पार्टी अपने संगठन में परिवार से बाहर किसी का नाम तक नहीं सोच सकती, वह लोकतंत्र की बात कैसे कर सकती है।

## जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव ने किया बाढ़ सुरक्षा कार्यों का निरीक्षण

लखनऊ,। प्रदेश सरकार में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने मंगलवार को बलिया में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अब तक हुए बाढ़ सुरक्षा कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। जलशक्ति मंत्री सदर क्षेत्र अंतर्गत गंगा नदी के किनारे पहुंचें। उन्होंने ग्राम माल्देपुर में अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम के साथ ग्राम खोरीपाकर में बाढ़ सुरक्षा कार्यों को लेकर अधिकारियों से वार्ता की। मंत्री यहां बाढ़ के दृष्टिगत हुए कार्यों से पूर्ण संतुष्ट नहीं दिखे। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को बाकी कार्यों को समय से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं मंत्री ने ग्राम के निवासियों से भी वार्ता की और उनसे उनकी समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के लिए कहा। स्थलीय निरीक्षण के दौरान मंत्री दयाशंकर सिंह भी वहां पहुंच गए थे।

## मुख्तार अंसारी की जमीन पर ईडब्ल्यूएस फ्लैटों का पंजीकरण होगा शुरू

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) दिवंगत माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के आवास की जमीन पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित 72 ईडब्ल्यूएस फ्लैटों का पंजीकरण शुरू करेगा। लखनऊ के डालीबाग इलाके में प्राइम लोकेशन पर यह जमीन मुख्तार अंसारी और उनके परिवार की थी, लेकिन इसे ध्वस्त कर दिया गया और यह इलाका गरीबों के लिए ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) फ्लेट बनाने के लिए एलडीए को दे दिया गया। 72 फ्लैटों के लिए पंजीकरण अगले महीने शुरू होगा। एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने मंगलवार को बताया कि माफिया ने डालीबाग की जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा था जिसे 2020 में ध्वस्त कर दिया गया था। जिस जमीन पर यह इमारत बनी थी वह मुख्तार के बेटों के नाम थी। 2020 में जमीन मुक्त होने के बाद एलडीए ने करीब दो साल में प्रधानमंत्री योजना के 72 फ्लैट बनाए। मुख्तार अंसारी ने पाकिस्तान गए लोगों की संपत्ति हड़पकर अपने परिवार के सदस्यों के नाम आलीशान मकान बनवा लिया था। ये संपत्तियां सरकारी थीं और इन्हें शत्रु संपत्ति के तौर पर चिन्हित किया गया था।जमीन का कुल क्षेत्रफल 2,327.54 वर्ग फीट है और एलडीए ने तीन मंजिला मकान बनाए हैं। एक फ्लैट की औसत कीमत 4.50 लाख रुपये है।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **सिंगल पैकेट पद्धति** से ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **01.08.2025** को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा फार्म का मूल्य जमा नहीं करना है तथा निविदाकर्ता को धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा करेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नही किये जायेंगे।

| निविदा सूचना संख्या | | 08102025 दिनांक 07.07.2025 | |
| --- | --- | --- | --- |
| कार्य का नाम | 1. | लखनऊ मण्डल में वरि0 मण्डल अभियंता–तृतीय/उ0रे0/लख0 के कार्य क्षेत्र में 37 संख्या मानवयुक्त समपार फाटकों पर प्रीफैब्रीकेटड शौचालयों का प्रावधान। | |
| | 2. | वरि0 मण्डल इंजीनियर – तृतीय/उ0रे0/लख0 के कार्य क्षेत्र में सहायक मण्डल अभियंता/वाराणसी के अधीन पुरानी वाशिंग लाइन सं0 2 तथा 4 में क्षतिग्रस्त बेड ब्लाक्स के सुधार/उन्नयन का कार्य तथा वाराणसी यार्ड में समपार सं0 5 पर नयी वाशिंग लाइन में पाइप लाइन का प्रावधान। | |
| | 3. | वरि0 मण्डल इंजीनियर – तृतीय/उ0रे0/लख0 के कार्य क्षेत्र में सहायक मण्डल अभियंता/वाराणसी के अधीन अधीन वरि0 खण्ड अभियंता–कार्य/वाराणसी के खण्ड में पुलों की वार्षिक मरम्मत तथा रखरखाव का कार्य। | |
| | 4. | वरि0 मण्डल इंजीनियर–तृतीय/उ0रे0/लख0 के कार्य क्षेत्र में सहायक मण्डल अभियंता/वाराणसी के अधीन वरि0 खण्ड अभियंता–कार्य/वाराणसी के खण्ड में स्टेशन व अन्य सर्विस भवनों पर सफेदी व रंगाई पुताई तथा वार्षिक मरम्मत का कार्य। | |
| | 5. | वरि0 मण्डल इंजीनियर–तृतीय/उ0रे0/लख0 के कार्य क्षेत्र में सहायक मण्डल अभियंता/वाराणसी के अधीन वरि0 खण्ड अभियंता–कार्य/वाराणसी के खण्ड में वाराणसी–दीनदयाल उपाध्याय, वाराणसी–बीरापट्टी तथा वाराणसी–लोहता खण्ड में समपारों की सड़क सतह, कालोनी की सड़क सतह की मरम्मत तथा रखरखाव का कार्य तथा कालोनियों तथा अन्य भवनों की पाइप लाइन की मरम्मत का कार्य। | |
| अनुमानित लागत | | (1) रु.78,76,080.36 (2) रु.1,59,05,609.44 (3) रु.49,79,925.98 (4) रु.3,49,85,797.41 (5) रु.2,49,09,119.83 | |
| धरोहर राशि | | (1) रु.1,57,500.00 (2) रु.2,29,500.00 (3) रु.99,600.00 (4) रु.3,24,900.00 (5) रु.2,74,600.00 | |
| कार्य की समापन अवधि | | क्रम सं0 01 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छह (06) माह। |
| | | क्रम सं0 02 से 05 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह (12) माह। |
| निविदा डालने का प्रारंभ | | क्रम सं0 01 से 05 के लिए | 18.07.2025 |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | | क्रम सं0 01 से 05 के लिए | 01.08.2025 15:00 बजे |
| वेबसाईट | | www.ireps.gov.in | |

नोट :
1. तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे संबंधित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नही किये जायेंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रो को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। (प्रधान कार्यालय उ.रे. नयी दिल्ली का पत्र सं. 74-W/O/Pt.XXV/WA/Loose Dated : 07.04.2015

2050/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# आईआईटी में महिलाओं के लिए 20 प्रतिशत सीटें आरक्षित होने से सकारात्मक प्रभाव पड़ा : प्रो. सुरेंदर बसवाना

**एजेंसी**

कानपुर। आईआईटी में महिलाओं के लिए 20 प्रतिशत सीटें आरक्षित होने से सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। हालांकि महिलाएं कुल सीटों का केवल 20 प्रतिशत हिस्सा हैं, फिर भी वे पदक जीतने में कहीं अधिक आगे हैं। यह दिखाता है कि जब महिलाओं को समान अवसर मिलते हैं, तो वे उत्कृष्ट प्रदर्शन करती हैं। यह बातें मंगलवार को प्रो. सुरेंदर बसवाना ने कही।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी कानपुर) के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग में छह और सात जुलाई के बीच एसोसिएशन फॉर कंप्यूटिंग मशीनरी इंडिया काउंसिल ऑन वुमन इन कम्प्यूटिंग ग्रैंड कोहोर्ट फॉर वुमन इन रिसर्च का सातवां संस्करण आयोजित किया गया। यह एक प्रमुख मेंटरशिप पहल है। जिसका उद्देश्य भारत की महिला शोधार्थियों को करियर मार्गदर्शन, प्रेरणा और समर्थन प्रदान



करना है। अमेरिका में ग्रैंड कोहोर्ट की तर्ज पर इस कार्यक्रम की शुरुआत 2018 में भारत में की गई थी, ताकि स्थानीय संदर्भ में महिला शोधार्थियों को सहयोग और मार्गदर्शन मिल सके। यह कार्यक्रम महिलाओं के लिए नेटवर्किंग, सहयोग और व्यक्तिगत सलाह प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण मंच बन चुका है। इसके बाद डॉ. अरुणा राजन ने अपने अनुभव साझा किए। वे ऋछ्ख, क्ष्धधद्व्यद्ग जैसी कंपनियों में काम कर चुकी हैं और उनके पास थ्योरीटिकल फिजिक्स में पीएचडी है। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने प्रतिष्ठित पदों को छोड़कर वह कार्य चुना जो उन्हें सच्ची संतुष्टि देता है। उन्होंने कहा, किसी पद पर होने से ज्यादा जरूरी है कि आप कुछ सार्थक करें। आईबीएम आईआरएल की डॉ. रेनुका सिंधगट्टा और आईआईटी कानपुर की प्रो. उर्बी चटर्जी ने अकादमिक और इंडस्ट्री अनुसंधान में अंतर को समझाया। उन्होंने बताया कि दोनों क्षेत्रों में विषय चयन की स्वतंत्रता और समयसीमा किस प्रकार अलग होती है। माइक्रोसॉफ्ट रिसर्च की डॉ. जयश्री मोहन ने एक प्रभावी संवाद पर हाथों-हाथ कार्यशाला कराई। सोनिया गर्चा ने एट्ट घ्थ्प्द्धपद्धथद्यथ की गतिविधियों और चुनौतियों को साझा किया। कार्यक्रम में दो पैनल चर्चा और एक केंद्रित मेंटरिंग सत्र भी शामिल थे, जहां छात्राएं वरिष्ठ महिला शोधकर्ताओं से अपने सवालों के खुले और स्पष्ट उत्तर प्राप्त कर सकीं। प्रतिभागियों ने आईआईटी कानपुर के एउद्व सेंटर का भी भ्रमण किया। इस पूरे आयोजन को कंप्यूटर साइंस विभाग के 11 समर्पित स्वयंसेवकों ने सफलतापूर्वक संचालित किया।

# राजकोषीय बचत से भी होगा अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- अन्नपूर्णा भवन' प्रदेश में राशन व्यवस्था को नई पहचान दे रही योगी सरकार
- राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न सुचारू रूप से उपलब्ध कराने योगी सरकार का फोकस
- शहरी क्षेत्रों के लिए क्लस्टर भवन की अवधारणा पर होगा अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पारदर्शी, सशक्त और जनोन्मुखी बनाने के लिए योगी सरकार द्वारा चलाया जा रहा 'अन्नपूर्णा भवन योजना' अब गांव-गांव और शहर-शहर में रंग ला रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम सभाओं और शहरी इलाकों में नगर निकायों की मदद से बनाए जा रहे यह मॉडल उचित दर दुकानें न केवल सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतार रही हैं, बल्कि राशन कार्डधारकों को बेहतर सुविधा, पारदर्शी वितरण और सम्मानजनक वातावरण भी दे रही हैं। योगी सरकार द्वारा मॉडल उचित दर दुकानों/अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण में गति लाने के लिए राजकोषीय बचत से भी अन्नपूर्णा भवनों का निर्णय लिया गया है। अब तक 3,534 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण पूर्ण हो चुका है और लगभग 2,000 भवनों का कार्य निर्माणाधीन है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में खाद्यान्न वितरण प्रणाली अब पुराने ढर्रे से निकलकर तकनीकी और भौतिक दृष्टि से सुदृढ़ हो रही है। यह योजना न केवल गरीबों को सम्मानजनक सेवा दे रही है, बल्कि योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए स्थानीय निकायों की भूमिका को भी सशक्त कर रही है। 'अन्नपूर्णा भवन' आज एक प्रशासनिक नवाचार नहीं, बल्कि जनहित में उठाया गया ठोस कदम है। प्रदेश सरकार की ओर से वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के दौरान प्रत्येक जिले में मॉडल के रूप में 75 अन्नपूर्णा भवन बनाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसी क्रम में प्रदेश में अब तक 3,534 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण पूर्ण हो चुका है और लगभग 2,000 भवनों का कार्य निर्माणाधीन है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने एवं राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए मॉडल उचित दर दुकानों/अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण में गति लाने के लिए राजकोषीय बचत से भी अन्नपूर्णा भवनों के निर्णय लिया गया है। अब मनरेगा के अतिरिक्त राज्य वित आयोग, सांसद निधि, विधायक निधि, पूर्वान्चल विकास निधि, बुन्देलखण्ड विकास निधि अथवा अन्य किसी राज्य या केन्द्र सरकार की योजना, जिसमें इनका निर्माण अनुमन्य है, अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया जा सकेगा। जहां इन योजनाओं के माध्यम से धनराशि की उपलब्धता नहीं हो सकेगी, वहां खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा बचत से धनराशि की व्यवस्था की जाएगी। इस प्रकार प्रति जनपद 75-100 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण प्रति वर्ष कराया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त इस भवनों के अनुरक्षण इत्यादि की व्यवस्था का भी प्राविधान किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बीते दिनों हुए कैबिनेट बैठक में इस पर मुहर भी लगा दी गई है।

अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण में कई निधियों से धनराशि का प्रावधान किया जाना है, ऐसी स्थिति में भवनों के लिए भूमि का चयन, भवनों का संचालन, किराया इत्यादि के लिए एकसमान मार्गदर्शी सिद्धान्त पर कार्य किया जा रहा है। अन्नपूर्णा भवनों की डिजाइन एवं अनुमानित लागत व निर्माण अलग-अलग अथवा क्लस्टर में कराया जा सकता है। एकल अन्नपूर्णा भवन का कुल क्षेत्रफल लगभग 484 वर्गफीट होगा, जिसमें एक बड़ा कक्ष, जिसके अन्तर्गत दुकान का संचालन तथा दूसरे कक्ष में सीएससी का संचालन आदि कार्य के लिए स्थान की व्यवस्था होगी। साथ ही लाभार्थियों के लिए एक प्रतीक्षा हॉल होगा। एक क्लस्टर में 2-5 दुकानों का निर्माण किया जा सकता है। क्लस्टर नगरीय क्षेत्रों में जहां एकल दुकानों के लिए भूमि उपलब्ध नहीं, वहां शहरी क्षेत्रों में क्लस्टर अन्नपूर्णा भवन बनाए जा रहे हैं। एक क्लस्टर में 2 से 5 उचित दर दुकानों को एक स्थान पर समाहित किया जा सकता है। इससे ना केवल भूमि का समुचित उपयोग होता है, बल्कि भारी वाहनों से खाद्यान्न की आपूर्ति और वितरण व्यवस्था भी सुलभ होती है।

भवन निर्माण की जिम्मेदारी स्थानीय कार्यदायी संस्थाओं को दी गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिकता ग्राम पंचायतों को और शहरी क्षेत्रों में विकास प्राधिकरण को दी गई है। निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार का सेन्टेज चार्ज अनुमन्य नहीं है, जिससे भ्रष्टाचार की गुंजाइश समाप्त हो जाती है। जिलाधिकारी स्तर पर नामित अधिकारी इन कार्यों की निगरानी करते हैं, जिससे निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके।

अन्नपूर्णा भवन के लिए भूमि चयन में सरकारी, पंचायत, सहकारी संस्थाओं या दान में प्राप्त भूमि को प्राथमिकता दी जाती है। चयन की प्रक्रिया में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जाती है, जिसमें तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी, सहायक अभियंता और क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी शामिल होते हैं।

## बजरंग दल सेवा सप्ताह एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बजरंग दल सेवा सप्ताह के अन्तर्गत लखनऊ उत्तर जिला में महर्षि नगर प्रखंड में निशुल्क मैडिकल कैंप और रिसोवा क्लब एव बैंक्विट लान में वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। डॉ अनुज एवं डॉ सुमित, स्टाफ नर्स शालिनी, शिवानी, अंशिका द्वारा मेडिकल कैंप को संचालित किया गया, मेडिकल कैंप में लोगो को दवा दी गई,जिसमें परम आदरणीय श्रीमान नीरज दौनेरिया जी भाई साहब राष्ट्रीय संयोजक बजरंग दल एवं परम आदरणीय श्रीमान विजय प्रताप जी भाई साहब प्रांत संगठन मंत्री विश्व हिंदू परिषद का पाथेय प्राप्त हुआ, आदरणीय नृपेंद्र विक्रम सिंह भाई साहब प्रांत प्रचार प्रसार प्रमुख, आदरनीय महेंद्र जी भाई साहब प्रांत सह संयोजक, विभाग संयोजक विजय बजरंगी भाई साहब, विभाग सहसंयोजक अमरेंद्र जी भाई साहब, जिला संयोजक नरेंद्र जी भाई साहब, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख बाराबंकी यशवंत सिंह यादव जी भाई साहब, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख नैमिष, महर्षि नगर प्रखंड के प्रखंड मंत्री पवन जी भाई साहब भाऊरावदेवरस प्रखण्ड के प्रखण्ड अध्यक्ष प्रदीप नागर जी भाई साहब, राम मोहन दीक्षित जी भाई साहब के साथ अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे,सभी पदाधिकारियो एवं कार्यकर्ताओं द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

## आरआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की छात्रा स्नेहा राय ने सीयूईटी पी.जी 2025 परीक्षा में हासिल की 9वीं रैंक

**बीकेटी,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आरआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस,बख्शी का तालाब की छात्रा स्नेहा राय ने सीयूईटी पी.जी 2025 परीक्षा में 9वीं रैंक हासिल कर एक उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की है। स्नेहा का एडमिशन प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में हुआ है।स्नेहा की इस उपलब्धि पर आरआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रशिक्षण एवं नियुक्ति विभाग ने उन्हें हार्दिक बधाई दी है। विभाग ने कहा कि स्नेहा की मेहनत, समर्पण और दृढ़ संकल्प ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है।जेएनयू में एडमिशन स्नेहा के लिए एक नए और उज्ज्वल भविष्य की शुरुआत है। हमें उम्मीद है कि स्नेहा अपनी प्रतिभा और मेहनत से जेएनयू में भी उत्कृष्टता हासिल करेगी।

## कार और ई रिक्शा की भिड़ंत ई रिक्शा चालक घायल

**बंथरा, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इलाके के नारायणपुर गांव में मंगलवार दोपहर करीब 3:30 बजे ई रिक्शा और कार की भिड़ंत में ई रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे मौके पर पहुंची पुलिस ने इलाज के लिए नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया जहां से स्थिति नाजुक होने पर उन्हें लोकबंधु अस्पताल भेजा गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर करीब 3:30 बजे नारायणपुर गांव निवासी ई रिक्शा चालक श्याम किशोर सिंह पुत्र स्वर्गीय कृष्ण कुमार सिंह अपना ई रिक्शा लेकर निकले थे इसी बीच गांव में ही नारायणपुर फतेहगंज मार्ग पर सामने से आ रही वेन्यू कार संख्या यूपी 32 पीएफ 1886 से टक्कर हो गई जिसमें दोनों वाहन भी छतिग्रस्त हो गए। ई रिक्शा चालक श्याम किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं कार चालक विवेक शुक्ला पुत्र अजय कुमार शुक्ला निवासी 64 रामपुरम कुर्सी रोड गुडंबा भी जख्मी हो गए। हरौनी पुलिस ने जानकारी होते ही मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को इलाज के लिए भिजवाया।

## कांवड़ियों के रास्ते में मिलावटी खाद्य सामग्री की बिक्री नहीं होने दी जाएगी : खाद्य सुरक्षा आयुक्त

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के आयुक्त राजेश कुमार ने कहा कि सावन में कांवड़ियों के रास्ते में मिलने वाले ढाबों, रेस्टोरेंट, मिठाई, खाद्य सामग्री की दुकानों पर खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी निगरानी रखेगें। कांवड़ियों के रास्ते में मिलावटी या दूषित खाद्य सामग्री की बिक्री नहीं होने दी जाएगी। आयुक्त राजेश कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कहीं भी मिलावटी सामग्री बेचे जाने की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। दुग्ध उत्पाद, पनीर, खोया, लाल मिर्च, हल्दी मसाला, तेल, मिठाईयां, अन्य खाद्य उत्पाद की शिकायत मिलने पर उसकी सैम्पलिंग कर प्रयोगशाला में जांच करायी जाएगी। सामग्री में मिलावट की जानकारी पुष्ट होती ही ठोस कार्रवाई होगी। एफएसएसएआई एक्ट 2006 के तहत कानूनी कार्रवाई भी होगी। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से कांवड़ियों को मिलावटी एवं कुछ वक्त पूर्व से निर्मित खाद्य पदार्थ परोसने वाले ढाबों पर नजर बनाने और कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं बिना लाइसेंस और पंजीकरण के खाद्य उत्पाद की बिक्री करने वाले लोगों पर भी कार्रवाई होनी है।

# सड़क हादसे में मौत के बाद परिजनों ने सड़क जाम कर किया हंगामा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर-लखनऊ। बिजनौर के माती गांव में सोमवार दोपहर सड़क हादसे में मजदूर जयचंद रावत की मौत के बाद मंगलवार सुबह जब शव गांव पहुंचा तो परिजनों ने आरोपी डाला चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क पर जाम लगा दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी अरविंद कुमार राणा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी द्वारा काफी देर तक समझाने बुझाने व हर प्रकार के आश्वासन देने के बाद परिजन माने तब जाम खत्म हुआ।पुलिस माती गांव के आसपास लगे सभी सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। मृतक जयचंद के परिवार में पिता नेकराम, पत्नी रोशनी, तीन बेटियां और दो छोटे बेटे हैं। मृतक की पत्नी और पिता ने प्रशासन से शीघ्र न्याय की गुहार लगाई है। घटनास्थल पर बड़ी संख्या परिजन व स्थानीय मौजूद रहे।

# महिला ने परिचितों को फंसाने के लिए रची गैंगरेप की झूठी कहानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पुलिस जांच में खुली पोल तो महिला ने बताया कि बहकावे में आकर लगाया था फर्जी आरोप**

**ग्रामीणों की मांग : षड्यंत्र रचने वाली महिला के खिलाफ पुलिस ने क्यों नहीं की कार्रवाई**

निगोहां , लखनऊ। इलाके की एक महिला अपने दो परिचितों के साथ शराब पीकर बाइक से घर जा रही थी तभी रास्ते में वह बाइक से गिरने के बाद वह चोटिल हो गयी। जिसके बाद वह निगोहां थाने पहुँची और गैंगरेप की झूठी कहानी रच डाली । पुलिस हरकत में आयी और मौके पर जांच करने पहुंची तो पता चला कि मामला फर्जी है । पुलिस ने महिला से पूछताछ शुरू की तो महिला टूट गई और बताया कि उसके साथ गैंगरेप जैसी कोई घटना नहीं हुई। अपने आप को फंसता देख महिला ने बताया कि उसको बहकाया गया है। वहीं लोगों में महिला के प्रति काफी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी महिला जब निर्दोषों को फसाने के लिए षड्यंत्र रच रही है तो पुलिस ने उस पर कार्रवाई क्यों नहीं किया फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इलाके के एक गांव की रहने वाली महिला निगोहा बाजार गैस सिलेंडर भरवाने के लिए आई थी महिला के साथ उनके दो परिचित भी थे। जब गैस नहीं मिली तो वापस अपने घर जा रहे थे। रास्ते में तीनों लोगों ने शराब खरीदी और एक प्लाटिंग कंपनी में बैठकर शराब पिया , फिर तीनों बाइक पर बैठे और गांव के लिए जैसे ही उनकी बाइक एक रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुंची तो महिला बाइक से गिर गई और चोटिल हो गई। इसी से नाराज होकर महिला निगोहा थाने पहुंची और अपने ऊपर गैंगरेप जैसी रंगीन वारदात करने का आरोप लगाकर मामले की तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और मौके पर जांच करने के लिए पहुंची तो पता चला कि वहां मामला कुछ और ही है। फिर पुलिस ने इस महिला से कड़ाई से पूछताछ करना शुरू किया तो बताया कि उसके साथ कोई घटना नहीं हुई है जो लोग उसके साथ थे उनको फसाने के लिए उसने गैंगरेप का आरोप लगाया था। वहीं लोगों की मांग है कि, जब आरोपी महिला परिचितों को फसाने के लिए झूठी कहानी रचना स्वीकार कर रही है तो पुलिस ने महिला पर कार्रवाई क्यों नहीं की यही नहीं, जब महिला के आरोप सफल नही हुए तो अपने बचाव में महिला ने लोगों के बहकावे में आकर तहरीर देने की बात कही फिलहाल पुलिस के आलाधिकारी मामले की जांच कर रहे है , एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने बताया कि मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है, मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# मनरेगा के जरिए रोपे जाएंगे साढ़े बारह करोड़ पौधे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ,। प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में योगी सरकार ने एक और बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य भर में मनरेगा योजना के माध्यम से साढ़े बारह करोड़ से अधिक पौधों का रोपण किया जाएगा। इस प्रक्रिया के अंतर्गत हरियाली के साथ-साथ रोजगार को भी बढ़ावा देने की तैयारी पूरी कर ली गई है।

उल्लेखनीय है कि इस बार अभियान ''एक पेड़ मां के नाम 2.0'' थीम पर आधारित होगा, जिसका उद्देश्य केवल हरियाली बढ़ाना नहीं, बल्कि मातृ वंदना के भाव को भी जनमानस से जोड़ना है।

पूरे प्रदेश में लखीमपुर खीरी को इस अभियान में सबसे बड़ा लक्ष्य मिला है। यहां 42 लाख पौधे लगाने की योजना बनाई गई है। इसके बाद सोनभद्र को दूसरा और हरदोई को तीसरा सबसे बड़ा लक्ष्य सौंपा गया है। इन जिलों में जलवायु और जमीन की उपलब्धता के अनुसार विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे जाएंगे। उल्लेखनीय है कि मनरेगा के अंतर्गत पौधरोपण के लिए प्रदेश में 1.89 लाख से अधिक स्थलों का चयन किया गया है। इन स्थलों को चिन्हित कर वहां की भौगोलिक और पर्यावरणीय स्थिति के अनुरूप पौधों का रोपण सुनिश्चित किया जाएगा। मनरेगा के तहत ग्रामीणों को इस कार्य में शामिल कर रोजगार और हरियाली दोनों को बढ़ावा दिया जाएगा।

योगी सरकार ने एक अनोखी पहल के तहत प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों को दो-दो सहजन के पौधे देने का निर्णय लिया है। सहजन पौधा न सिर्फ औषधीय गुणों से भरपूर होता है बल्कि पोषण और स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। यह पहल ग्रामीण परिवारों के पोषण सुरक्षा की दिशा में एक और सार्थक कदम साबित होगा। मनरेगा योजना के तहत इस मेगा प्लांटेशन अभियान में ग्राम्य विकास विभाग को भी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। विभाग ने लक्ष्य के अनुसार हर जिले में पुख्ता तैयारियां कर ली हैं। इसमें स्थल चयन, पौधों की किस्म, देखभाल, सिंचाई और सुरक्षा की संपूर्ण योजना पर कार्य किया जा रहा है। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि इस पूरे अभियान की सफलता केवल रोपण से नहीं बल्कि पौधों की सुरक्षा पर भी निर्भर करेगी। इसके लिए मनरेगा के अंतर्गत पौधों की नियमित सिंचाई, देखभाल, ट्री गार्ड की व्यवस्था और निगरानी की जाएगी। पौधों की वृद्धि और संरक्षण पर भी नजर रखी जाएगी। इस अभूतपूर्व अभियान के जरिए प्रदेश सरकार पर्यावरण संतुलन के साथ-साथ ग्रामीणों को रोजगार, स्वास्थ्य और भावनात्मक जुड़ाव प्रदान कर रही है।

# भ्रष्टाचार के जरिये पैसा कमाने के लिये भाजपा सरकार बनाती है योजनायें: अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार के जरिए पैसा कमाने के लिए बड़ी-बड़ी योजनाएं बनाती है और अपने लोगों से लूट कराती है। जल जीवन मिशन इसका जीता-जागता उदाहरण है।

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में विभिन्न जिलों से आये कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा कि भाजपा सरकार की हर योजना और काम में भ्रष्टाचार और लूट है। मंहगाई, बेरोजगारी से जनता परेशान है। भाजपा की गलत नीतियों से गरीब और गरीब होता जा रहा है। शिक्षा-स्वास्थ्य व्यवस्था बर्बाद हो चुकी है। सरकारी स्कूल बंद किये जा रहे है। छात्र और अभिभावक बेबस है। सरकारी अस्पतालों में दवा इलाज नहीं मिल पाता है। इस सरकार ने अस्पतालों की दुर्दशा कर दी। मेडिकल कॉलेजों में मानक के अनुरूप सुविधाएं नहीं है। सरकारी विभागों का निजीकरण किया जा रहा है। जब तक भाजपा सत्ता में रहेगी तब तक राज्य की हालत खराब होती रहेगी। श्री यादव ने कहा कि भाजपा भूमाफिया बन गयी है। भाजपा के लोग सरकारी और गरीबों की जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। तालाब, पार्क अन्य सरकारी जमीन पर भाजपाई अवैध कब्जा कर रहे हैं। जमीनों पर कब्जा करना ही भाजपा का एजेण्डा है। भाजपा सरकार ने अपने लोगों को लाभ दिलाने के लिए प्रदेश के लाखों गरीब परिवारों को उजाड़ दिया, उन्हें अधिग्रहीत जमीनों और दुकानों का उचित मुआवजा भी नहीं दिया। उन्होने कहा कि आरएसएस उत्तर प्रदेश में नागपुर जैसा केन्द्र बना रही है। भाजपा समाज में झूठ और नफरत फैलाती है। झूठ फैलाकर विरोधियों को बदनाम करती है। नफरत फैलाकर समाज में दूरियां बढ़ाती है। भाजपा का सच से कोई सम्बंध नहीं है। भाजपा की कथनी-करनी में जमीन आसमान का अंतर है। बीजेपी संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है। भाजपा लोकतंत्र और संविधान विरोधी है।


## उत्तर रेलवे

### ई ऑक्शन सूचना

**वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ** के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल– वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-LKO-TPNR-OH-563-25-1 (Advertising -Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.07.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.07.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-LKO-LKO-OH-564-25-1 (Advertising -Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.07.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.07.2025 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-LKO-PRG-OH-544-24-1 (Advertising -Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.07.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.07.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-LKO-LKO-OH-562-25-1 (Advertising -Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 27.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.07.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.07.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-LKO-LLJ-OH-560-25-1 (Advertising -Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15.07.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 15.07.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-LKO-RBL-OH-559-25-1 (Advertising -Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 24.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.07.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 11.07.2025 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-LKO-LKO-OH-514-24-2 (Advertising -Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 24.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.07.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.07.2025 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-LKO-LKO-OH-513-24-2 (Advertising -Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 24.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.07.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.07.2025 समय 12:40 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | PnU-LKO-AY-WRL-83-24-1 (Pay and Use Lounges/ Waiting/ Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.06.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 10.07.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 10.07.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E- Auction Module of |

No: Va-Vi/OOH/Publicity/24/KKG Dt. 07.07.2025 2044/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# वृक्षारोपण अभियान का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर, संवाददाता। बिजनौर स्थित 91वीं वाहिनी द्रुत कार्य बल द्वारा व्यापक स्तर पर ''हरित भविष्य की ओर ससक्त कदम'' के तहत मंगलवार को वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत आम, अमरूद, कटहल, जामुन आदि के वृक्षों का रोपण किया गया। अभियान का उद्देश्य पर्यावरण को स्वच्छ, हरित एवं मानव जीवन के अनुकूल बनाना व साथ ही आमजन में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। इस मौके पर 91वीं वाहिनी दूत कार्य बल के कमांडेंट श्जीतेन्द्र कुमार ओझा ने अधिकारियों एवं जवानों को संबोधित करते हुए वृक्षों की स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यकता एवं अनिवार्यता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष न केवल हमें शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण को संतुलित रखने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा वन्यजीवों को आश्रय प्रदान करते हैं। वृक्षारोपण अभियान में 35 वाहिनी पीएसी के आईपीएस अमित कुमार व 32 वाहिनी पीएसी की आईपीएस प्राची सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी सोहन सिंह, उप कमांडेंट योगेश पाण्डेय उप कमांडेंट अरुण तिवारी सहित अन्य अधिकारी, पीएसी के जवान शामिल रहे।

# गोमती नगर विस्तार योजना के 4 सेक्टर नगर निगम को हैंडओवर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। एलडीए ने गोमती नगर विस्तार योजना के चार प्रमुख सेक्टर, सेक्टर-1, 4, 5 और 6 नगर निगम को हैंडओवर कर दिए हैं। इस प्रक्रिया के तहत अब इन क्षेत्रों में पेयजल एवं सीवरेज व्यवस्था का दायित्व पूरी तरह नगर निगम के जलकल विभाग के पास रहेगा। इसके लिए एलडीए ने 40.79 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत कर विभाग को हस्तांतरित कर दी है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर एलडीए और नगर निगम की संयुक्त टीम ने पहले इन सेक्टरों का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पेयजल और सीवरेज से जुड़ी कमियों को चिन्हित कर मरम्मत, निर्माण और जीर्णोद्धार की ज़रूरतों का आकलन किया गया। इसी आधार पर जलकल विभाग ने आवश्यक कार्यों के लिए 40.79 करोड़ रुपये का विस्तृत एस्टीमेट प्रस्तुत किया, जिसे प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत कर राशि उपलब्ध करा दी गई। प्रस्तावित कार्यों के तहत गोमती नगर विस्तार में 3000 मीटर लंबी नई पाइप लाइन बिछाई जाएगी, जबकि 2500 मीटर सीवर लाइन का विस्तार किया जाएगा। जल आपूर्ति को सशक्त करने के लिए चार नए नलकूप लगाए जाएंगे और पहले से स्थापित 26 नलकूपों की मरम्मत कर उनकी कार्यक्षमता बहाल की जाएगी। इसके अलावा पांच नए जोनल पंपिंग स्टेशन भी तैयार किए जाएंगे। इसी क्रम में एक क्षतिग्रस्त ओवरहेड टैंक का पुनर्निर्माण होगा, जबकि अन्य ओवरहेड टैंकों की मरम्मत कर उन्हें दुरुस्त किया जाएगा। जलनिकासी प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए सुपर सक्शन मशीन से लगभग 12 किलोमीटर लंबी सीवर लाइन की सफाई और सिल्ट हटाने का कार्य किया जाएगा। साथ ही 350 से अधिक मेनहोल की मरम्मत भी कराई जाएगी। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि गोमती नगर विस्तार योजना में अब तक एलडीए द्वारा पेयजल और सीवरेज व्यवस्था का प्रबंधन किया जा रहा था। अब यह जिम्मेदारी नगर निगम को सौंप दी गई है, जिससे इन क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं अधिक कुशलता और नियमितता से संचालित हो सकेंगी। इससे योजना में रहने वाली बड़ी आबादी को सीधा लाभ मिलेगा और लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान सुनिश्चित हो सकेगा।

# एक पेड़ माँ के नाम थीम पर आधारित यह अभियान पर्यावरण संरक्षण एवं भावात्मक जुड़ाव का सशक्त प्रतीक: पी गुरू प्रसाद

**नोडल अधिकारी ने वृक्षारोपण अभियान-2025 की तैयारियों की समीक्षा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । मुख्यमंत्री उ.प्र. की घोषणा के दृष्टिगत शासन स्तर पर लिये गये निर्णय के अनुसार वर्षाकाल 2025-26 में प्रदेश में 37.00 करोड़ वृक्षारोपण के सापेक्ष दिनांक 09 जुलाई 2025 को एक ही दिन में जनपद को आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष कराये जाने वाले वृक्षारोपण कार्यों की समीक्षा हेतु शासन स्तर से श्री पी0 गुरू प्रसाद, प्रमुख सचिव, राजस्व, आवास एवं शहरी नियोजन को जनपद का नोडल अधिकारी नामित किया गया है। नोडल अधिकारी श्री पी0 गुरू प्रसाद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में वृक्षारोपण तैयारियों की समीक्षा हेतु जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान नोडल अधिकारी ने गड्ढा खुदान की प्रगति, रोपण हेतु वन विभाग की नर्सरियों से पौध उठान हेतु इण्डेन्ट की प्रगति तथा जारी इण्डेन्ट के सापेक्ष पौध ढुलान की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। नोडल अधिकारी ने निर्देश दिए कि समस्त कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाये। उन्होंने कहा कि पौधों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाये तथा उनकी जियो टैगिंग का कार्य समय से पूर्ण कराया जाये। नोडल अधिकारी ने निर्देश दिये कि समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित की जाये तथा उन्हें अधिक से अधिक पौधे रोपित कर इनका संरक्षण करने हेतु प्रोत्साहित किया जाये। आयोजित कार्यक्रमों में मा0 जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाये तथा इनका व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाये। गोमती एवं सरायन नदियों के पुनर्जीवीकरण हेतु इनके किनारे लगाये जाने वाले वृक्षों तथा तालाबों के खुदान आदि की भी नोडल अधिकारी ने समीक्षा की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने जनपद वृक्षारोपण महाअभियान के अंतर्गत जनपद में की गयी तैयारियों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि नोडल अधिकारी महोदय द्वारा दिए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए शासन को मंशा के अनुसार लक्ष्य के अनुरूप पौधों का रोपण सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि मा0 मुख्यमंत्री जी मंशानुरूप वृहद वृक्षारोपण अभियान में सभी अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करें।

प्रभागीय वनाधिकारी नवीन खंडेलवाल ने एजेंडा प्रस्तुत करते हुए वृक्षारोपण महाअभियान ने प्रगति का अद्यतन विवरण तथा आगे की कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुये बताया कि जनपद को वर्ष 2025 हेतु शासन से 7682700 पौधे रोपित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि विकास खण्ड स्तर पर नोडल अधिकारियों की तैनाती करते हुये उन्हें दायित्वों से अवगत करा दिया गया है। जनपद स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसके माध्यम से अनवरत मानीटरिंग की व्यवस्था की जा रही है। जनपद में सभी के सम्मिलित प्रयास से तथा सभी विभागों के सहयोग से वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया जायेगा, जिसमें समस्त व्यक्तियों, संस्थाओं, महिलाओं, दिव्यागों, उद्योग पतियों, राजकीय विभागों, पूर्व सैनिकों, किसानों की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**नोडल अधिकारी ने चिन्हित स्थल का किया निरीक्षण**

नोडल अधिकारी श्री पी0 गुरू प्रसाद ने लखनऊ-बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर ए0पी0टीसी0 के निकट सैन्य भूमि प्लाट नं0-3 भाग-1 में वृहद वृक्षारोपण अभियान हेतु चिन्हित स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं तथा आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने भी उक्त स्थल का निरीक्षण कर समस्त तैयारियां समय से पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया। उक्त स्थल पर दिनांक-09 जुलाई 2025 को प्रातः 09.00 बजे वृहद वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया जायेगा, जिसके मुख्य अतिथि मा0 राज्यमंत्री कारागार श्री सुरेश राही जी होंगे, जहां पर 05 हे0 क्षेत्रफल में 12500 पौधों का रोपण प्रस्तावित है।

# बेलन्दापुर में मनरेगा योजना बनी भ्रष्टाचार का अड्डा

**प्रधान, सचिव व रोजगार सेवक, जांच के नाम पर मौन प्रशासन**

**विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत बेलन्दापुर का मामल**

**एक ही फोटो से लगाई जा रही फर्जी हाजिरी,सरकारी धन की लूट में लिप्त**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। मछरेहटा विकास खंड के ग्राम पंचायत बेलन्दापुर में मनरेगा योजना अपने मूल उद्देश्य से भटक कर अब भ्रष्टाचार की शिकार हो चुकी है। यहां एक ही फोटो का बार-बार इस्तेमाल कर मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाई जा रही है, जिससे लाखों की सरकारी धनराशि का बंदरबाँट किया जा रहा है।प्रधान, सचिव और रोजगार सेवक की मिलीभगत से कुछ मजदूरों से नाम मात्र का कार्य कराया जाता है, जबकि बाकी नामों पर सिर्फ कागजों में हाजिरी दर्शाकर भुगतान निकाला जा रहा है। यही नहीं, कई बार बिना किसी काम के मजदूरों की हाजिरी चढ़ा दी जाती है, जिससे मनरेगा का उद्देश्य पूरी तरह विफल हो रहा है।ग्रामीणों का आरोप है कि सचिव और ब्लॉक स्तर के जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत के बिना इस तरह का भ्रष्टाचार संभव नहीं है। कागजों पर काम दर्शा कर भुगतान निकालना और एक ही फोटो से कई बार उपस्थिति दर्ज कराना सीधे तौर पर फर्जीवाड़ा है।सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब मनरेगा योजना के क्रियान्वयन में एपीओ की भूमिका अहम होती है, तो वह इस तरह की अनियमितताओं पर आंखें क्यों मूंदे हुए है? क्या वह भी इस गोरखधंधे का हिस्सा है?ग्रामीणों ने मांग की है कि पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस खुली लूट पर कब कार्रवाई करता है या भ्रष्टाचार के इस खेल को यूं ही नजरअंदाज करता रहेगा।

# बिनौरा में योजनाओं की धनराशि बनी प्रधान व सचिव की कमाई का जरिया

**हैंडपंप से लेकर ह्यूम पाइप तक बरती गयी अनिमिताये**

**विकास खंड खैराबाद की पंचायत बिनौरा का मामला**

कैनविज टाइम्स संवाददात




सीतापुर। विकास खंड खैराबाद की ग्राम पंचायत बिनौरा में विकास कार्यों के नाम पर बड़े पैमाने पर वित्तीय धनराशि को प्रधान व सचिव की जोड़ी ने मिलकर आपस।के बंदरबाँट किया गया है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं की धनराशि का जमकर दुरुपयोग किया गया है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नल मरम्मत , नल रिबोर , दवा छिड़काव , इंटरलॉकिंग निर्माण , आंगनबाड़ी में बर्तन कार्य , ग्राम पंचायत में साफ सफाई आदि के नाम पर लाखो का भुगतान कराया गया।जिसमे काफी भारी अनिमिताये बर्ती गयी है। ग्रामीणों का कहना कि हैंडपम्प मरम्मत व रिबोर के नाम लगभग छः बार मे 237000 रुपयों का भुगतान कराया गया जिसमें काफी भारी अनिमिताये बनी हुई है। यही नही ग्राम पंचायत में ब्लीचिंग कार्य के नाम पर लगभग 17975 व पुनः जनवरी में ग्राम पंचायत में दवा छिड़काव के नाम पर 12000 रुपयों का भुगतान कराया गया जिसमें जमीनी हकीकत कुछ और ही बयाँ करती है। यही नही ग्राम पंचायत में ह्यूम पाइप कार्य के नाम पर लगभग 63000 रुपयों का भुगतान कराया गया है, जिसमे काफी भारी अनिमिताये बर्ती गयी है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि मनरेगा के तहत मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाकर मनरेगा जैसी योजनाओं में भी लाखों रुपये की बंदरबांट की गई है। जब भी पंचायत सचिव को किसी भी जानकारी के लिए फ़ोन किया जाता है तो पंचायत सचिव आम जनता का फ़ोन उठाना मुनासिब नही समझते है। जिसके चलते ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।ग्रामीणों की मांग ऽ हो उच्चस्तरीय जांच, दोषियों के खिलाफ जांच कर उचित कार्यवाही की मांग की है । अब देखना होगा कि प्रशासन इस पर क्या संज्ञान लेता है।

## जल जीवन मिशन में भारी भ्रष्टाचार के विरोध में दिया ज्ञापन

सीतापुर। आजाद अधिकार सेना पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर के आह्वान पर जिले के पदाधिकारियों द्वारा जिला मुख्यालय पर एकत्र होकर पूरे देश में जल जीवन मिशन में भारी भ्रष्टाचार के विरोध में प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति के नाम जिला अधिकारी सीतापुर को प्रत्यावेदन सौंपा. प्रत्यावेदन में कहा गया कि जल जीवन मिशन केंद्र सरकार की एक अत्यंत महत्वाकांक्षी परियोजना है किंतु अभी ज्यादातर स्थानों पर यह मिशन पूरी तरह निष्प्रभावी है.इसका एक बहुत बड़ा कारण इस मिशन में भयावह भ्रष्टाचार है. भ्रष्टाचार के मुख्य कारण मिशन के संचालन के लिए सही संरचना का ना होना तथा ज्यादातर स्टाफ प्रतिनियुक्ति पर अथवा संविदा से होना है. इसके साथ ही यह मिशन घर-घर तक फैला है, जिसकी सही मॉनिटरिंग के लिए निष्पक्ष उच्चस्तरीय थर्ड पार्टी की जरूरत है, लेकिन ज्यादातर मॉनिटरिंग का काम सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा अपने लोगों को दे दिया जा रहा है, जिससे मॉनिटरिंग के नाम पर लीपापोती हो रही है.यही कारण है कि हर प्रदेश में जल जीवन मिशन में भारी भ्रष्टाचार की बातें सामने आ रही है।

# डीएम की अध्यक्षता में विभिन्न योजानाओं को लेकर कलेक्ट्रेट आयोजित हुई बैठक

**बैठक में मिशन वात्सल्य के तहत जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति तथा उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष/बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ/वन स्टाप सेंटर टास्क फोर्स की समीक्षा की गयी**

कैनविज टाइम्स संवाददा

सीतापुर । कलेक्ट्रेट सभागार सीतापुर में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में मिशन वात्सल्य के तहत जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति तथा उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष/बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ/वन स्टाप सेंटर टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष बैठक के अंतर्गत सर्वप्रथम रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोष के अंतर्गत जिला संचालन समिति के स्तर पर लंबित 56 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। तदोपरांत जिला बाल कल्याण संरक्षण समिति की बैठक प्रारंभ करते हुए जिलाधिकारी महोदय के द्वारा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड-19 एवं सामान्य तथा स्पॉन्सरशिप के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निस्तारण की समीक्षा की गयी एवं बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड के अंतर्गत लंबित प्रकरणों के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त जिला प्रोबेशन अधिकारी के द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई चाइल्ड हेल्पलाइन, वन स्टाफ सेंटर के द्वारा किये गये कार्यों के संबंध में अवगत कराया गया, जिस पर जिलाधिकारी महोदय के द्वारा नैमिषारण्य में ललिता माता मंदिर पर भिक्षावृत्ति की रोकथाम तथा उसमें लिप्त बच्चों को चिन्हित करके उनके माता पिता के बारे में जानकारी हेतु निर्देश दिए गए, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना तथा एच0ई0डब्लू के अंतर्गत कर्मियों की नियुक्ति की समीक्षा, वन स्टाफ सेंटर यूनिट प्रथम व यूनिट द्वितीय की समीक्षा की गयी।इस अवसर पर माननीय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतिनिधि, संयुक्त निदेशक अभियोजन (प्रतिनिधि), क्षेत्राधिकार सदर, अध्यक्ष/सदस्य बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड (प्रतिनिधि) जिला विद्यालय निरीक्षक, सहायक श्रमायुक्त, जिला कार्यक्रम अधिकारी जिला पंचायती राज अधिकारी, जिला कौशल विकास अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई ए से संरक्षण अधिकारी, वन स्टाप सेंटर मैनेजर डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर चाइल्ड हेल्पलाइन आदि उपस्थित रहें।

# कोर्ट के आदेश पर जमीनी विवाद में प्रशासन ने की कार्रवाई

**निघासन में 49 परिवारों को बेदखल करने पहुंची टीम, ग्रामीणों का विरोध**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निघासन खीरी। निघासन क्षेत्र की तिकुनिया कोतवाली के बरसोला कलां गांव में एक पुराने जमीनी विवाद का मामला सामने आया है। प्रशासन की टीम कोर्ट के आदेश पर 49 परिवारों के मकान को हटाने के बुलडोजर लेकर पहुंची है। इसके विरोध में ग्रामीण सड़क पर धरने पर बैठ गए हैं।विवाद की जड़ 1978 में खरीदी गई एक एकड़ 09 डिसमिल जमीन है। मोहर्रम के अनुसार, उनके पिता अब्दुल करीम ने यह जमीन खरीदी थी। बाद में गांव के 49 लोगों ने इस जमीन पर कब्जा कर मकान बना लिए। अब्दुल करीम ने 1988 में एसडीएम कोर्ट में वाद दायर किया। कोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया।2007 में अब्दुल करीम की मृत्यु के बाद, उनके परिवार ने सिविल कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सिविल कोर्ट ने 2016 और 2018 में कब्जा दिलाने का आदेश दिया। मामला उच्च न्यायालय तक पहुंचा, जिसने जनवरी 2025 में सिविल न्यायालय को कब्जा दिलाने का आदेश दिया।दूसरी तरफ, कब्जेदारों का दावा है कि उन्होंने वर्षों पहले यह जमीन अब्दुल करीम से खरीदी थी। वे कहते हैं कि गांव में हुए अग्निकांड में उनके सभी कागजात जल गए। 21 मार्च 2025 को भी प्रशासन की टीम गांव में आई थी, लेकिन विरोध के कारण वापस लौटना पड़ा था।2007 में अब्दुल करीम की मृत्यु के बाद, उनके परिवार ने सिविल कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सिविल कोर्ट ने 2016 और 2018 में कब्जा दिलाने का आदेश दिया। मामला उच्च न्यायालय तक पहुंचा, जिसने जनवरी 2025 में सिविल न्यायालय को कब्जा दिलाने का आदेश दिया।दूसरी तरफ, कब्जेदारों का दावा है कि उन्होंने वर्षों पहले यह जमीन अब्दुल करीम से खरीदी थी। वे कहते हैं कि गांव में हुए अग्निकांड में उनके सभी कागजात जल गए। 21 मार्च 2025 को भी प्रशासन की टीम गांव में आई थी, लेकिन विरोध के कारण वापस लौटना पड़ा था।

# निघासन पुलिस ने दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




निघासन खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देशन में वारण्टी /वाछिंत / संदिग्ध अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी निघासन महक शर्मा के पर्यवेक्षण में एवं प्र0नि0 थाना निघासन महेश चन्द्र के मार्गदर्शन में निघासन पुलिस बल द्वारा 02 नफर वारण्टी अभियुक्तगण धीरज गुप्ता पुत्र प्रकाश गुप्ता नि0 रकेहटी थाना निघासन जनपद खीरी सम्बन्धित मु0सं0 2274/23 धारा डीपी एक्ट थाना निघासन खीरी व छोटू गुप्ता उर्फ अनुभव पुत्र प्रकाश गुप्ता निवासी रकेहटी थाना निघासन जनपद खीरी सम्बन्धित मु0सं0 2274/23 धारा ़ डीपी एक्ट थाना निघासन खीरी घर से हिरासत पुलिस में लिया गया है। वारण्टी अभियुक्तगण के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। तेजतर्रार कोतवाल महेश चंद्र के आने से अपरधियों में दहशत का माहौल है लगातार अपराध में नियंत्रण हेतु कार्यवाही की जा रही है ।

## आवारा पशु बने किसानो के लिए मुसीबत



**बांकेगंज खीरी।** ग्राम पंचायत डाटपुर रामपुर ग्रंट मे आवारा पशु किसानों के लिए एक बड़ी समस्या बन गए हैं। वे किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे किसानों को रात–दिन खेतों की रखवाली करनी पड़ती है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान होता है और उनकी मेहनत पर पानी फिर जाता है। आवारा पशु, खासकर गाय और बैल, जो लोगों द्वारा लावारिस रूप से छोड़ दिये जाते है वह खेतों में घुसकर फसलों को खा जाते हैं और रौंदते हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान होता है।किसानों को अपनी फसलों को बचाने के लिए रात–दिन एक करके खेतों की रखवाली करनी पड़ती है, जिससे उनकी नींद पूरी नहीं होती और वे थके हुए रहते हैं और साथ ही आवारा पशुओं द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाने से किसानों को आर्थिक नुकसान होता है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर असर पड़ता है।किसानों को आवारा पशुओं को भगाने के लिए खेतों में लाठी लेकर घूमना पड़ता है, जिससे उन्हें चोट लगने या किसी अप्रिय घटना का खतरा रहता है जिससे वह काफी परेशान हो चुके है।पशुओं को लेकर जब ग्राम पंचायत अधिकारी आलोक अवस्थी को अवगत कराया गया तो उन्होंने कहा आप पशुओं को पकड़वाकर गौशाला मे छुड़वा दीजिये,जबकि हकीकत यह बयान करती है कि पशुओं को गौशाला मे तो छुड़वा दिया जाता है किन्तु कुछ दिनों के उपरांत वही पशु दोवारा से सड़को पर और खेतों मे घूमते नजर आते है,यह एक सोचनीय विषय है।

## परिषदीय विद्यालयों में भी होगा पौधरोपण

**मैगलगंज खीरी।** शिक्षा विभाग में वन महोत्सव के तहत वृहद स्तर पर पौधरोपण कार्यक्रम की रूपरेखा के लिए पसगवां खंड शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार भारती के द्वारा वन क्षेत्राधिकारी को पत्र लिखकर पौधे उपलब्ध कराने की मांग की गई है। बीईओ संजीव कुमार भारती ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों में वृहद स्तर पर पौधरोपण का कार्यक्रम कराया जाएगा। वन क्षेत्रधिकारी को पत्र लिखकर लगभग 3200 के करीब पौधों की मांग की गई है जिसमें जामुन, आम, नींबू, अमरुद, कटहल, यूकेलिप्टस, पाकर, कनेर गुलमोहर मुख्य रूप से रहेंगे।

## प्रतिबंधित दवाओ कि बिक्री लगातार जारी




**मैगलगंज खीरी।** मैगलगंज क्षेत्र मे इन दिनों मेडिकल स्टोरों पर नशे कि गोलिया दुकानदार बेखौफ़ बेच रहे है। जबकि इन दबाओ की बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध है। नशे कि गोलियों का सेवन कर युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। ऐसे मे इन कारोबारियों पर जिम्मेदारो कि नजर नहीं पड रही है। मैगलगंज से औरंगाबाद तक तमाम मेडिकल स्टोर पर नशीली दबाओं कि बिक्री खूब हो रही है। क्षेत्रीय लोगो का कहना इन नशीली दबाओ पर पूरी तरह प्रतिबन्ध लगाया जाये, जिससे इसका सेवन करने बाली युवा पीढ़ी को बर्बादी के दलदल मे जाकर फसने से रोका जा सके।

## गलत दिशा से आ रहे साइकिल चालक को बचाने के चलते पलटा ट्रक

**लखीमपुर खीरी।** जनपद लखीमपुर के कोतवाली पसगवां क्षेत्र के कस्बा जंगबहादुरगंज के बाईपास के पास नेशनल हाईवे 24 पर लखनऊ से प्लास्टिक बोतल लेकर पंजाब जा रहे ट्रक संख्या यूपी 21 इ टी 0928 के सामने अचानक गलत दिशा से एक बच्चा साइकिल लेकर आ गया जिसे बचाने के चलते ट्रक बीचों बीच रोड पर पलट गया हादसे में ट्रक चालक घायल हो गया मौके पर पहुंची जे बी गंज पुलिस ने डायल 112 एंबुलेंस की मदद से सीएचसी पसगवां भिजवाया जहां से इलाज करवाकर ट्रक चालक अपने वाहन में पास आ गया है जिसके बाद क्रेन बुलाकर गाड़ी को सीधा करवा दिया गया है।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत,पति पर दहेज हत्या का आरोप

**उन्नाव।** औरास थाना क्षेत्र के नदौली गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतका की पहचान 24 वर्षीय प्रियांशी सिंह पत्नी अनुज सिंह के रूप में हुई है। मृतका के मायके वालों ने इस मौत को दहेज हत्या बताते हुए पति व उसके परिवार वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।बता दे कि प्रियांशी के पिता संजय सिंह, निवासी बारौली जहानपुर थाना हसनगंज ने बताया कि बेटी की शादी तीन वर्ष पूर्व बड़े धूमधाम से अनुज सिंह के साथ की गई थी। शादी के कुछ समय बाद ही दहेज को लेकर प्रियांशी का उत्पीड़न शुरू हो गया था।

# आरोपी होमगार्ड ने नर्सिंग छात्रा को दबोचा, किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। कॉलेज से घर लौट रही एक 16 वर्षीय किशोरी को होमगार्ड ने रास्ते में दबोच लिया और उससे दुष्कर्म किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।पूरा मामला सदर कोतवाली स्थित एक गांव की में 16 साल की छात्रा पैरामेडिकल कोर्स की इंटर्नशिप कर रही है। पीड़ित छात्रा ने बताया कि सोमवार को कॉलेज से वह घर वापस लौट रही थी। छात्रा का आरोप है कि छात्रा पैदल जा रही थी इसी दौरान नीमगांव थाने के गांव लखनियापुर निवासी होमगार्ड विजय शंकर पांडेय बाइक से आ गया।होमगार्ड विजय शंकर लखीमपुर शहर की एक यूपी 112 पीआरवी पर तैनात है। आरोप है कि आरोपी ने उसे जबरन बाइक पर बैठा लिया और एक सूनसान जगह पर ले गया और दुष्कर्म किया। घटना की अंजाम देने के बाद मौके से भाग निकला।घटना की जानकारी होने के बाद परिजन छात्रा को लेकर कोतवाली सदर पहुंचे और आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी होमगार्ड को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस छात्रा नका मेडिकल करवा रही है।

# धरती का होगा श्रृंगार, आज रोपे जाएंगे 96 लाख 75 हजार 100 पौधे, तैयारियां पूरी

**एक पेड़ माँ के नाम' थीम पर जनपद खीरी में होगा वृहद वृक्षारोपण अभियान**

**नोडल अधिकारी ने ली समीक्षा बैठक,परखी तैयारियां**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। पर्यावरण संरक्षण को समर्पित 'एक पेड़ माँ के नाम' के थीम पर वृक्षारोपण जन अभियान-2025 के तहत 09 जुलाई को जनपद खीरी में 96,75,100 पौधे रोपे जाएंगे। निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत पौधरोपण के उद्देश्य से मंगलवार शाम कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता जनपदीय नोडल अधिकारी एवं सचिव वित्त विभाग मिनिस्ती एस ने की।बैठक की अभियान की नोडल अधिकारी के जनपद आगमन पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इसके बाद नोडल ने उपस्थित अधिकारियों का परिचय प्राप्त किया और अभियान की तैयारियों की गहन समीक्षा की।बैठक की शुरुआत में डीएफओ संजय विश्वाल ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा जनपद को 96.75 लाख पौधों का लक्ष्य दिया गया है, जो एक ही दिन यानी 09 जुलाई को रोपित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि गड्ढा खुदाई, नर्सरी की तैयारी, पौध आपूर्ति, प्रजाति चयन, कंट्रोल व वार रूम की स्थापना, मॉनिटरिंग सिस्टम समेत सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।नोडल ने विभागवार अफसरों से एक-एक कर पौधरोपण अभियान के संबंध में तैयारियां जानी। इसमे सभी की सहभागिता जरूरी है। सभी को प्रयास करना होगा। एक पेड़ माँ के नाम थीम पर आयोजित महा अभियान से जन-जन को जोड़ने की आवश्यकता है। जनपदीय अधिकारी लीडरशिप लेकर सुबह से शाम तक अलर्ट रहकर पौधरोपण के लक्ष्य को पूरा कराएं। अभियान में जनप्रतिनिधियों के साथ साथ आमजन की सहभागिता सुनिश्चित कराएं। पौधा लगाना जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही उसका संरक्षण आवश्यक है। प्रत्येक वृक्षारोपण स्थल का जियो टैग किया जाए।नोडल अधिकारी ने कहा कि जन अभियान -2025 के साक्षी बनें। बैठक के दौरान अधीनस्थो को निर्देश दिए कि शासनादेश के अनुसार शतप्रतिशत वृक्षारोपण किया जाना जरूरी है और इसी के चलते सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जायें।बैठक में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने वृक्षारोपण की तैयारियों पर जनपद स्तर पर की तैयारियों एवं उसकी समीक्षा की विस्तृत जानकारी दी। जिले में पौधरोपण के लिए किए गए विशेष प्रयासों का जिक्र भी किया।

# दस करोड़ से अधिक की जीएसटी चोरी के मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा जेल

**राजधानी इंटरप्राइजेज नाम की कम्पनी से फर्जी तरीके से 10.76 करोड़ रुपये की जीएसटी की चोरी**

**पकड़े गये दोनों आरोपी गाजियाबाद के रहने वाले है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। सदर कोतवाली नगर पुलिस ने 10 करोड़ रुपये से अधिक की जीएसटी चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। आपको बता दें कि इन लोगों ने राजधानी इंटरप्राइजेज नाम की कम्पनी से फर्जी तरीके से 10.76 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी की थी। पकड़े गये आरोपी गाजियाबाद के रहने वाले हैं। पुलिस ने राज्य कर विभाग के सहायक आयुक्त की तहरीर पर 17 जून को जीएसटी चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की जांच में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने फर्जी फर्म बनाकर जीएसटी का फर्जी तरीके से रजिस्ट्रेशन कराया और भारी वित्तीय घोटाला किया। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि जीएसटी पंजीकरण के लिए फर्जी दस्तावेजों का उपयोग किया। जिसके बाद योगेश गर्ग और संजय ठाकुर ने फर्जी बिलिंग के जरिए कमीशन पर यह रैकेट चलाया था। साथ ही, पूछताछ में नीरज राणा नामक के व्यक्ति और अन्य सहयोगियों के शामिल होने की जानकारी भी सामने आई है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है, हो सकता है जल्द और भी गिरफ्तारियां।सीओ सदर अमित सिंह द्वारा जानकारी दी गई कि 17 जून को रितेश वर्नबाल सहायक आयुक्त राज्य कर विभाग खण्ड-। थाना कोतवाली नगर से जीएसटी चोरी के संबंध में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया। 7 जुलाई को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण योगेश गर्ग पुत्र स्व0 रतन लाल गर्ग निवासी 277 मालीवारा थाना सिहानी गेट जिला गाजियाबाद और संजय ठाकुर पुत्र परशुराम सिंह पता ड-16 गोल्फ लिंक डायमंड फ्लाईओवर के पास थाना वेव सिटी गाजियाबाद को थाना क्षेत्र के डिग्री कॉलेज चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है।उन्होंने बताया कि अभियुक्तों ने सर्वश्री राजधानी इंटरप्राइजेज के नाम से एक फर्म रायबरेली में रजिस्टर्ड की गई थी। उस फर्म को रजिस्टर्ड कराने के दौरान लगाये गये मोबाइल नंबर के आधार पर गहन जानकारी करके अन्य अल्टरनेट मो नंबरों को खोजा गया। विवेचना के दौरान यह भी पता लगा कि इन मो नंबरों से लिंक नंबर द्वारा अन्य फर्जी (सेल कंपनी) मनी लांड्रिग करने हेतु रजिस्टर्ड की गई है। गहन पूछताछ के दौरान यह भी पता लगा कि योगेश गर्ग के कागजात फर्जी कंपनी रजिस्टर्ड कराने में प्रयोग किये गये थे जिसमें जीएसटी का कुछ प्रतिशत पैसा इसे मिलता था। योगेश द्वारा बताया गया कि वह संजय ठाकुर के अंडर में काम करता हूँ। संजय ठाकुर ने पूछताछ में बताया कि वह नरेश राणा नाम के व्यक्ति व उनके अन्य साथियों के साथ मिलकर काम करता था। वह माल का फर्जी बिल तैयार करता था। उससे जो 18% जीएसटी बनती है उसमें से जो कमीशन उसे मिलता था उसमें से योगेश गर्ग उर्फ मोनू को भी कमीशन देता था। सीओ ने बताया कि अभियुक्तगण फर्जी सेल कंपनी बनाकर मनी लॉन्ड्रिंग करने का संगठित गिरोह चलाते थे। इस गिरोह के द्वारा लोगों को थोडे पैसे का लालच देकर उनके कागजात हासिल कर लिये जाते है और उनके नाम से फर्जी सेल कंपनी का रजिस्ट्रेशन जी0एस0टी0 विभाग में कराया जाता है और उसके बाद फर्जी बिल बनाकर यह लोग जीएसटी का 18% बचाते थे। जिसमें इस संगठित गिरोह के सदस्य अपने अपने काम व प्रभाव के आधार पर अपने प्रतिशत बाँट लेते थे।

## जेईई एडवांस्ड- 2025 में चयनित छात्र अंश सिंह को प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने किया सम्मानित



**महराजगंज,रायबरेली।** विद्यालय के छात्र अंश सिंह का जेईई एडवांस्ड- 2025 में चयनित होने पर प्रधानाचार्य राजीव सिंह द्वारा छात्र का स्वागत व सम्मान किया गयाम्छात्र ने अपने अनुभवों को विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच साझा किया तथा कहा कि सबसे पहले अपना लक्ष्य निर्धारित करे तथा उसी के सापेक्ष अपनी रणनीति तय करे जिससे सफलता मिलनी निश्चय हो जाती हैम् विद्यालय के छात्रों ने भी प्रश्न पूछकर अपने संदेह को दूर किया।प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अंश हमारे विद्यालय का होनहार छात्र रहा है ,इसकी इस उपलब्धि पर हम और हमारा विद्यालय परिवार गौरवान्वित हैम् उन्होंने ये भी कहा कि अंश विद्यालय के अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा श्रोत है उनकी इस सफलता से अन्य छात्र भी प्रेरित होंगे।

## तेज रफ्तार डंपर ने अनियंत्रित होकर बाइक सवारों को मारी टक्कर, मौत



**रायबरेली।** मिट्टी खनन करके ढुलाई कर रहे तेज रफ्तार डंपर ने अनियंत्रित होकर बाइक सवारों को टक्कर मार दी। जिसमें एक युवक की मौत हो गई है ,जबकि दो गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है ।यह हादसा कोतवाली क्षेत्र के गांव बसिया की बाग मजरे पट्टी रहस कैथव ल के पास हुई है। क्षेत्र के किसूनी का पुरवा गांव निवासी तीन युवक बाइक से कहीं जा रहे थे ।तभी सामने से आ रहे गंगा एक्सप्रेसवे में मिट्टी का खनन करने वाले तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी ।जिससे तीनों बाइक सवार मौके पर गिर गए। आसपास के लोगों ने दौड़कर उन्हें उठाया और एंबुलेंस के माध्यम से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया ।जहां पर डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया ।जबकि इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए दो युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय भेजा गया है। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में एक युवक की मौत हुई है । शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## मुहर्रम के दौरान हुआ था बवाल, तीन उपद्रवी गिरफ्तार,अन्य की तलाश जारी

नसीराबाद,रायबरेली। नसीराबाद थाना क्षेत्र के पूरे अंडी मजरे कुढ़ा गांव में मुहर्रम के जुलूस के दौरान हुए बवाल के चौथे दिन बाद पुलिस ने तीन उपद्रवियों को धर दबोचा ।साथ ही बाकी उपद्रवियों की तलाश में पुलिस टीम काम कर रही है ।माना जा रहा है कि करणी सेना समेत हिंदू संगठनों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस की सक्रियता बढी है ।शुक्रवार बीते शुक्रवार को मोहर्रम का जुलूस निकला था ।जुलूस के दौरान लोग आपत्तिजनक नारेबाजी कर रहे थे ।जहां गांव निवासी व भठ्ठा व्यवसाई भानू प्रताप तिवारी के मना करने पर उपद्रवियों ने उनके साथ मारपीट की थी ।साथ ही उपद्रवियों ने उनके भठ्ठे पर जाकर वाहनों में तोड़फोड़ की थी।भठ्ठा मालिक की तहरीर पर पुलिस ने अमेठी जिले के गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे फाजिल निवासी साजिद अली,सोनू,फूलबाबू अट्टू,अमरोज,शब्बीर,समेत 150 उपद्रवियों पर मारपीट,तोड़फोड़ करने समेत अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर उपद्रवियों की तलाश शुरू कर दी थी ।वहीं घटना के तीन दिन बीत जाने के बावजूद भी उपद्रवियों की गिरफ्तारी ना होने से करणी सेना समेत तमाम हिंदू संगठनों में पुलिस के खिलाफ रोष था ।मंगलवार को करणी सेना समेत हिंदू संगठनों ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर उपद्रवियों पर कार्यवाही की मांग की थी। जहां पुलिस ने मंगलवार को तीन अभियुक्त फूलबाबू,मजीद,लालबाबू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## उर्वरक एवं बीज दुकानों का औचक किया निरीक्षण दिये निर्देश

**उन्नाव।** जिला कृषि अधिकारी शशांक द्वारा आज को बांगरमऊ क्षेत्र में उर्वरक एवं बीज दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान उर्वरक एवं बीज दुकानों पर स्टॉक बोर्ड रेट बोर्ड वितरण रजिस्टर स्टॉक रजिस्टर कैश मेमो आदि की जांच की गई जांच में अनियमितता पाए जाने के स्थिति में कुल 6 उर्वरक एवं बीज की दुकानों का लाइसेंस निलंबित किया गया तथा 03 उर्वरक दुकान गुप्ता ट्रेडर्स, मदार नगर बांगरमऊ, बालाजी खाद भंडार मदार नगर,बांगरमऊ, अतुल कृषि सेवा केंद्र बरियागडा मोड़ बांगरमऊ का उर्वरक एवं बीज लाइसेंस निरस्त किया गया। साथी जिला कृषि अधिकारी द्वारा समस्त विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि नियमानुसार खाद एवं उर्वरक की बिक्री करें दुकान पर रेड बोर्ड स्टॉक बोर्ड कैश मेमो वितरण रजिस्टर फॉर स्टॉक अवश्य बनाएं, किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने की स्थिति में संबंधित विक्रेता के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी ।उर्वरक संबंधी किसी भी प्रकार की शिकायत हेतु कंट्रोल रूम नंबर 78398 2173 पर किसी भी कार्य दिवस में सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक दर्ज करा सकते हैं।

# विद्यालय बंद करने से होगा शिक्षा के मौलिक अधिकार का हनन: राजेश शुक्ला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रान्तीय नेतृत्व के आह्वान पर आज विकास भवन में जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला की अध्यक्षता में संगठन द्वारा विशाल धरना-प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया।धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि मनमानीपूर्ण तरीके से शिक्षा के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करके विद्यालय बंद करने का काम किया जा रहा है,आरटीई एक्ट और एसएमसी को एकदम से नजरंदाज कर दिया गया है। अध्यक्ष जिला संघर्ष समिति पंकज द्विवेदी एवं संरक्षक दान बहादुर सिंह ने कहा कि जब तक एसएमसी और अभिभावकों की भावनाओं एवं समस्याओं का संज्ञान नहीं लिया जाता तब तक हम लोग संघर्ष करेंगे।उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के माण्डलिक मंत्री जगजीवन शुक्ला और महिला अध्यक्ष गीता त्रिपाठी ने कहा कि संविधान कहता है कि बच्चों को एक किलोमीटर के अंदर प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध होनी चाहिए। जिला मंत्री मुकेश चंद्र द्विवेदी और जनपदीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि विभाग कैसे मनमानीपूर्ण तरीके से विद्यालय बंद कर सकता है।जनपदीय संयुक्त मंत्री डा चंद्र मणि बाजपेई व संघर्ष समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने कहा कि विभाग आज मनमानीपूर्ण तरीके से विद्यालय बंद करने पर आमादा है। जनपदीय उपाध्यक्ष/ऊंचाहार अध्यक्ष दिनेश सिंह और जनपदीय लेखाकार गंगा चरण भारती ने कहा कि आरटीई एक्ट कहता है कि प्रत्येक बच्चे को एक किलोमीटर के अंदर प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध होनी चाहिए। जनपदीय कोषाध्यक्ष यादवेन्द्र प्रताप सिंह और छतोह अध्यक्ष आदित्य पाण्डेय ने कहा कि विभाग अपनी मनमानी के आगे कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है। महराजगंज अध्यक्ष विनोद अवस्थी ने कहा कि विद्यालय प्रबंध समिति की अनदेखी करके आनन फानन में गुप चुप तरीके से मर्जर आदेश बांटे जा रहे हैं। खीरों अध्यक्ष नीरज हंस ने कहा कि संगठन का संघर्ष का इतिहास रहा है,संगठन इसकी भी लडाई लडेगा।जगतपुर अध्यक्ष डा संजय सिंह ने कहा कि इस उत्पीडन के खिलाफ क्रमबद्ध लडाई लडनी पडेगी। जनपदीय उपाध्यक्ष उमेश त्रिवेदी व अनुराग शुक्ला ने कहा कि विद्यालय प्रबंध समिति की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी,ग्राम प्रधान,विद्यालय प्रबंध समिति,अभिभावकों की आवाज को बुलंद किया जाएगा।इस अवसर पर हरचंदपुर अध्यक्ष अरविन्द द्विवेदी,डलमऊ अध्यक्ष योगेश सिंह,सरेनी अध्यक्ष राकेश द्विवेदी,महराजगंज अध्यक्ष विनोद अवस्थी,सलोन अध्यक्ष राजेश पाण्डेय,डीह अध्यक्ष कमलेश ओझा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# आधा दर्जन बेखौफ दबंगों ने युवक को लाठी डंडों से पीटकर किया लहूलुहान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। रतापुर चौराहे के पास आधा दर्जन बेखौफ दबंगों ने एक युवक को लोहे की रॉड और लाठी डंडों से पीटकर लहूलुहान कर दिया। घायल का जिला अस्पताल भर्ती करके उपचार चल रहा है।रायबरेली में देर रात आधा दर्जन बेखौफ दबंगों ने एक युवक को लोहे की रॉड और लाठी डंडों से बेरहमी से मारा पीटा। जिससे वह मरणासन्न की अवस्था में पहुंच गया। इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना दिनांक 7 जुलाई सोमवार की रात करीब 11 आसपास की है। यहां रायबरेली जनपद के मिल एरिया थाना क्षेत्र के रतापुर चौराहे पर आधा दर्जन दबंगों ने पैसे के लेनदेन को लेकर एक युवक को लाठी डंडों से पीट दिया। दबंग की पिटाई से युवक मरणासन हालत में पहुंच गया और घटना को अंजाम देने वाले मौके से फरार हो गए। परिजनों द्वारा गंभीर हालत में जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। जहां भर्ती कर उसका इलाज किया जा रहा है। जिला अस्पताल में तैनात चिकित्सक डॉक्टर अनुराग शुक्ला ने बताया कि घायल का नाम गौरव है। जो मारपीट के दौरान घायल अवस्था में यहां लाया गया है। उसे भर्ती करके इलाज किया जा रहा है। हालत गंभीर बनी हुई है। इस संबंध में पुलिस ने बताया है कि मामले की तहरीर प्राप्त हो चुकी है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी निकलवाए जा रहे हैं।

# राज्यमंत्री समाज कल्याण असीम अरुण ने जैतूपुर स्थित निर्माणाधीन मल्टीपर्पज हाल का किया निरीक्षण

**राज्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के दिये निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण विभाग उप्र असीम अरुण ने सदर विधायक अदिति सिंह के साथ खेलो इंडिया योजना अंतर्गत जैतूपुर स्थित निर्माणधीन मल्टीपरपज हाल का निरीक्षण किया। राज्य मंत्री ने हॉल के मॉडल का अवलोकन किया, फिर यहां हो रहे कार्यों का जायजा लिया। डायरेक्टर समाज कल्याण कुमार प्रशांत ने राज्य मंत्री को कार्य प्रगति की विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन कार्यालय कक्ष,चेंजिंग रूम, हॉल, किचन, शौचालय आदि के कार्य को देखा। मंत्री ने कार्य में समयबद्धता व गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर कार्य को तय समयसीमा में पूर्ण कराएं। उन्होंने कार्यदाई संस्था को निर्देश दिया कि कार्य गुणवत्ता के अनुसार होना चाहिए। राज्यमंत्री ने कार्य कर रहे इंजीनियरों, कर्मियों से भी वार्ता की। उन्होंने यहाँ पर ड्रेनेज, सड़क कनेक्विटी आदि की भी जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि खिलाड़ियों की सुविधा के लिए हर संभव प्रयास किया जाए। इसके उपरांत राज्य मंत्री ने सदर विधायक अदिति सिंह और जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के साथ पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में खेलो इंडिया योजना अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी से विभागीय योजनाओं के संबंध में भी जानकारी ली। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी धीरेंद्र पुरुषोत्तम, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, समाज कल्याण विभाग के कर्मचारीगण व अन्य लोगों उपस्थित रहे।

# एआरटीओ ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रायबरेली। नवागंतुक एआरटीओ ने रायबरेली में सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए सगन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें लगभग 15 अनफिट वाहनों का किया गया चालान। बिना फिटनेस स्कूली वाहन हो या फिर ओवरलोड ट्रक या डंपर बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाई चल रही गाड़ियों के चालान किए गए । भरी दुपहरिया में रोड़ों पर दिखाई दे रहे हैं आरटीओ प्रवर्तन अंबुज ने जानकारी देते हुए बताया कि लगातार रोड पर एक्सीडेंट सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक करना है । जो शिकायतें मिल रही थी की रोडो पर बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के गाड़ियां फराटे भर रही है। ओवरलोड वाहन चल रहे हैं उसी के तहत आज सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाकर लगभग 15 गाड़ियों का चालान किया गया है।

सरकार की जो मंशा है सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि न हो पाए उसमें कमी लाई जाए। उसी के तहत लोगों को जागरूक करने और बिना फिटनेस स्कूली वाहन हो ओवर लोड ट्रक डंपर बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाए चल रही गाड़ियों के चालान किए गए हैं और यह नियंत्रण जारी रहेगा। इंसेट -आने वाले भविष्य में क्या होगा एआरटीओ प्रवर्तन अंबुज ने कहा कि यह कार्रवाई जारी रहेगी। क्योंकि मैं अभी रायबरेली ज्वाइन किया है। जिससे पहले वह कानपुर नगर में थे, रायबरेली की सड़कों को भी वह समझ रहे हैं और जो भी दिक्कतें सड़क सुरक्षा को लेकर आ रही हैं उसे पर काम किया जाएगा। मेरी पहली प्राथमिकता होगी कि जो भी अनफिट गाड़ियां बिना परमिट के फराटे भर रहे हैं उन पर लगाम लगाया जाए।इंसेट - क्या है सड़क सुरक्षा के नियम 1- भारी वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट लगाएं और सुनिश्चित करें कि आपके साथ बैठे सभी यात्री भी सीट बेल्ट पहने ।2- मोटरसाइकिल या स्कूटर चलाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य है। 3- मोटरसाइकिल वहां चलाते समय गति सीमा का पालन करें गति सीमा सड़क की स्थिति और यातायात के नियम होना अनिवार्य है। 4- आगे वाले वाहन से सुरक्षित दूरी बनाए रखें ताकि आपातकालीन स्थिति में ब्रेक लगाने के लिए पर्याप्त समय मिल सके। 5- लेने बदलते समय हमेशा संकेत का उपयोग करें ताकि अन्य वाहन चालकों को आपके इशारे के बारे में पता चल सके। 6- शराब या नशीली दवाओं के प्रभाव में वाहन ना चलाएं,वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें ।7- यातायात संकेतों और सड़क का पालन करें 8- ओवरलोडिंग करते समय सावधानी बरते और सुचित करे या सुरक्षित है ।9- अपने वाहन को नियमित रूप से जांच और सुनिश्चित करें कि यह अच्छी स्थिति में है थकान होने पर वाहन न चलाएं।

# नोडल अधिकारी की अध्यक्षता में वृक्षारोपण अभियान 2025 को लेकर बैठक

**एक पेड़ मां के नाम के साथ एक पेड़ गुरु के नाम भी लगाए:नोडल अधिकारी**

**कहा रोपित पौधों की अपने बच्चों की तरह करें सुरक्षा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उप्र शासन/नोडल अधिकारी सुभाष चन्द शर्मा की अध्यक्षता में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम-2025 को सफल बनाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह सहित सम्बंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। नोडल अधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी आशुतोष जायसवाल से जनपद हेतु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष विभिन्न विभागों द्वारा पौधों के उठान एवं अन्य तैयारियों के बारे में जानकारी ली। प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि जनपद में 53 लाख का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके सापेक्ष लगभग 56 लाख पौध तैयार कर ली गई है। उन्होंने बताया कि संबंधित विभाग को लक्ष्य के सापेक्ष पौधों का उठान करने के निर्देश दे दिए गए हैं। चिन्हित स्थलों पर गड्ढे खोदने का कार्य भी कर लिया गया। नोडल अधिकारी ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर जन-जन तक यह संदेश पहुंचाएं की मां के साथ एक पौधा अपने गुरु के नाम का भी लगाए। उन्होंने कहा कि पेड़ स्वास्थ्य लाभ के साथ प्रसन्नता भी देते हैं। अतः खुशी के कार्य को पूरी तन्मयता से करें। उन्होंने बैठक में मियांवाकी पद्धति से पिछले वर्ष लगाए गए पौधों की भी जानकारी ली। कार्यक्रम में व्यापार मंडल व स्वैच्छिक संगठनों को भी शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के बाद सबसे बड़ी जिम्मेदारी उनकी सुरक्षा की है इसके लिए समय-समय पर पौधारोपण स्थलों का निरीक्षण किया जाए। किसानों को कम से कम 10 पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया जाए। जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया कि सई नदी के किनारे ऐसे गांवों और कस्बों का चिन्हांकन कर लिया जाए जहां पर अनुसूचित जाति और जनजाति के लोग रहते हैं। उन्हें भी पर्यावरण के संबंध में जागरूक किया जाए और उन्हें भी पौधे उपलब्ध कराया जाए।उन्होंने गौशालाओं में बरगद व पीपल सहित छायादार पौधों को लगाने के निर्देश दिए।जिला बेसिक शिक्षा विभाग को निर्देश दिया कि स्कूली बच्चों को ऐसे कार्यक्रम में अवश्य शामिल किया जाए। उन्हें माँ के साथ-साथ गुरु के नाम पर भी एक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया जाए। निर्देश दिया कि अटल वन, एकलव्य वन, शौर्य वन, एकता वन,आक्सी वन, गोपाल वन स्थापित कराया जाए। साथ ही अटल आवासीय विद्यालय और आश्रम पद्धति विद्यालय में भी पौधारोपण कराया जाए। उन्होंने कहा कि पौधों की अपने बच्चों की तरह देखभाल करें क्योंकि आने वाले समय में यह हमारी पीढ़ियों को स्वस्थ जीवन देंगे।इंसेट - नोडल अधिकारी ने दरियापुर और शोरा पौधशाला का किया निरीक्षणइंसेट - नोडल अधिकारी ने दरियापुर और शोरा स्थित पौधशाला का निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने नर्सरी में लगाए जाने वाले पौधों की गुणवत्ता देखी। उन्होंने पौधशाला में कार्य कर रहे कर्मचारियों से भी पौधरोपण के संबंध में चर्चा की।

# जिलाधिकारी के निर्देशन में आईजीआरएस की शिकायत के निस्तारण में जनपद का 11वां स्थान

**जनपद की निजामाबाद एवं फूलपुर तहसील को माह जून में प्रदेश में प्रथम स्थान के साथ सगड़ी को 32वां, सदर-52वां, लालगंज-58वां, बूढ़नपुर-87वां, मेंहनगर-128वां एवं मार्टिनगंज को 227वां स्थान प्राप्त हुआ है।**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। जन सुनवाई (आईजीआरएस) की शिकायत निस्तारण में जनपद-आजमगढ़ को 11वां स्थान प्राप्त हुआ। जनपद को कुल 140 के सापेक्ष 123 अंक प्राप्त हुए। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार के निर्देशन में एक बार फिर जनपद ने शासन की प्राथमिकता वाली समन्वित जन शिकायत निवारण प्रणाली (आई0जी0आर0एस0) पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण में जनपद को 11वां स्थान जून में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण करने पर प्राप्त हुआ है। आई0जी0आर0एस0 प्रणाली के अन्तर्गत जन सुनवाई पोर्टल शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शुमार है। जनसामान्य द्वारा की जान वाली समस्त शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से शुरू किये गये इस कार्यक्रम में जनपद माह जून में प्रदेश के समस्त जिलो में 11वां स्थान पर रहा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा शिकायतो के डिफाल्टर प्राप्त होने पर सम्बन्धित अधिकारियों के अफसरो को कड़े निर्देश के साथ वेतन रोकने व प्रतिकूल प्रविष्टि देने के भी आदेश दिये। जिलाधिकारी द्वारा प्रतिदिन जन सुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की जा रही है। जनपद में प्रत्येक कार्य दिवस जनता दर्शन आयोजित किया जाता है। जिलाधिकारी द्वारा जन शिकायतों के निस्तारणमें शत प्रतिशत शिकायत कर्ताओं से वार्ता किये जाने एवं फीडबैक लिये जाने के निर्देश समस्त कार्यालयाध्यक्ष को पूर्व में दिये गये है। जनपद की निजामाबाद एवं फूलपुर तहसील को माह जून में प्रदेश में प्रथम स्थान के साथ सगड़ी को 32वां, सदर-52वां, लालगंज-58वां, बूढ़नपुर-87वां, मेंहनगर-128वां एवं मार्टिनगंज को 227वां स्थान प्राप्त हुआ है।

# चिकित्सक व फार्मासिस्ट नदारद,वार्ड आया के सहारे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विद्यानगर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले क़े विकासखंड मनकापुर मोतीगंज विद्यानगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्था ओं का बोलबाला है।आलम यह है कि मरीजों को भगवान भरोसे छोड़ दिया जाता है और आए दिन चिकित्सक नदारद रहते हैं।वहीं फार्मासिस्ट और स्टाफ नर्स भी गायब रहने लगे हैं इससे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचने वाले मरीजों को निजी चिकित्सकों के यहां रुख करना पड़ रहा है।सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की पड़ताल में अव्यवस्था की पोल खुल गई।सात जुलाई सोमवार सुबह लगभग साढ़े 11 बजे चिकित्सक जेपी सिंह की कुर्सी खाली थी।वहीं फार्मासिस्ट हेमंत सिंह भी की कुर्सी पर भी कोई नहीं था।उनके टेबल पर विभिन्न दवाइयां रखी मिलीं।पूरे पीएचसी परिसर में सिर्फ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी साक्षी और दो महिला ही मौजूद मिली उसके पांच मिनट बाद वार्ड आया साक्षी ने फार्मासिस्ट हेमंत सिंह को अपने मोबाइल फोन से फोन करके बात कराई तो फार्मासिस्ट हेमंत सिंह ने बताया कि विद्यानगर पीएचसी में डॉक्टर सिर्फ तीन दिन सोमवार,बृहस्पतिवार,और शनिवार के लिए सिर्फ आते हैं।जानकारी करने पर फार्मासिस्ट के संबंध में कुछ भी जान कारी होने से इ न्क ा र किया।पीएचसी में इलाज के उम्मीद से पहुंचे मरीज भटकते नजर आए।वही ग्रामीणों का आरोप है कि विधानगर पीएच सी में अक्सर चिकित्सक और फार्मासिस्ट नदा रद रहते हैं।जिसके चलते मरीजों को बिना इला ज के वापस जाना पड़ता है।उन्होंने बताया कि वह इलाज के लिए पीएचसी गए थे और सभी नदारद मिले थे।आज भी वही हालात हैं।अब पीएचसी में चिकित्सक के न आने से मरीज निजी चिकित्सकों का सहारा ले रहे हैं।शासन प्रशासन के सबको निःशुल्क इलाज की सुविधा दिए जाने के वादे पीएचसी विद्यानगर मुंह चिढा ते दिखाई दे रहा है।जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विद्यानगर मोतीगंज में यहां की स्वास्थ्य सुविधाएं आसानी से देखा जा सकती हैं।वजह यह कि डॉक्टर और फार्मासिस्ट की लापरवाही होने की वजह से यहाँ आने वाले मरीजों का इलाज स्टाफ नर्स और वार्ड आया के भरोसे चल रहा है।इस अस्पताल में पिछलेकई दिनों से फार्मासिस्ट और डॉक्टर आए दिन गायब रहते हैं।सर्दी,जुकाम,बुखार जैसी बीमारि यों का इलाज तो स्टाफ नर्स के भरोसे चल रहा है लेकिन किसी आपातकालीन स्थिति से निपट ने के लिए यहां कोई भी डॉक्टर मौजूद नहीं रह ता है।पीएचसी में मरीजों का इलाज कम और रेफर ज्यादा किया जाता है।चिकित्सकों के अभाव में मरीज आसपास के झोला छाप डाक्टर या प्राइवेट नर्सिंग होम की तरफ इलाज करने के लिए रूख कर रहे हैं।इस अस्पताल में स्टाफ नर्स है और वार्ड आया भी है।

सिर्फ सफाई कर्मचारी की तैनाती नहीं है।महिलाओं को प्रसव संबंधी समस्याएं होने पर उन्हें या तो जिला मुख्यालय अस्पताल की ओर रुख करना पड़ता है या फिर आसपास के किसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की शरण लेनी पड़ती है।स्टाफ नर्स व वार्ड आया इन दो कर्मचारियों के सहारे मरीज का इलाज किया जा रहा है। आस पास के दर्जनों गांव के मरीजों की निर्भरता इस पीएचसी पर होने की वजह से उन्हें इलाज को लेकर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।वही डॉक्टर और फार्मासिस्ट के पीएचसी से गायब रहने की जानकारी मुख्य चिकित्सा अधि कारी डॉ.रश्मि वर्मा से ली गई तो उन्होंने बताया कि जांच करवाकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# गोंडा पहुंचे ब्रजेश पाठक ने राजा कुंवर आनंद सिंह को दी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले क़े पूर्व सांसद पूर्व मंत्री और मनकापुर स्टेट के राजा कुंवर आनंद सिंह के निधन के दूसरे दिन मंगलवार को प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक मनकापुर पहुंचे और राज महल पहुंचकर यूपी टाइगर दिवंगत पूर्व मंत्री को श्रद्धांजलि दी।डिप्टी सीएम के सा थ बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने भी पूर्व मंत्री कुंवर आनंद सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे नमन किया।कुंवर आनंद सिंह के निध न पर शोक प्रकट करते हुए डिप्टी सीएम ने इसे राजनीति को लिए अपूर्णनीय क्षति बताया है। प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक सुबह 11 बजे राजकीय हेलीकॉप्टर से मनकापुर के आर पी इंटर कालेज ग्राउंड पर उतरे।यहां से वह सीधे मनकापुर कोट पहुंचे जहां उन्होंने कुंवर आनंद सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।इसके बाद उन्होने केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह से भेंटकर उन्हे ढाढ़स बंधाया।इस दौरान उनके साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, विधायक रमापति शास्त्री,प्रेम नरायन पांडेय समेत कई जन प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।बतातेहै कि चार बार सांसद व प्रदेश के कृषि मंत्री रहे मनकापुर स्टेट के राजा कुंवर आनंद सिंह का रविवार रात निधन हो गया था??।सोमवार को मनकापुर के मनोरमा घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

# श्रमदान से मनोरमा नदी को जीवन दान देने पहुंचे युवा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। योगी सरकार पारंपरिक नदियों के संरक्ष ण और पुनर्जीवन हेतु चलाए जा रहे राज्यव्या पी अभियान को गोंडा में एक नई गति मिली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश में मनो रमा नदी के पुनर्जीवन अभियान की विधिवत शुरुआत जिलाधिकारी नेहा शर्मा के नेतृत्व में ब्लॉक इटियाथोक अंतर्गत सिसई बहलोलपुर गांव से हुई।यह महज एक प्रशासनिक अभि यान नहीं,बल्कि जनसामान्य की आस्था, संस्कृ ति और पर्यावरणीय चेतना से जुड़ा पुनरुत्थान है।

## दो सौ से अधिक लोगों ने दिया श्रमदान

पंडरी कृपाल,इटियाथोक,रुपईडीह एवं मुजेहना ब्लॉकों से आए ग्रामीणों,युवाओं,ग्राम प्रधानों, स्वयंसेवी संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों सहित दो सौ से अधिक लोगों ने इस अवसर पर श्रम दान कर इस पहल को जन आंदोलन का स्वरू प प्रदान किया।जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने श्रम दान कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा,मनो रमा नदी केवल एक जल स्रोत नहीं,बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक स्मृति,परंपरा और प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व का प्रतीक है।इसका पुन जीवन जनपद वासियों के स्वाभिमान से जुड़ा हुआ है और यह कार्य प्रशासन व जनमानस की साझी जिम्मेदारी है।''इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन समेत अन्य व रिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।नदी के पुनर्जीव न के लिए बहुस्तरीय और बहुआयामी कार्य यो जना बनाई गई है।गोण्डा-बलरामपुर रोड से ले कर ताड़ी लाल गांव तक नदी की गाद और अतिक्रमण को हटाकर जलधारा को पुन प्रवाहित किया जाएगा। इसके लिए जेसीबी और पोक लैंड मशीनों से सफाई कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।साथ ही नदी के दोनों किनारों पर पीप ल,नीम और पाकड़ जैसी देशी प्रजातियों के वृक्षों का रोपण कर हरियाली और जैव विवि धता को पुनर्स्थापित करने की योजना है।वन विभाग को वृक्षारोपण की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि सिंचाई विभाग को नदी के प्रवाह पथ और संरचना का तकनीकी आकलन करने का दायित्व सौंपा गया है।योजना के सफल क्रिया न्वयन के लिए विभागीय समन्वय की ठोस व्य वस्था सुनिश्चित की गई है।

## पहली बार योगी सरकार ने ली सुध

मनोरमा नदी का ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व अत्यंत समृद्ध रहा है।लगभग 115 कि लोमीटर लंबी यह नदी गोंडा जनपद के तिर्रे ताल से निकलकर बस्ती जिले के महुली क्षेत्र में कुआनों नदी से मिलती है।इसका उल्लेख पुरा णों में महर्षि उद्दालक की पुत्री मनोरमा के नाम से मिलता है और यह मखौड़ा धाम के समीप बहती हुई धार्मिक आस्था का केंद्र रही है।बीते वर्षों में इसके अस्तित्व पर संकट उत्पन्न हो ग या था,किन्तु अब पुनर्जीवन की इस पहल ने गोंडा की धरती को एक बार फिर सांस्कृतिक चेतना और पर्यावरणीय सशक्तिकरण का केंद्र बनाने की दिशा में अग्रसर कर दिया है।

# विद्यालय बंद व शिक्षकों की समस्याओं को लेकर शिक्षकों का विरोध तेज

**मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन जताया विरोध, संघर्ष का अहवान**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। जहां उत्तर प्रदेश में प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के पेयरिंग और मर्जर की प्रक्रिया को लेकर शिक्षकों में तीव्र नाराजगी है। शिक्षकों ने इस निर्णय को छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बताते हुए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर इसे तत्काल प्रभाव से रोकने की मांग की है।आपको बताते चलें कि जिला अध्यक्ष सुजीत पांडेय ने बताया कि शासन के निर्देश पर 150 से कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक और 100 से कम छात्र संख्या वाले उच्च प्राथमिक विद्यालयों को बंद किया जा रहा है। इससे हजारों प्रधानाध्यापकों को सरप्लस घोषित किया गया है और हजारों रसोइयों की सेवा भी समाप्त हो जाएगी। उन्होंने बताया कि 30 जून को प्रदेश के सभी 822 ब्लॉकों में शिक्षकों, अभिभावकों और ग्राम प्रधानों की संयुक्त बैठकों में इस निर्णय का विरोध किया गया और प्रस्ताव पारित कर विद्यालय बंदी रोकने की मांग की गई। ज्ञापन में शिक्षकों की 10 प्रमुख मांगें रखी गई हैं, जिनमें 2005 के बाद नियुक्त शिक्षकों के लिए पुरानी पेंशन बहाली, विद्यालयों का मर्जर रोकना, सभी विद्यालयों में प्रधानाध्यापक की नियुक्ति, कैशलेस इलाज सुविधा, चयन वेतनमान, सभी प्रकार के अवकाश की सुविधा, ग्रीष्मकालीन सत्र में समय निर्धारण, बीएलओ ड्यूटी से मुक्ति, आकांक्षी जनपदों में स्थानांतरण और मृतक शिक्षकों के योग्य आश्रितों को नियुक्ति देकर प्रशिक्षण की सुविधा शामिल हैं। शिक्षकों का कहना है कि बार-बार ज्ञापन देने और धरना प्रदर्शन करने के बावजूद सरकार उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रही है। अब जब विद्यालय बंद करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, तो यह न केवल शिक्षा व्यवस्था को प्रभावित करेगा, बल्कि हजारों परिवारों की आजीविका भी संकट में आ जाएगी। शिक्षकों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र सकारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो पूरे प्रदेश में आंदोलन तेज किया जाएगा।

# डीएम नेहा शर्मा ने गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर सख्ती दिखाई,बीएसए का वेतन रोका

**मान्यता विहीन विद्यालयों के संचालन पर रोक नहीं लगाने पर डीएम ने उठाया सख्त कदम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जनपद में संचालित गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई न होने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को कड़ा नोटिस जारी किया है।

इस क्रम में उन्होंने तत्काल प्रभाव से बीएसए का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोकने के निर्देश भी दिए हैं। जिलाधिकारी कार्यालय से जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि पूर्व में स्पष्ट निर्देश देने के बावजूद मान्यता विहीन विद्यालयों के संचालन पर रोक नहीं लगाई गई है, जिससे यह प्रतीत होता है कि विभागीय स्तर पर लापरवाही या स्वार्थवश संरक्षण की स्थिति उत्पन्न हो रही है।जिलाधिकारी ने दो दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने को कहा है और चेतावनी दी है कि यदि तत्काल प्रभाव से ऐसे विद्यालयों की बंदी और उनके संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई तो जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ कड़ी प्रशास निक कार्रवाई की जाएगी।मुख्य कोषाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि वे बीएसए का वेतन अग्रिम आदेशों तक स्थगित रखें।

# खनन विभाग की कार्यवाही से मचा हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**उन्नाव।** खनन विभाग बड़ी कार्रवाई करते हुए खनन निरीक्षक प्रांजुल सिंह ने कड़ी मेहनत करते हुए बिना परमिट, परमिट से अधिक खनिज ढो रहें वाहनों पर करवाई किया सात डंपरों पर हुई कार्यवाही, तथा तीन किये गये सीज़ करते हुए चार डंपर का किया ऑनलाइन चालान लगभग तीन लाख 70 हजार रुपये का वसूला गया राजस्व।लखनऊ कानपुर हाईवे समय अन्य मार्गो पर दौड़ रहे वाहनों पर कार्रवाई।

# डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने गोंडा सीएमओ को लगाई फटकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले के मनकापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य विभाग की मंडलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने पहली बार बंद कमरे के बजाय खुले में बैठक की है।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने मंगलवार को मनकापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया।उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से वहां मिल रही दवाओं व अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान बेड पर बिछे चादर के रंग को लेकर डिप्टी सीएम ने नाराजगी जताई।इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र में कई खामियां मिली।मरीजों ने बाहर से दवा लिखने और निजी पैथालॉजी से जांच कराए जाने की शिकायत की।इस पर डिप्टी सीएम ने नाराजगी जाहिर करते हुए सीएमओ डॉ.रश्मि वर्मा को फटकार लगाते हुए कहा कि कोई डॉ.दवाइयां बाहर से न लिखें। अस्पताल में दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रखा जाए।बैठक में उन्होने सीएमओ से मरीजों के बेड पर बिछाई गयी चादर के रंग को लेकर सवाल किया तो वह इसकी जानकारी नहीं दे सकी।

डिप्टी सीएम ने पूछा कि शासनादेश पढ़ा है तो सीएमओ चुप रहीं जवाब नहीं दे पाई।दरअसल मंगलवार को डिप्टी सीएम के निरी क्षण के दौरान अस्पताल में बेड पर नीले रंग की चादर बिछाई गयी थी जबकि शासनादेश के मुताबिक मंगलवार को ऑरेंज कलर की चादर बिछाने का निर्देश है।शासनादेश की जानकारी न होने से नाराज डिप्टी सीएम ने सीएमओ को नोटिस जारी करने का आदेश दिया है।डिप्टी सीएम ने सीएमओ व सभी एसीएमओ को निर्देश दिया कि वह लगातार भ्रमणशील रहें और सप्ताह में 4-5 अस्पतालों का निरीक्षण करें।उन्होने अस्पताल के नोडल अधिकारियों को एम्बुलेंस के ड्राइवर व ख्वद्व के द्वारा लाकर भर्ती कराए गए मरीजो को क्रॉस चेक करने का निर्देश भी दिया।वही मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य भी दैनिक ऑपरेशन की संख्या नहीं बता पाए।डिप्टी सीएम ने स्पष्ट किया कि हर डॉक्टर को प्रतिदिन कम से कम पांच ऑपरेशन करने होंगे।उन्होंने चेतावनी दी कि मरीजों को बाजार से दवाएं खरीदने की नौबत नहीं आनी चाहिए।प्रदेश में धन की कमी नहीं है।

डिप्टी सीएम ने गोंडा के डीएम को लाप रवाह अधिकारियों को चिहि्नत कर कार्रवाई के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि यदि मरीजों को बाजार से दवाएं खरीदनी पड़ीं तो जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।बॉक्स सभी धर्म का करते हैं सम्मान,ब्रजेश पाठकडिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने धीरेंद्र शास्त्री के बयान को लेकर कहां की हम सभी का सम्मान करते हैं सभी के धार्मिक कार्यक्रम विधिवत सकुशल संपन्न हो यह सरकार की जिम्मेदारी है।किसी भी धर्म के व्यक्ति का कोई भी मान सम्मान को ठेस पहुंचे सबको हम साथ लेकर के चलेंगे।अभी जो कावड़ यात्रा चल रही है सनातन धर्म मानने वालों को कोई दिक्कत ना हो कांवड़ यात्रा के दौरान कहीं कोई समस्या ना आए और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सरकार पूरी तरीके से सतर्क होकर के काम कर रही है।बॉक्सभ्रष्टाचार नहीं होगा बर्दाश्त, डिप्टी सीएम वहीं,डिप्टी सीएम के पद को लेकर अखिलेश यादव द्वारा आजमगढ़ में दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के मुखिया को पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए।

जब उनकी सरकार थी तब गुंडई,चोरी अराजकता जिस तरीके से लूट का घासोट मची हुई थी बुरी तरीके से सपा के लोग मकान और प्लाट पर कब्जा कर रहे थे व्यापारियों से चौंध वसूली कर रहे थे अब यूपी में कानून व्यवस्था सबसे ठीक है प्रत्येक व्यक्ति की आय बढ़ी है। पूरे राष्ट्र में यूपी नंबर वन का राज्य बनेगा।जो डॉक्टर और कर्मचारी लापरवाही कर रहे हैं उनको हम लोग चिन्हित करके लगातार कार्र वाई भी कर रहे हैं।किसी भी प्रकार का भ्रष्टा चार पूरे प्रदेश में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# कलेक्ट्रेट में सम्मानित हुए गोल्ड मेडल विजेता भूपेंन्द्र प्रताप सिंह



बहराइच । मथुरा के बीएसए कॉलेज में विगत शुक्रवार को सम्पन्न हुई 27वीं प्री-यूपी स्टेट शूटिंग चौम्पियनशिप की 10 मी. एअर राइफल स्पर्धा में जनपद के भूपेंद्र प्रताप सिंह ''सजल'' को गोल्ड मेडल जीतने पर कलेक्ट्रेट कक्ष में विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह व मुख्य विकास अधिकारी मकेश चन्द्र द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं गोल्ड मेडल पहनाकर भूपेंद्र प्रताप सिंह को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीएम व एसपी ने कहा कि श्री सिंह के गोल्ड मेडल जीतने से आकांक्षी जनपद के युवा खिलाड़ी प्रोत्साहित होंगे। इस अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त निशानेबाज़ एवं भारतीय खेल प्राधिकरण के प्रमाणित कोच तथा अभिमन्यु स्पोर्ट्स शूटिंग अकादमी के प्रबन्धक अनिल कुमार पाल, राष्ट्रीय निशानेबाज गगनदीप सिंह, क्षेत्र पंचायत प्रमुख प्रतिनिधि तजवापुर रमाकर पाण्डेय, मोनू सिंह व अवधेश कुमार सिंह मौजूद रहे।

# अभियान संचालित कर गांव-गांव रोपित किये जायेगें हरिशंकरी पौध

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । जियो टैगिंग व हरितिमा ऐप के क्रियान्वयन तथा जनपद के सभी ग्रामों हरीशंकरी पौध, प्राकृतिक खेती, प्राकृतिक जलस्रोतों के जीणीद्धार तथा शहरी क्षेत्रों में अपशिष्ट प्रबन्धन के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से प्राकृतिक खेती, पर्यावरण संरक्षण तथा प्राकृतिक जलस्रोतो के संरक्षण के लिए क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्था लोक भारती टीम के पदाधिकारी व सदस्य तथा सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।बैठक के दौरान लोक भारती टीम के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बृजेन्द्र पाल सिंह ने हरीशंकरी पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि एक ही खड में पीपल, बरगद व पाकड़ का पौधा एक साथ रोपित करने से एक ही स्थान पर बहुत विशाल छायादार वट वृक्ष तैयार होगा जो लम्बे अन्तराल तक ग्रामवासियों को ठंडी छांव के साथ-साथ जीवनदायनी आक्सीजन प्रदान करता रहेगा।

श्री सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति में हरीशंकरी पौध का अध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्व होने के साथ-साथ आक्सीजन का उत्सर्जन करने के कारण जनस्वास्थ्य के दृष्टि से भी यह पौध अत्यन्त उपयोगी हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रत्येक ग्राम में कम से कम एक स्थान पर हरीशंकरी पौध का रोपण अवश्य किया जाय। बैठक में निर्णय लिया गया कि 31 जुलाई को जनचेतना के साथ जिले की सभी ग्राम पंचायतों में समारोहपूर्वक हरीशंकरी पौध रोपण किया जायेगा।राष्ट्रीय सहसंगठन मंत्री गोपाल उपाध्याय ने बताया कि जनपद में विषमुक्त प्राकृतिक खेती की अपार संभावना है। उन्होंने कहा कि कृषि प्रधान जनपद बहराइच के विकास खण्ड तजवापुर अन्तर्गत सभी ग्रामों में विभिन्न स्वयं सेवी संगठनों तथा प्राकृतिक खेती करने वाले प्रगतिशील किसानों के सहयोग से प्राकृतिक खेती के लिए किसानों को प्रेरित किया जा रहा है।

प्राकृतिक खेती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्री उपाध्याय ने बताया कि अधिक उपज प्राप्त करने के लिए रासायनिक उर्वरक के प्रयोग से जहां उत्पादित होने वाले अन्न मानव शरीर के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहे हैं वहीं भूमि की उर्वरा शक्ति भी झीण हो रही है। उन्होंने कहा कि गौआधारित प्राकृतिक खेती ईको फ्रेंडली होने के साथ-साथ भूमि की उर्वरा शक्ति को भी बढ़ाने में उपयोगी है।संगठन की उपाध्यक्ष मोनिका भोनवाल ने नगरीय क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण के लिए गीले कूड़े के सुरक्षित निस्तारण के सम्बन्ध में उपयोगी सुझाव देते हुए कहा कि नगरवासी अपशिष्ट प्रबन्धन से तैयार की गई जैविक खाद का उपयोग गृह वाटिका में कर सकते हैं। इस सम्बन्ध में नगर पालिका परिषद बहराइच की ईओ प्रमिता सिंह ने बताया कि नगर के 05 वार्डो शखैयापुरा, मेवातीपुरा, बड़ीहाट, खत्रीपुरा व अकबरपुरा में लोगों को गीले कूड़े से कम्पोस्ट खाद तैयार करने का प्रशिक्षण दिलाया गया है।डीएम मोनिका रानी ने कहा कि मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का विज़न है कि गांव गांव में हरीशंकरी पौधरोपण हो तथा एक जनपद एक नदी का पुनरूद्धार किया जाय। उन्होंने कहा कि ऐसी बैठकों के आयोजन सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में सहयोग मिलता है तथा आमजन में चेतना का विस्तार होता है। बैठक के दौरान डीएफओ बहराइच राम सिंह यादव ने जियो टैगिंग व हरितिमा ऐप क्रियान्वयन के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल, डीडीओ राज कुमार सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## सपा नेता किया पौधारोपण



**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकासखंड की ग्राम पंचायत भैरो कला में समाजवादी पार्टी के जिला सचिव द्वारा पौधारोपण अभियान चलाया गया हैं। जिसमें ब्रहमपाल सिंह यादवराष्ट्रीय अध्यक्ष जन कल्याण सुरक्षा संघ, शेखर यादव जिला सचिव,मयंक यादव जिला मीडिया प्रभारी,नेवा राम, महाराज,गोपाल यादव,अमर सिंह यादव,राजेंद्र यादव,राम सेवक यादव,सोनू यादव,जमुना प्रसाद,दशरथ गौतम,अनिल यादव,पंकज यादव,मोहित यादव,शुभनीत यादव,विनय मौर्या,प्रशांत यादव,रोहित यादव,आकाश सहित दर्जनों पदाधिकारी और कार्यकर्ता में उपस्थित रहे है।

## नगर में किराना स्टोर के पास सड़क हादसे में घायल युवक को लखनऊ ले जाने के दौरान मौत

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** घुंघचाई थाना क्षेत्र गांव मटैना कॉलोनी नंबर 1 के रहने वाले पप्पू पुत्र बाबूलाल उम्र 45 वर्ष 29-06-2025 को खेत में सोयाबीन की फसल लगाकर घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही वह पूरनपुर नगर की एक किराना स्टोर के पास पहुंचे तभी उनकी बाइक में दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी थी। हादसे में पप्पू गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिनको सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया था। हालत में सुधार न होने पर परिजन बरेली के एक निजी अस्पताल में उपचार करवा रहे थे। वरेली से लखनऊ रेफर किया परिजन उनको एमबुलेंस से ले जा रहे थे। बताया जा रहा है कि मंगलवार दोपहर लगभग 2:30 पर लखनऊ ले जाने के दौरान रास्ते में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## तहसील में भाकियू ने शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन भानू ने मंगलवार दोपहर 12 बजे से तहसील प्रशासन पर भ्रष्टाचार सहित कई आरोप लगाते हुए। तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। भाकियू मीडिया प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया की तहसील में बिना रिश्वत के कोई भी कार्य नहीं होता। किसानों एवं ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर कई बार शिकायतें की गई। पर आज तक उसको गंभीरता से नहीं लिया गया। जिसकी वजह से लोग परेशान हैं। ऐसी कई समस्याओं को लेकर तहसील परिसर में भाकियू धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

## फैसले के बाद भी लाठी डंडों से पिटाई, मामले में पुलिस से की शिकायत

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव धनेगा के रहने वाले सामिर ने मंगलवार सुबह 11 बजे जानकारी देते हुए बताया कि गांव के रहने वाले युवक से विवाद हो गया था और उस मामले में फैसला भी हो गया था। आरोप है कि सात जुलाई को उक्त लोगों ने पुराने विवाद में रंजिश मानते हुए उसको घेर लिया और लाठी डंडो से पिटाई कर दी। घायल युवक ने बताया कि उसका भाई मेला देखने गया था वह उसको लेने जा रहा था। तभी रास्ते में घेरकर उसकी पिटाई कर दी। पीड़ित युवक ने मामले में पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

## घुघंचाई चौराहे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार प्रधानपति सहित दो लोग घायल, अस्पताल में भर्ती

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील क्षेत्र के गांव लालपुर के रहने वाले प्रधानपति रामकिशोर अपने नाती अमित के साथ रिस्तेदारी से घर बापस लौट रहे थे। मंगलवार दोपहर लगभग तीन बजे जैसे ही घुघंचाई चौराहे पर पहुंचे तभी किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। घायलों को राहगीरों ने 108 एबुलेंस से अस्पताल भिजवाया गया। जहां डॉक्टर के द्वारा घायलों का उपचार किया जा रहा है।

## चेयरमैन पूरनपुर ने अपनी माँ के साथ किया वृक्षारोपण दिया पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान



**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ''एक पेड़ अपनी माँ के नाम'' वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत पूरनपुर चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने अपनी माँ शकुंतला देवी के साथ गाँधी पार्क पूरनपुर में नगर पालिका परिषद पूरनपुर के बैनर तले वृक्षारोपण किया।ऐसा करके उन्होंने ''एक पेड़ माँ के नाम'' शीर्षक को ना केवल सार्थक किया बल्कि जनता को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने और अधिक से अधिक पेड़ लगवाने का सन्देश दिया।

## तेज रफ्तार बोलेरो ने ट्रक ड्राइवर को मारी टक्कर हुई मौत

पीलीभीत। अमरिया थाना क्षेत्र के गांव मुडलिया गौसू के रहने वाले शमशाद पुत्र मुस्ताक उम्र 35 ट्रक चलाते थे। ट्रक में मोरिंग लेकर लखीमपुर की तरफ जा रहे थे। मंगलवार की सुबह लगभग 3:30 कजरी के पास एक ढाबे पर ट्रक रोक कर टायर चेक कर रहे थे। हेल्पर शाहेद ने बताया कि खुटार साइड से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ठ्ठ 43 ग 9091 ने टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक चालक शमशाद गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवक को डायल 112 पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने ट्रक चालक को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतक की एक सात वर्षीय पुत्री है। हादसे में मासूम बच्ची के सर से पिता का साया उठ गया। सूचना पर पहुंची सेहरामऊ पुलिस ने मृतक ट्रक चालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# मंत्री प्रतिनिधि ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल ने अमरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर उपस्थित जन सामान्य से चर्चा कर उनको मिल रही सेवाओं की गुणवत्ता के बारे में जानकारी की। केंद्र में प्रदत्त की जा रही एक्स रे, पैथोलॉजी, होमियोपैथी, डेंटल, आकस्मिक सुविधाओं, टी यू बी दवाओं, आयुष्मान कार्ड सेंटर, ऑपरेशन थियेटर आदि सेवाओं का स्थलीय मुआयना कर साफ सफाई को बेहतर करने समेत अनेक आवश्यक सुझाव दिए। बिजली ना होने पर एक्स रे ना हो पाने, आशाओं द्वारा डिलीवरी के समय कमीशन के लालच में निजी अस्पतालों को मरीजों को भेजने, कुछ मामलों में कर्मचारियों द्वारा मरीजों से पैसे लिए जाने की शिकायतें प्रकाश में आईं जिन पर शिकायकर्ताओं से इसे लिखित में देने हेतु कहा गया और संबंधित कर्मचारियों से इस पर तत्काल ध्यान देने और अपने आचरण को शासन की नीतियों के अनुरूप ढालने हेतु खा गया तथा सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शासन की मंशा के अनुसार समाज के अंतिम व्यक्ति तक सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान मझोला के पूर्व चेयरमैन अजय गोयल जी, मंडल उपाध्यक्ष आशीष गुप्ता, कौशल गुप्ता, रवि गुप्ता, युवा व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष हिमांशु गुप्ता, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष फहमीद हुसैन समेत भारतीय जनता पार्टी के अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता साथ रहे।

## पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए दस लाख पौधे लगाएंगे बच्चे हरियाली के लिए सीआईओ की पहल

पीलीभीत। चिल्ड्रन इस्लामिक ऑर्गनाइजेशन का अभियान शहर को हरा भरा रखने के लिए अब बच्चे भी भागीदार बनेंगे। चिल्ड्रन इस्लामिक ऑर्गनाइजेशन मिट्टी में हाथ, दिल वतन के साथ अभियान के तहत देशभर में दस लाख पौधे लगाएगा। एक माह के इस कार्यक्रम में बच्चे अपने स्कूल, मदरसों, मस्जिदों, पड़ोस के पार्कों और अपने घरों के सामने भी पौधे लगाएंगे। जमाअते इस्लामी के राजधानी स्थित मुख्यालय में सीआईओ ने अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि कार्यक्रम 25 जून से 26 जुलाई के बीच रहेगा। देश भर में दस लाख पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए बच्चों को प्रेरित किया जाएगा पृथ्वी गर्म हो रही है, पेड़ बहुत कम बचे हैं और वायु की गुणवत्ता खराब हो रही है। वन लुप्त हो रहे हैं प्रत्येक बच्चे को अपने पौधे का नाम रखने, एक मित्र की तरह उसकी देखभाल करने तथा चित्र, शिल्प, कविता आदि के माध्यम से अपने अनुभव को दर्ज करने के लिए प्रोत्साहित किया सीआईओ सरकारी विभागों के साथ मिलकर स्वस्थ पौधे उपलब्ध कराने, उपयुक्त रोपण स्थानों की पहचान करने, पौधों और जानवरों के बारे में शैक्षिक संसाधन प्रदान करने और हरित क्षेत्रों की रक्षा करने के लिए सक्रिय रूप से सहयोग कर रहा है।

# आईजीआरएस निस्तारण में अमरिया तहसील प्रदेश में नंबर वन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। आईजीआरएस निस्तारण में पूरे प्रदेश की 351 तहसीलों में अमरिया तहसील को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ जिससे पूरे क्षेत्र के निवासियों को गर्व का अवसर प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि करने प्राप्त करने में अनथक परिश्रम करने वाले उपजिलाधिकारी अमरिया मयंक गोस्वामी और बृजेश गंगवार तहसील अध्यक्ष लेखपाल संघ, महेंद्र पाल सिंह तहसील अध्यक्ष राजस्व निरीक्षक संघ राजस्व लिपिक लालता प्रसाद और उनकी तहसील टीम का राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल के नेतृत्व में क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने माल्यार्पण कर सम्मानित किया और शाल ओढाकर अभिनंदन किया तथा खाटू वाले श्याम प्रभु की प्रतिमा भेंट कर उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य की सराहना की। इस अवसर पर मझोला में पूर्व चेयरमैन अजय गोयल ने उपजिलाधिकारी अमरिया की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में तहसील में जनता की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जा रहा है वहीं जनहित के कार्यो को गति मिली है जिससे जनसामान्य में शासन के प्रति सकारात्मक धारणा बनी है और लोगों का विश्वास बढ़ा है। जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल ने कहा कि हमको अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों की सराहना करके उनका मनोबल बढ़ाना चाहिए जिससे अन्य अधिकारी भी इस हेतु प्रेरित हों।

इस अवसर पर मझोला के पूर्व चेयरमैन अजय गोयल , मंडल उपाध्यक्ष आशीष गुप्ता, कौशल गुप्ता, रवि गुप्ता, युवा व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष हिमांशु गुप्ता, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष फहमीद हुसैन समेत भारतीय जनता पार्टी के अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता साथ रहे। उपजिलाधिकारी मयंक गोस्वामी ने इस सम्मान हेतु आभार प्रकट किया और जनहित के कार्यो को और प्रतिबद्धता के साथ करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उनको कई क्षेत्रीय समस्याओं से अवगत कराया गया जिसका उन्होंने तत्काल संज्ञान लिया।

## चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

**सुलतानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** खेल निदेशालय द्वारा आयोजित चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन का शुभारंभ मंगलवार को पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता की शुरुआत की। बालक-बालिका वर्ग में एथलेटिक्स और बैडमिंटन की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। मुख्य अतिथि श्री सिंह ने कहा कि कई वर्षों से स्टेडियम निर्माणाधीन होने के कारण खिलाड़ियों को तमाम कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन अब यह स्टेडियम एक भव्य और आधुनिक रूप ले चुका है। उन्होंने युवा जिला क्रीड़ा अधिकारी राजेश सोनकर की सराहना करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में खिलाड़ियों के लिए शानदार अवसर और मंच तैयार हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सरकार की विभिन्न खेल योजनाओं का लाभ लेकर खिलाड़ी जिले व प्रदेश का नाम रोशन करें। श्री सिंह ने आयोजन को उत्साहवर्धक बताते हुए सभी खेल कोच,संघों और प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा कि यह प्रतियोगिता निश्चित ही युवाओं में खेल के प्रति जोश और प्रेरणा को बढ़ावा देगी।इस अवसर पर कई गणमान्य अतिथि भी मौजूद रहे, जिनमें जिला महामंत्री सचिन पांडेय, जिला मंत्री अंकुर तिवारी, वॉलीबॉल संघ के कोषाध्यक्ष मुनेन्द्र मिश्रा, बैडमिंटन कोच श्याम धर ओझा, एथलेटिक्स कोच श्रीमती आशा, ओलंपिक संघ जिला सचिव पंकज दुबे, दीपक श्रीवास्तव, हैंडबॉल संघ सचिव प्रवीण मिश्रा, कुश्ती कोच यशवंत सिंह सहित स्टेडियम के अन्य कोच और खेल संघों के पदाधिकारी शामिल रहे।

## जीपीएफ लिपिक रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डीआईओएस (जिला विद्यालय निरीक्षक) कार्यालय में सोमवार को एंटी करप्शन टीम ने छापा मारकर जीपीएफ (सामान्य भविष्य निधि) लिपिक अजय यादव को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। सूत्रों के अनुसार, अजय यादव पर लंबे समय से शिक्षकों एवं कर्मचारियों से जीपीएफ संबंधी कार्यों में सुविधा शुल्क मांगने का आरोप था। इसी की शिकायत के बाद एंटी करप्शन टीम ने कार्रवाई की योजना बनाई और सोमवार को जाल बिछाकर अजय यादव को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान ऑफिस में मौजूद अन्य कर्मचारियों और अधिकारियों में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि अजय यादव से मौके पर ही पूछताछ की गई और आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए गए। टीम ने उनसे बरामद रकम को भी ज़ब्त कर लिया है। एंटी करप्शन टीम की इस कार्रवाई के बाद डीआईओएस कार्यालय में भ्रष्टाचार में संलिप्त अन्य कर्मचारियों में भी दहशत का माहौल है। सूत्रों का कहना है कि टीम की ओर से आगे भी जांच और पूछताछ की जाएगी ताकि भ्रष्टाचार के पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके।

## एसटीएफ ने 50 हजार के इनामिया को किया गिरफ्तार

**सुलतानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एसटीएफ ने सुल्तानपुर में एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। एसटीएफ की टीम ने जयसिंहपुर क्षेत्र के निदुरा अंडरपास से 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान मोहम्मद रुखसार के रूप में हुई है। वह प्रतापगढ़ के थाना कंधई क्षेत्र के पूरे देवजानी का रहने वाला है। आरोपी थाना पट्टी, प्रतापगढ़ में दर्ज मुकदमा संख्या 179/2025 में वांछित था। पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज ने 26 जून 2025 को इस बदमाश पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। एसटीएफ प्रभारी धर्मेश कुमार शाही की टीम ने 7 जुलाई को शाम करीब 7:15 बजे मुखबिर की सूचना पर इसे गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस और 800 रुपये बरामद हुए। इस संबंध में थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई सुल्तानपुर के पुलिस अधीक्षक के निर्देश में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है। एसटीएफ लखनऊ और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने यह सफलता हासिल की।

## इन्हौना से चोरी की गई बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना इन्हौना पुलिस ने चोरी की एक अदद मोटर साइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना इन्हौना पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर पर मोटरसाइकिल सवार गुफरान पुत्र अजमतउल्ला निवासी ग्राम मिलकियाना मजरे इन्हौना थाना इन्हौना जनपद अमेठी उम्र करीब पच्चीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। मोटर साइकिल स्पलेण्डर प्लस संख्या यूपी 36 वी 8553 के कागजात मांगने पर दिखा नही सका। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में युवक ने बताया कि यह मोटरसाइकिल चोरी की है जिसे मैनें बीती छह जून को इन्हौना में सड़क के किनारे से दिन में चोरी करके झाड़ियों में छिपा दिया थी।मोटरसाइकिल चोरी का थाना इन्हौना पुलिस द्वारा मुकदमा दर्जकर लिया गया था और पुलिस तलाश में जुटी थी पइस सम्बंध में थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया गया है।

## राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह रतवलिया मैंझार में करेंगे वृक्षारोपण

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एक पेड़ मां के नाम'' पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ की थीम पर वृहद वृक्षारोपण महा अभियान पूरे जनपद में चलाया जायेगा, जिसमें जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी, कर्मचारी, जन सामान्य के साथ ही छात्र छात्राओं द्वारा पौधारोपण किया जायेगा।विकास खण्ड सिंहपुर की रतवलिया मंझार वन भूमि में आयोजित किया जायेगा जिसमें प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह एवं शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राजेश कुमार, जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं जनपदीय अधिकारियों द्वारा नौ जुलाई को प्रातः दस बजे पौधारोपण किया जायेगा।

## सपा पूर्व विधायक समेत तीन पर मुकदमा दर्ज

**सुलतानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पूर्व सेक्टर प्रभारी सुनील यादव की संदिग्ध मौत के मामले में मृतक की पत्नी की तहरीर पर पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय, विवेक मिश्रा और सुशील निषाद पर केस दर्ज हुआ है। मृतका की पत्नी सरिता यादव के अनुसार, 3 जुलाई की रात को विवेक मिश्रा और सुशील निषाद ने सुनील यादव को गांव स्थित लाला की बाग में बुलाया। दोनों ने उन्हें लात-घूसों और हथियार की बट से मारा। विवेक मिश्रा ने सुनील के सीने पर चढ़कर लातें मारीं, जिससे उनके मुंह से खून निकलने लगा। आरोपियों ने प्रधानी का चुनाव लड़ने पर जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद सुनील ने रात 3 बजे फ़ेसबुक पर पोस्ट कर प्रशासन से सुरक्षा की मांग की। अगले दिन पूर्व विधायक संतोष पांडेय ने सुनील को अपने पास बुलाया। उन्होंने सुनील का मोबाइल छीन लिया और उन्हें पीटा। फ़ेसबुक पोस्ट और धमकी की रिकॉर्डिंग को डिलीट कर दिया। पांडेय ने भी प्रधानी का चुनाव लड़ने पर जान से मारने की धमकी दी। इस घटना के बाद से सुनील की तबीयत बिगड़ने लगी। उन्हें बीच-बीच में खून की उल्टियां होती रहीं।

# चोरी की दो सौ आठ बैट्रियों के साथ तीन शातिर चोर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। थाना गौरीगंज पुलिस व स्वाट सर्विलांस टीम द्वारा चोरियों का खुलासा कर तीन नफर अन्तर्जनपदीय शातिर बैट्री चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है कब्जे से कुल दो सौ आठ बैट्रियां और चोरी की घटना में प्रयुक्त महिन्द्रा पिकअप व डीसीएम बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना गौरीगंज के उप निरीक्षक महेन्द्र सरोज मय हमराह व स्वाट सर्विलांस टीम प्रभारी अनूप कुमार सिंह जनपद अमेठी मय हमराह देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान क्षेत्र में मौजूद थे तभी मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि पड़री सम्भावा रोड के करीब एक किलोमीटर आगे सूनसान जगह पर बैट्री चोर गैंग महिन्द्रा पिकअप से डीसीएम में बैट्रियां लाद रहे हैं।उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबन्दी कर हिकमतअमली से तीन व्यक्तियों को पकड़ लिया गया तीनों व्यक्तियों से नाम पता पूछने पर पहले ने अपना नाम सद्दाम पुत्र आलेमान खान निवासी पूरे कुरैशी मजरे राहटीकर थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ बताया, दूसरे ने अपना नाम मकसूद उर्फ दुन्ने पुत्र आलेमान खान निवासी पूरे कुरैशी मजरे राहटीकर थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ बताया तथा तीसरे ने अपना नाम दीपांशू पुत्र स्व0 राम कुमार कोरी निवासी पूरे बेनीदीन मजरे अच्छापुर थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ बताया। महिन्द्रा पिकअप वाहन संख्या यूपी 33 बीटी 4151 में ई रिक्शा की उनतालीस बैट्रियां व डीसीएम वाहन संख्या यूपी 32 एसएन 5160 में इन्वर्टर की चौंसठ बड़ी बैट्रियां, मोटरसाइकिल की नब्बे बैट्रियां व चारपहिया वाहनों की पन्द्रह बैट्रियां कुल दो सौ आठ बैट्रियां मौजूद मिली।उक्त दोनों वाहनों के कागज मांगने पर दिखा नही सके। पुलिस टीम द्वारा की गई पूछताछ में तीनों युवकों ने बताया कि हम अपने दो अन्य साथी प्रवीण सिंह पुत्र उदयभान सिंह निवासी अच्छापुर थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ व मुन्ना पुत्र शाही इमाम निवासी दीवानगंज कल्याणपुर कला थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ के साथ मिलकर जनपद बाराबंकी, अयोध्या, सुलतानपुर, रायबरेली, प्रतापगढ़ व अमेठी में सड़क के किनार व घरों के आसपास सूनसान स्थानों पर खड़े ई रिक्शा लोडर का लॉक काटकर बैट्री व चार्जर, घरों से इन्वर्टर की बैट्री व चार पहिया वाहनों की बैट्रियों को चोरी से निकालकर बेंच देते हैं।करीब पन्द्रह दिन पहले हम पांचों लोगों ने मिलकर थाना क्षेत्र अमेठी के संतोषी नगर, जंगल रामनगर गांव से ई-रिक्शा डाला से बैट्री चोरी की थी, लगभग एक महीने पहले थाना क्षेत्र रामगंज के भादर उदयनगर गांव में एक घर के बगल खड़े ई रिक्शा डाला से बैट्री चोरी की थी एवं लगभग पौने दो महीने पहले थाना क्षेत्र गौरीगंज के असैदापुर गांव में एक घर के बाहर खड़े बैट्री डाला को ले जाकर पड़री के पास सूनसान जगह पर खड़ा करके चार बैट्रियां चोरी करके डाला को वहीं पर छोड़ दिया था।इस सम्बंध में थाना गौरीगंज के प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण पाण्डेय ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## कृषि विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा दस उर्वरक बिक्री केंद्रों पर की गई छापेमारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। जिला कृषि अधिकारी डॉ राजेश कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में आज कृषि विभाग की दो संयुक्त टीमों द्वारा उर्वरक बिक्री केंद्रों पर छापेमारी की गई। जिसमें एक टीम में उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार तथा जिला कृषि अधिकारी ने बहादुरपुर, तिलोई, सिंहपुर के लगभग दस दुकानों पर छापेमारी की गई तथा एक नमूना डीएपी का संग्रहित किया गया। जिसमें संजय कुमार मित्तल बहादुरपुर, (एक नमूना), किसान सेवा केंद्र जायस बहादुरपुर, जायसवाल खाद भंडार, किसान सेवा केंद्र बहादुरपुर, रवि ट्रेडर्स शाहमऊ, एग्री जंक्शन मोहनगंज, किसान सेवा केंद्र फूला आदि पर छापेमारी की गई, सहकारी समिति फूला निरीक्षण के समय बंद पाया गया जिसको कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। दूसरी टीम में भूमि संरक्षण अधिकारी संदीप कुमार तथा अपर जिला कृषि अधिकारी अंकुर सिंह के द्वारा बहादुरपुर से फुरसतगंज तक छापेमारी की गई जिसमें मौर्या ट्रेडर्स बाबूगंज, प्रिज्म ट्रेडर्स बाबूगंज पर छापेमारी की गई जिसमें कमियां पाए जाने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। जिला कृषि अधिकारी द्वारा सभी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि बिक्री रजिस्टर में कृषक का नाम पता एवं मोबाइल नम्बर जरूर लिखें जिससे बिक्री के बाद उसका सत्यापन किया जा सके।कृषकों को निर्धारित दर पर बिना टैगिंग के उर्वरक का वितरण किया जाए और अपने प्रतिष्ठान पर रेट बोर्ड, स्टाक रजिस्टर, कैश मेमो अवश्य मेंटेन रखें यदि किसी दुकान पर उक्त अभिलेख नहीं पाये गये।उप कृषि निदेशक के द्वारा फुटकर उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि उर्वरक विक्रेता एक फ्लेक्सी बनवाकर दुकान पर टांगें जिससे कृषकों को पता चल सके कि उर्वरक उपलब्ध है। जिला कृषि अधिकारी ने यह भी अवगत कराया कि आज रात में इफको की पचास एमटी डीएपी रायबरेली से प्राप्त होने वाली है जिसको कल सुबह से ही सरकारी समितियां पर भेजा जाएगा उक्त के अतिरिक्त पूर्व से स्टाक में उपलब्ध पांच सौ एमटी डीएपी सहकारी समितियां पर भेजी जा रही है इस प्रकार जनपद में माहवार लक्ष्य के सापेक्ष पर्याप्त मात्रा में डीएपी एवं यूरिया उपलब्ध है।

# शालीनता बरते यात्री, कांवड़ यात्रा को लेकर विहिप की अपील

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। विश्व हिंदू परिषद की काशी प्रांत धर्म यात्रा समिति ने मंगलवार को सुल्तानपुर में आयोजित प्रेस वार्ता में कावड़ यात्रा को लेकर कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी बात रखी। समिति के काशी क्षेत्र धर्म यात्रा प्रमुख आनंद प्रकाश शुक्ला ने यात्रा के शांतिपूर्ण आयोजन के लिए प्रशासन से पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया। आनंद प्रकाश शुक्ला ने कहा कि यह यात्रा आमजन की आस्था से जुड़ी है और इसके सफल आयोजन के लिए समाज का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने स्थानीय लोगों से कावड़ यात्रियों के ठहराव, भोजन और जलपान जैसी मूलभूत व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने की अपील की। विहिप के केंद्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह पंकज ने कहा कि देशभर में पारंपरिक धार्मिक यात्राओं को दोबारा प्रारंभ करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि धर्म यात्रा समिति विभिन्न प्रांतों में सक्रिय है और इसका विस्तार किया जा रहा है। प्रेस वार्ता में समिति ने कावड़ यात्रियों से अपील की कि वे यात्रा को केवल एक धार्मिक अनुष्ठान की तरह लें। यात्रा के दौरान शालीनता, अनुशासन और पवित्रता बनाए रखें तथा मार्ग पर स्वच्छता और वस्तुओं की शुद्धता का विशेष ध्यान दें।

# दर्शन कर लौट रहा परिवार हादसे का शिकार

### पत्नी की मौत, पति व दो बच्चों की हालत गंभीर, चल रहा अस्पताल में इलाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। लखनऊ से आगरा एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में सुलतानपुर निवासी महिला की मौत हो गयी है। अज्ञात वाहन से टकराकर कार हुई क्षतिग्रस्त। खाटू श्याम के दर्शन कर वाया कार गृह जनपद सुलतानपुर लौट था परिवार।

बताते चले कि लखनऊ से आगरा एक्सप्रेस-वे पर उन्नाव के निकट दिपवल गांव के पास मंगलवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। अपने आराध्य खाटू श्याम के दर्शन कर वापस सुलतानपुर आ रहे एक परिवार की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में कार में सवार दिव्या गुप्ता (40) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पति गणेश अग्रहरि (44) समेत दो बच्चों की हालत चिंताजनक बतायी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार सूचना मिलते ही परिजन सुलतानपुर से घटना स्थल के लिए निकल गए हैं। बताया जाता है कि नगर के गल्ला मंडी निवासी एक दशक पूर्व टेढुई के निकट आवास बनाया हुआ था। वह वहीं घर से कार द्वारा कुल चार लोग खाटू श्याम के दर्शन करने के लिए निकल गए थे। लौटते समय उन्नाव के निकट परिवार सड़क हादसे का शिकार हो गया।मौके पर उन्नाव की पुलिस पहुँच गयी है।

हालांकि उन्नाव पुलिस के तालमेल की कमी के कारण घटना की जानकारी परिजनों को समय से नही हो सकी। वहीं नगर कोतवाल धीरज कुमार ने भी घटना से अनभिज्ञता जताई। कहा उनसे किसी ने सम्पर्क नही साधा न कोई जानकारी मिली है।इधर परिजनों और शुभचिन्तकों ने बताया कि खबरों के माध्यम से देर से जानकारी पहुँची। खबर लिखे जाने तक (2:00 दोपहर) परिजन गंतव्य तक नही पहुँचे थे। हर कोई मामले को लेकर फिक्रमंद था। फिलहाल सड़क हादसे की खबर सुनकर हर कोई स्तब्ध था। घायल गणेश अग्रहरि समाज के बच्चों का रिश्ता बनाने के साथ साथ कैटरिंग का काम करते थे। कार में पति व पत्नी और एक बड़ा बेटा व छोटी बिटिया सफर कर रही थी।

# भाषाई दुराग्रह

हमारी राजनीति का स्तर कितना नकारात्मक व अवसरवादी हो चला है कि महाराष्ट्र में हिंदी विरोध को राजनीति साधने का अस्त्र बना लिया गया। विडंबना यह है कि जिस राज्य से सारे देश को एकता के सूत्र में पिरोने की सामाजिक सांस्कृतिक मुहिम संघ द्वारा चलायी जा रही है, उसी राज्य से राष्ट्र की संपर्क भाषा के खिलाफ भाषायी कट्टरपंथ को हवा दी जा रही है। विसंगति देखिए कि मराठी भाषा के नाम पर राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे बीस साल बाद एक मंच पर एकजुट हुए हैं। कहा जा रहा है कि महाराष्ट्र में हिंदी विरोध पर 'भरत मिलाप' हुआ है। कभी हिंदी विरोध के जो सुर तमिलनाडु में सुनायी देते थे, वे अब महाराष्ट्र में भी तेजी से मुखर हो रहे हैं। मुंबई को भारत की आर्थिक राजधानी कहा जाता है, जिसमें योगदान देने के लिये उत्तर भारत के राज्यों के तमाम लोगों योगदान देते हैं। जहां बनने वाली हिंदी फिल्में इस राज्य की समृद्धि का आधार रही हैं। उसी राज्य में हिंदी बोलने वालों लोगों से मारपीट तक के मामले प्रकाश में आ रहे हैं। निश्चय ही ये भारत की संघीय अवधारणा की जड़ों पर प्रहार ही है। निश्चय रूप से इस सोच के मूल में भाजपा के राजनीतिक वर्चस्व को तोड़ना और मुंबई नगर निगम व राज्य की सत्ता पर काबिज होने की महत्वाकांक्षा ही है। लेकिन यह सोच राष्ट्रीय एकता व भाषायी सद्भाव को पलीता लगाने का ही कुत्सित प्रयास है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि आजादी के सात दशक बाद भी देश में जनता को विकास व तार्किक मुद्दों के बजाय संकीर्ण अस्मिता के नाम पर बरगलाया जा रहा है। उन मुद्दों को हवा दी जा रही है जिनके बूते महाराष्ट्र में शिव सेना अस्तित्व में आयी। विडंबना यही है कि ऐसे तत्वों को यदि राजनीतिक मंसूबे पूरा करने में सफलता मिलती है तो इसका नकारात्मक संदेश पूरे देश में जाएगा। बहुत संभव है कि देश के अन्य राज्यों में भी ऐसी संकीर्ण भाषायी विरोध की राजनीति मुखर होने लगे। जो राष्ट्रीय एकता व सद्भाव के लिये एक बड़ी चुनौती होगी। निस्संदेह, भारतीय लोकतंत्र की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि राजनीतिक दल सकारात्मक मुद्दों व विकास की प्राथमिकताओं को अपना एजेंडा बनाएं। दरअसल, सकारात्मक राजनीति में हाशिये पर गए दल ही सफलता के शॉर्टकट के रूप में ऐसे भावनात्मक मुद्दों को हवा देकर अपना उल्लू सीधा करते हैं। आज पूरी दुनिया विज्ञान की क्रांति व अभिव्यक्ति के तकनीकी विकास से एकजुट हो रही है, वहीं हम भाषीय संकीर्णताओं में उलझकर प्रगति के पहिए को थामने की कोशिशों में लगे हुए हैं। भले ही हमारी मातृभाषा कुछ भी हो, लेकिन पूरे देश में एक संपर्क भाषा के रूप में हिंदी की उपयोगिता को खारिज नहीं किया जा सकता है। कई राज्यों में त्रिभाषा फार्मूले के रूप में शिक्षा के प्रसार में सात समुंदर पार की अंग्रेजी भाषा के अंगीकार में तो कोई परहेज नहीं है, लेकिन तमाम भारतीय भाषाओं के शब्दों को समेटे देश के स्वतंत्रता आंदोलनकारियों द्वारा स्वीकृत हिंदी का विरोध किया जा रहा है। ये दुर्भाग्यपूर्ण ही है।

> **जिस राज्य से सारे देश को एकता के सूत्र में पिरोने की सामाजिक सांस्कृतिक मुहिम संघ द्वारा चलायी जा रही है, उसी राज्य से राष्ट्र की संपर्क भाषा के खिलाफ भाषायी कट्टरपंथ को हवा दी जा रही है। विसंगति देखिए कि मराठी भाषा के नाम पर राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे बीस साल बाद एक मंच पर एकजुट हुए हैं। कहा जा रहा है कि महाराष्ट्र में हिंदी विरोध पर 'भरत मिलाप' हुआ है। कभी हिंदी विरोध के जो सुर तमिलनाडु में सुनायी देते थे, वे अब महाराष्ट्र में भी तेजी से मुखर हो रहे हैं।**

# अपनी पहचान जाहिर करने में कैसी शर्म

**असल में, मुजफ्फरनगर जिले के बघरा गांव में योग साधना आश्रम के संचालक और सनातन धर्म के प्रचारक स्वामी यशवीर महाराज पिछले कुछ वर्षों से कांवड़ मार्ग पर दुकानों और ढाबों पर नेम प्लेट लगाने की मांग करते रहे हैं। उनका कहना है कि कांवड़ मार्ग पर कुछ लोग हिंदू देवी-देवताओं के नाम पर ढाबे और दुकानें चलाकर शिव भक्तों को धोखा दे रहे हैं। पहचान छुपाकर धोखा देने वाले कई मामले सामने आने के बाद पिछले साल उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों ने आदेश जारी किए कि कांवड़-यात्रा के मार्ग के ढाबे, होटल, रेस्तरां, दुकानदार, खोमचेवाले स्पष्ट नाम पट्टिका लगाएंगे। सरकार का मंतव्य है कि कांवड़ियों की आस्था और श्रद्धा खंडित न हो। सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश इस पर रोक लगा दी थी। हालांकि, इस साल भी उप्र और उत्तराखंड की सरकारों ने पिछले साल की भांति आदेश जारी किए हैं। ताजा प्रकरण यह है कि, स्वामी यशवीर महाराज और हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता कांवड़ मार्ग स्थित दिल्ली-दून हाईवे स्थित पंडित वैष्णो ढाबा पर पहुंचे। वास्तव में, ढाबा मुस्लिम का था, लेकिन बोर्ड पर लिखा था-'पंडित का शुद्ध वैष्णो ढाबा।' यानी पहचान छिपाने का अपराध किया गया था। पंडित वैष्णो ढाबे को सनव्वर नाम का एक मुस्लिम व्यक्ति चलाता है। इस ढाबे में उसका बेटा आदिल और जुबैर समेत दो अन्य लोग भी काम करते हैं। कहा जा रहा है कि यशवीर महाराज और अन्य ने ढाबे के मालिक और कर्मचारियों की धार्मिक पहचान जांचने के लिए पैंट उतरवाई। विवाद यहीं से भड़का। आग में घी डालते हुए समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद एसटी हसन ने पहचान वाले मामले को पहलगाम आतंकी हमले से जोड़ने का काम किया। हसन ने कहा कि, ''मैं पूछना चाहता हूं कि क्या आम नागरिकों को अधिकार है कि वह किसी दुकानदार की पैंट उतरवाकर चेक कर सकते हैं? क्या पहलगाम में आतंकियों ने पैंट नहीं उतरवाई थी? ऐसा करने वाले और पहलगाम के आतंकवादियों में क्या अंतर रह गया? उस ढाबे पर यह घटना हुई अथवा नहीं, पुलिस इसकी जांच कर रही है।**

भगवान शंकर के प्रिय माह सावन की शुरुआत 11 जुलाई से है। सावन की शुरुआत के साथ ही कांवड़ यात्रा का शुभारंभ हो जाएगा। कांवड़ यात्रा में शिवभक्त नंगे पांव हाथ में कांवड़ लेकर लंबी दूरी तय करके शिवलिंग या ज्योतिर्लिंग में जाते हैं और पवित्र नदियों के जल से उनका अभिषेक करते हैं। उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर कांवड़ यात्रा निकालने की परंपरा है। कांवड़ यात्रा का विराट रूप पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दिखता है। हरिद्वार से कांवड़ लेकर निकलने वाले कांवड़ यात्री इस मार्ग से निकलते हैं। इस मार्ग में भगवान शिव के कई बड़े प्राचीन एवं प्रसिद्ध मंदिर हैं। यहां पर श्रद्धालु भगवान का जलाभिषेक करते हैं। मुजफ्फरनगर, शामली, मेरठ से लेकर गाजियाबाद, हापुड़ तक के शिव मंदिरों में इस मार्ग से गंगाजल लेकर भक्त कांवड़ यात्रा निकालते हैं। लेकिन कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा मार्ग पर तनाव बढ़ गया है। असल में, मुजफ्फरनगर जिले के बघरा गांव में योग साधना आश्रम के संचालक और सनातन धर्म के प्रचारक स्वामी यशवीर महाराज पिछले कुछ वर्षों से कांवड़ मार्ग पर दुकानों और ढाबों पर नेम प्लेट लगाने की मांग करते रहे हैं। उनका कहना है कि कांवड़ मार्ग पर कुछ लोग हिंदू देवी-देवताओं के नाम पर ढाबे और दुकानें चलाकर शिव भक्तों को धोखा दे रहे हैं। पहचान छुपाकर धोखा देने वाले कई मामले सामने आने के बाद पिछले साल उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों ने आदेश जारी किए कि कांवड़-यात्रा के मार्ग के ढाबे, होटल, रेस्तरां, दुकानदार, खोमचेवाले स्पष्ट नाम पट्टिका लगाएंगे। सरकार का मंतव्य है कि कांवड़ियों की आस्था और श्रद्धा खंडित न हो। सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश इस पर रोक लगा दी थी। हालांकि, इस साल भी उप्र और उत्तराखंड की सरकारों ने पिछले साल की भांति आदेश जारी किए हैं। ताजा प्रकरण यह है कि, स्वामी यशवीर महाराज और हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता कांवड़ मार्ग स्थित दिल्ली-दून हाईवे स्थित पंडित वैष्णो ढाबा पर पहुंचे। वास्तव में, ढाबा मुस्लिम का था, लेकिन बोर्ड पर लिखा था-'पंडित का शुद्ध वैष्णो ढाबा।' यानी पहचान छिपाने का अपराध किया गया था। पंडित वैष्णो ढाबे को सनव्वर नाम का एक मुस्लिम व्यक्ति चलाता है। इस ढाबे में उसका बेटा आदिल और जुबैर समेत दो अन्य लोग भी काम करते हैं। कहा जा रहा है कि यशवीर महाराज और अन्य ने ढाबे के मालिक और कर्मचारियों की धार्मिक पहचान जांचने के लिए पैंट उतरवाई। विवाद यहीं से भड़का। आग में घी डालते हुए समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद एसटी हसन ने पहचान वाले मामले को पहलगाम आतंकी हमले से जोड़ने का काम किया। हसन ने कहा कि, ''मैं पूछना चाहता हूं कि क्या आम नागरिकों को अधिकार है कि वह किसी दुकानदार की पैंट उतरवाकर चेक कर सकते हैं? क्या पहलगाम में आतंकियों ने पैंट नहीं उतरवाई थी? ऐसा करने वाले और पहलगाम के आतंकवादियों में क्या अंतर रह गया? उस ढाबे पर यह घटना हुई अथवा नहीं, पुलिस इसकी जांच कर रही है। लेकिन प्रकरण को 'सांप्रदायिक मोड़' दे दिया गया। पहलगाम एक सुनियोजित आतंकी कृत्य था। इन दोनों घटनाओं की तुलना करना न केवल तथ्यात्मक रूप से गलत है, बल्कि यह समाज में धार्मिक आधार पर तनाव पैदा करने का प्रयास भी है। और जहां तक बात पहचान छुपाने या धोखा देने की है तो यह धंधा लंबे समय से चल रहा है। जुलाई, 2021 में गाजियाबाद में दो ऐसे मुसलमान दुकानदारों का पता चला था, जो हिंदू नाम से दुकान चला रहे थे। इनमें एक दुकान पुरानी सब्जी मंडी में है, जिसका नाम है 'न्यू अग्रवाल पनीर भंडार।' इस दुकान का मालिक है मंजूर अली। दूसरी दुकान 'लालाजी पनीर भंडार' के नाम से है। इसका मालिक ताहिर हुसैन है। इन दोनों का कहना था कि हिंदू नाम रखने से ग्राहक कम पूछताछ करते हैं और धंधा अच्छा चलता है। यानी ये धंधे के लिए हिंदुओं के साथ धोखा कर रहे थे। इनकी पोल तब खुली जब कुछ लोगों को पता चला कि इनका जीएसटी नंबर इनके असली नाम से है। स्थानीय दुकानदारों ने इनका विरोध किया तो इन लोगों ने अपनी दुकानों के नाम बदल लिए हैं। पिछले साल कांवड़ यात्रा के समय जब नेम प्लेट लगाने के आदेश जारी हुए थे, तो खूब हंगामा मचा था। उस समय सोशल मीडिया से लेकर अखबारों और समाचार चैनलों तक में इस बात की बड़ी चर्चा थी कि कैसे एक आदेश के चलते रातों रात मुजफ्फरनगर का 'संगम शुद्ध शाकाहारी होटल' बन गया 'सलीम ढाबा।' 'मां भवानी जूस कार्नर' का नाम हो गया 'फहीम जूस केंद्र।' 'टी प्वाइंट' का नाम हो गया 'अहमद टी स्टाल।' ऐसे ही 'नीलम स्वीट्स' का मालिक निकला मोहम्मद फजल अहमद। 'अनमोल कोल्ड ड्रिंक्स' का मालिक है मोहम्मद कमर आलम। खतौली के 'चीतल ग्रैंड' के बाहर एक बोर्ड लग गया है, जिस पर लिखा गया है- शारिक राणा डायरेक्टर। सहारनपुर में चल रहे 'जनता वैष्णो ढाबा' का मालिक है मोहम्मद अनस सिद्दीकी। मुजफ्फरनगर के बझेड़ी गांव निवासी वसीम अहमद ने पिछले साल पहचान जाहिर होने के बाद अपना 'गणपति' ढाबा बेच दिया। एक रिपोर्ट के अनुसार देहरादून-नैनीताल राजमार्ग पर 20 से अधिक ढाबे ऐसे हैं, जो हिन्दू देवी-देवताओं के नाम पर हैं, लेकिन इन्हें चलाने वाले मुसलमान हैं। हरिद्वार नजीबाबाद रोड पर चिडियापुर और समीरपुर गंग नहर रोड पर भी ऐसे हिंदू नामधारी ढाबे हैं, जिनके मालिक मुसलमान हैं। मेरठ, गजरौला, गढ़मुक्तेश्वर, मुंडा पांडे हाईवे पर भी दर्जनों ऐसे ढाबे चल रहे हैं, जिनके मालिक मुसलमान हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, धोखा देने के लिए ये लोग होटल के अंदर हिंदू देवी-देवताओं के चित्र भी रखते हैं, ताकि हिंदू यात्रियों को लगे कि वे किसी हिंदू होटल में ही खाना खा रहे हैं। लेकिन जब कोई ग्राहक ऑनलाइन पैसा देता है, तब पता चलता है मालिक मुसलमान है। इन ढाबों और होटलों में काम करने वाले लोगों के नाम राजू, विक्की, गुड्डू, सोनू जैसे होते हैं। ये लोग तिलक भी लगाते हैं और कलावा भी बांधते हैं। यह धोखा नहीं तो क्या है? मुजफ्फरनगर के पंडित वैष्णो ढाबे पर काम करने वाले तजमुल ने खुद को गोपाल बताया था। हरिद्वार में गुप्ता चाट भंडार में स्कैनर से पेमेंट गुलफाम नाम के अकाउंट में जाने का मामला बीते दिनों प्रकाश में आया है। अहम सवाल यह है कि पहचान छुपाकर व्यापार करने के पीछे कोई मजबूरी है या षडयंत्र? मुस्लिम व्यक्ति को अपने नाम से दुकान या ढाबा खोलने में क्या दिक्कत है? अपने-अपने धर्म के हिसाब से नाम लिखकर लोग दुकान खोलेंगे या व्यापार करेंगे तो ग्राहक अपनी मर्ज़ी से दुकान पर जाएगा और जिसे जहां से जो खरीदना होगा, वो वहां से ख़रीदेगा। लेकिन पहचान छुपाकर व्यापार या कोई अन्य कार्य करना कानून और नैतिक तौर पर गलत और अपराध है। ऐसी घटनाएं और प्रकरण प्रकाश में आने के बाद संदेह और अविश्वास का माहौल बनता है। जो सामाजिक, राजनीतिक और कानून व्यवस्था के मोर्चे पर दिक्कतें पैदा करता है। बात जब खाने पीने की हो तो मामला गंभीर और संवेदनशील हो जाता है। खानपान के पीछे व्यक्तिगत रूचि, संस्कार, धर्म-कर्म और आस्था की पृष्ठभूमि और भूमिका होती है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि शासन-प्रशासन के नेम प्लेट के आदेश से किसी की भावनाएं आहत नहीं होतीं। खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 में स्पष्ट प्रावधान है कि खानपान के दुकानदारों को अपना फूड लाइसेंस ऐसी जगह लगाना होगा, जहां आसानी से उसे देखा जा सके। वैसे भी ये मसला हिंदू-मुस्लिम, धार्मिक भेदभाव या किसी की आजीविका की बजाय सीधे तौर भावनाओं और ग्राहक के अधिकार से जुड़ा है। जो करोड़ों की संख्या में कांवड़िए हरिद्वार से गंगा जल लेकर अपने गंतव्य की ओर जाते हैं, उन सबको रास्ते में भोजन कैसा मिले? कैसा भोजन वो खाएं? ये उनकी स्वतंत्रता है। जब मुसलमान हलाल प्रमाणपत्र देखकर ही कोई सामान खरीदता है, तब हिंदू भी ऐसा क्यों नहीं कर सकता है। **-डॉ. आशीष वशिष्ठ**

# ब्रेन हेल्थ और एजिंग की समझ

**विजय गर्ग**

**स्वीडन के स्टॉकहोम के कारोलिंस्का इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने हाल ही में वयस्क मानव हिप्पोकैम्पस में न्यूरल प्रोजेनिटर्स के प्रसार की पहचान शीर्षक से एक अध्ययन में वयस्कों के हिप्पोकैम्पस क्षेत्र में तंत्रिका स्टेम कोशिकाओं के बढ़ने के संकेत मिले।**

वयस्क मानव हिप्पोकैम्पस में बनने वाले नए न्यूरॉन्स, जैसा कि कारोलिंस्का संस्थान के ग्राउंडब्रेकिंग अनुसंधान में देखा गया है। क्या वयस्क दिमाग नए न्यूरॉन्स बना सकता है? एक नया अध्ययन कुछ निश्चित साक्ष्य सामने लाता है जो यह संभव है। वर्षों से, नए न्यूरॉन्स बनाने के लिए वयस्क मानव मस्तिष्क की क्षमता तंत्रिका विज्ञान में विवाद का विषय रही है। हालांकि, अब शोधकर्ताओं ने आखिरकार दशकों पुरानी बहस को सुलझा लिया होगा। स्वीडन के स्टॉकहोम के कारोलिंस्का इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने हाल ही में वयस्क मानव हिप्पोकैम्पस में न्यूरल प्रोजेनिटर्स के प्रसार की पहचान शीर्षक से एक अध्ययन में वयस्कों के हिप्पोकैम्पस क्षेत्र में तंत्रिका स्टेम कोशिकाओं के बढ़ने के संकेत मिले । इस खोज से पता चलता है कि जैसे-जैसे हम बड़े होते जाते हैं, हमारा दिमाग कैसे विकसित होता है। शोधकर्ताओं के अनुसार, इसके साथ न्यूरोलॉजिकल विकारों के इलाज के नए तरीके खोजने की संभावना है। न्यूरॉन विकास या न्यूरोजेनेसिस, हिप्पोकैम्पस में होता है, जो मानव मस्तिष्क का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस क्षेत्र के कारण भावनाओं को सीखने, याद रखने और महसूस करने की क्षमता संभव है। करोलिंस्का इंस्टीट्यूट के शोधकर्ताओं में से एक मार्टा पैटरलिनी ने लाइव साइंस को बताया कि उनका शोध इस बारे में लंबे समय से चली आ रही बहस को आराम देता है कि क्या वयस्क मानव दिमाग नए न्यूरॉन्स विकसित कर सकता है। अध्ययन के लिए, शोधकर्ताओं ने 78 वर्ष की आयु तक के लोगों से मस्तिष्क के ऊतकों का विश्लेषण किया। उन्होंने पाया कि तंत्रिका पूर्वज कोशिकाएं हिप्पोकैम्पस क्षेत्र में विभाजित हो रही थीं। उन्होंने विकास के विभिन्न चरणों में कोशिकाओं की पहचान करने के लिए एकल-नाभिक आरएनए अनुक्रमण और मशीन लर्निंग एल्गोरिदम का उपयोग करके 400,000 से अधिक व्यक्तिगत सेल नाभिक का अध्ययन किया। टीम ने एक ही स्थान पर पूरी तरह से गठित तंत्रिका कोशिकाओं के बगल में बैठे अग्रदूत कोशिकाओं को विभाजित करते हुए देखा, जहां पशु अध्ययन ने वयस्क स्टेम कोशिकाओं को जीवित दिखाया है। एक तकनीक के साथ जांच किए गए 14 वयस्क दिमाग में से नौ ने न्यूरोजेनेसिस के संकेतों का प्रदर्शन किया, जबकि 10 में से 10 दिमाग ने दूसरी विधि के साथ जांच की, जिसमें नए सेल गठन के सबूत दिखाए गए। मशीन लर्निंग का उपयोग करके निर्मित फ्लोरोसेंट टैग और एल्गोरिदम का उपयोग करके भविष्य के न्यूरोजेनिक स्टेम कोशिकाओं की पहचान की गई थी। कथित तौर पर, 1998 में शोधकर्ताओं ने प्रायोगिक उपचार से गुजरने वाले कैंसर रोगियों से ऊतक का उपयोग करके वयस्क मानव दिमाग में नए न्यूरॉन्स की पहचान की। बाद में कार्बन -14 डेटिंग और अन्य तरीकों का उपयोग करके अध्ययन करने से कुछ परस्पर विरोधी परिणाम हुए। करोलिंस्का इंस्टीट्यूट की इसी टीम ने 2013 में इसी तरह का अध्ययन किया और निष्कर्ष निकाला कि न्यूरोजेनेसिस जीवन भर होता है। हालांकि, नवीनतम शोध तक इस मामले पर बहस जारी रही।

## सेहत मंत्र

# बारिश के मौसम में बचें कान के इन्फ़ेक्शन से

बारिश में संक्रमण फैलने की संभावना सबसे ज्यादा होती है। संक्रमण के कारण ही बारिश में कान के रोग भी पनपते हैं, जो फैलने पर आपके लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं। आइए जानें विस्तार से... मनुष्य के कान महत्वपूर्ण ज्ञानेंद्रिय हैं, जो मुख्यतः दो कार्य करते हैं : 1. सुनना या शब्द श्रवण 2. शरीर को बैलेंस करना। कान के शरीर रचना की दृष्टि से तीन भाग हैं : (1) बाह्य कर्ण, (2) मध्य कर्ण व (3) अंतःकर्ण। अंतःकर्ण की रचनाओं में विकार आने पर प्रमुखतः चक्कर आना, चलने में परेशानी एवं उल्टी होना या उल्टी होने की इच्छा होना तथा विभिन्न प्रकार की आवाजें कान में आना जैसे लक्षण सामने आते हैं। कान के प्रत्येक अंग की सामूहिक ठीक क्रिया के द्वारा मनुष्य ठीक प्रकार से सुनता है। इन अंगों में से कान के पर्दे से लेकर मध्य कर्ण एवं अंतःकर्ण के अंगों में विकार होने पर विभिन्न प्रकार की श्रवणहीनता की स्थिति उत्पन्न होती है। सामान्यतः कान से मवाद आने को मरीज गंभीरता से नहीं लेता, इसे अत्यंत गंभीरता से लेकर विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श एवं चिकित्सा अवश्य लेना चाहिए अन्यथा यह कभी-कभी गंभीर व्याधियों जैसे मेनिनजाइटिस एवं मस्तिष्क के एक विशेष प्रकार के कैंसर को उत्पन्न कर सकता है। कान में मवाद किसी भी उम्र में आ सकता है, किंतु प्रायः यह एक वर्ष से छोटे बच्चों या ऐसे बच्चों में ज्यादा होता है जो मां की गोद में ही रहते हैं। तात्पर्य स्पष्ट है जो बैठ नहीं सकते या करवट नहीं ले सकते। कान से मवाद आने का स्थान मध्य कर्ण का संक्रमण है। मध्य कर्ण में सूजन होकर, पककर पर्दा फटकर मवाद आने लगता है। मध्य कान में संक्रमण पहुंचने के तीन रास्ते हैं, जिसमें 80-90 प्रतिशत कारण गले से कान जोड़ने वाली नली है। इसके द्वारा नाक एवं गले की सामान्य सर्दी-जुकाम, टांसिलाइटिस, खांसी आदि कारणों से मध्य कर्ण में संक्रमण पहुंचता है। बच्चों की गले से कान को जोड़ने वाली नली चूंकि छोटी एवं चौड़ी होती है, अतः दूध पिलाने वाली माताओं को हमेशा बच्चे को गोद में लेकर सिर के नीचे हाथ लगाकर, सिर को थोड़ा ऊपर उठाकर ही बच्चे को दूध पिलाना चाहिए। ऐसी माताएं जो लेटे-लेटे बच्चों को दूध पिलाती हैं उन बच्चों में भी कान बहने की समस्या उत्पन्न होने की ज्यादा आशंका रहती है।

## धर्म मंत्र

# सोमवार को एक मंत्र बोलकर शिवलिंग पर चढ़ा दें शमी की पत्तियां

ज्योतिष में कुल नौ ग्रह सूर्य, चंद्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि और राहु-केतु बताए गए हैं। इन नौ ग्रहों में शनि, राहु-केतु को क्रूर ग्रह माना गया है। इनकी वजह से कुंडली के सभी शुभ योगों का असर खत्म हो सकता है। इन ग्रहों के दोष दूर करने के लिए शिवजी की पूजा सबसे सरल और कारगर उपाय है। शिवपुराण के अनुसार शिव पूजा में फूल-पत्तियां चढ़ाने का विशेष महत्व है। शिवलिंग पर बिल्व पत्र तो सभी चढ़ाते हैं, लेकिन इसके साथ ही शमी के पत्ते भी शिवलिंग पर अर्पित करना चाहिए। उज्जैन के इंद्रेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी पं. सुनील नागर के अनुसार शमी पत्तों का काफी अधिक महत्व है। ये पेड़ पूजनीय और पवित्र है। घर में शमी का वृक्ष लगाने से शनि के सभी दोषों से मुक्ति मिल सकती है। साथ ही, शमी के पत्ते शिवलिंग पर चढ़ाने से धन और सौभाग्य की इच्छा पूरी होती है। ऐसे चढ़ाएं शमी के पत्तेः ▶▶रोज सुबह शिव मंदिर जाएं और तांबे के लोटे में गंगाजल या साफ जल में थोड़ा सा गंगाजल मिला लें। ▶▶इसके बाद चावल, सफ़ेद चंदन भी पानी में मिला लें। ऊँ नमः शिवाय मंत्र बोलते हुए ये जल शिवलिंग पर अर्पित करें। ▶▶तांबे के लोटे से जल चढ़ाने के बाद शिवलिंग पर चावल, बिल्वपत्र, सफ़ेद वस्त्र, जनेऊ, मिठाई भी चढ़ाएं। ▶▶इसके बाद शमी के पत्ते भी चढ़ाएं। शमी पत्ते चढ़ाते समय ये मंत्र बोलें- अमंगलानां च शमनीं शमनीं दुष्कृतस्य च। दुःस्वप्रनाशिनीं धन्यां प्रपद्येहं शमीं शुभाम्।। ▶▶शमी पत्र चढ़ाने के बाद शिवजी की धूप, दीप और कर्पूर से आरती कर प्रसाद ग्रहण करें।

## पर्यटन



# राजसी ठाट-बाट का आनंद लेने के लिए 'उम्मेद भवन' की करें यात्रा

जब आप किसी राजसी किले की ऊंची दीवारों, बुर्ज और उसकी जटिल बनावट से रूबरू होते हैं, उसके झरोखों से बाहर दूर तक झांकते हैं और यह सुनते हैं कि राज्य की आन-बान-शान के लिए यहां के सैनिक दुश्मन सैनिकों से लड़ते हुए अपनी जान की कुर्बानी देने में जरा भी नहीं हिचके, तो आप निश्चित रूप से अपनी उस विरासत से मुलाकात करते हैं जो इतिहास के पन्नों में आज भी गर्व से जीवित है। इसके अलावा, जब आपको राजा-महाराजाओं के महल में उनके समय के जैसे ठाठ-बाट के साथ लगभग उसी माहौल में रहने का अवसर मिलता है, तो एकबारगी आपको ऐसा लग सकता है जैसे आप खुद वहां के महाराजा या फिर राजपरिवार के सदस्य हों। यह एहसास आपके लिए ताउम्र न भूलने वाला हो सकता है। और अगर मन में कहीं उनकी शानो-शौकत को महसूस करने की इच्छा है, तो महलों में रात गुजारिए। भले ही अब राजा-महाराजा और उनकी शानो-शौकत बरकरार न हो, लेकिन उनके रुतबे और शाही ठाट-बाट का अनुभव आज के समय में आप भी किलों और महलों में जाकर काफी हद तक हासिल कर सकते हैं।दरअसल, राजसी गौरव के प्रतीक कई किले और महल आज लक्जरी होटलों में तब्दील हो चुके हैं, जहां आधुनिक युग की तमाम सुख-सुविधाओं के साथ हेरिटेज फील को भी काफी हद तक संजोया गया है। पर्यटन के लिहाज से इन किलों और महलों की सैर काफी रोमांचकारी साबित हो सकती है। यहां पर रुकना एक राजसी एहसास और इतिहास के उन पलों में लौटने जैसा है। वैभव का गवाह उम्मेद भवनः शाही समृद्ध विरासत और संस्कृति के धनी राजस्थान में राजसी महलों की शान अद्भुत है। जोधपुर का शाही महल उम्मेद भवन पैलेस हर राजसी परंपरा से आपका परिचय कराता है। इसके मालिक हैं महाराजा गज सिंह। उनके पिता महाराजा उम्मेद सिंह ने इसे बनवाया था। इसके संग्रहालय में राजसी हवाई जहाज के मॉडलों, हथियारों, प्राचीन वस्तुओं, घड़ियों, बॉब घड़ियों, बर्तनों, कटलरी, तस्वीरों और शिकार की ट्रॉफियां तक संजोयी गई हैं। आज यह महल बड़े बिजनेस घरानों की शाही शादियों और बॉलीवुड फिल्मों के लिए रॉयल डेस्टिनेशन है।

# पूर्वाग्रह ! चंद मीटर सड़क भी एक अस्पताल का नसीब नहीं

## जनहित की अनदेखी, कुंठित हैं सैकड़ों ग्रामीण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। विधानसभा कुर्सी क्षेत्र में राजनीतिक और सामाजिक एक मुद्दा है! किसी क्षेत्र के विकास में सड़क मार्ग संसाधन अहम हैं तो वहीं वहां के नागरिकों के लिए चिकित्सा सेवाएं उनका मौलिक अधिकार! कुर्सी क्षेत्र वासियों के स्वास्थ्य सेवा के दृष्टिगत एक उम्दा अस्पताल की व्यवस्था तो हो गई। परंतु सुलभ आवाजाही से लोग बेपरवाह रहे और हैं भी। तभी तो यहां के हजारों ग्रामीण सोचने को विवश हैं कि राजनीति अस्पताल और सड़क निर्माण को प्रभावित कर रही है। लोग सोचने को विवश है कि अस्पताल तक सड़क मार्ग न बनवाने का कारण विपक्षी पार्टी के नेता के गांव में अस्पताल का होना तो नहीं।

**जनहित की अनदेखी :** इस स्थिति में, जनहित की अनदेखी हो रही है, क्योंकि अस्पताल तक सड़क मार्ग न होने से मरीजों और उनके परिजनों को परेशानी हो रही है।

अब से पहले अर्थात कुर्सी विधानसभा से पूर्व अर्थात इसी फतेहपुर एसेम्बली से चार बार विधायक रहे स्मृतिशेष हरदेव सिंह रावत के पुश्तैनी गांव सरसवा में लाखों की लागत से आयुर्वेदिक अस्पताल का जब निर्माण हुआ तो क्षेत्र भर में प्रसन्नता की लहर दौड़ पड़ी थी।लेकिन ना जाने किसकी



नजर लगी कि अस्पताल तक आने जाने के लिए इंटरलॉकिंग या खड़ंजा रास्ता भी नसीब नहीं हुआ । मरीजों को आने जाने में खासी दिक्कतें होती है।आलम यह है कि बरसात के समय पैदल निकलना भी दूभर हो जाता है गाड़ी बाइक से आवागमन तो दूर की बात।बरसात होने पर कीचड़ में होकर मरीजों को गिर पड़ा कर आना जाना पड़ता है।कहने में कोई गुरेज नहीं कि विकासखंड के प्रथम नागरिक और उनके अधीन क्षेत्र पंचायत के विकास का ढिंढोरा पीटने वाले अधिकारियों का कुनबा धृतराष्ट्र से अधिक कुछ भी नहीं। गौर करने की बात यह है कि अस्पताल वाले रास्ते पर ही कुछ पहले पंचायत भवन भी बना है , इसके निर्माण पर लाख कई खर्च किए गए, सफ़ेद हाथी साबित है.?

**विकास की राजनीति :** यह मुद्दा विकास



की राजनीति का एक उदाहरण है जहां विकास के अधिकारी और उनके सरपरस्त राजनीतिज्ञ अपने हितों को साधने के लिए विकास कार्यों का उपयोग करते हैं। पंचायत भवन से लेकर अस्पताल तक पूरा रास्ता कच्चा और गद्ढे युक्त है।

ग्रामीणों का कहना है कि अगर ज्यादा बारिश हो जाती है तो अस्पताल के रास्ते पर और आसपास पानी ही पानी हो जाता है। तब अस्पताल आना जाना मुश्किल हो जाता है।

स्थानीय ग्रामीण विनय यादव व पवन रावत कहते हैं कि ईश्वर की कृपा है कि डॉ प्रदीप जैसा कर्तव्य परायण चिकित्सक क्षेत्रवासियों को मिला है।

डॉ प्रदीप पूरे मनोयोग से रोगी को देखते हैं इसी वजह से प्रतिदिन दर्जनों मरीज अस्पताल दवा लेने पहुंचते है। जिन्हें रास्ते की दुश्वारियां झेलनी पड़ती है।लेकिन पंचायत भवन पहुंचने वाले अधिकारियों को रास्ते की समस्या दिखाई नहीं देती है या फिर पंचायत भवन तक अधिकारी जाते आते ही नहीं है? सोमवार को 11 बजे तक पंचायत भवन में ताला शोभायमान था। जबकि कहने को प्रतिदिन पंचायत भवन में बैठकर कार्य करने के लिए पंचायत सहायक नियुक्त है। सूरज यादव का कहना है कि योगी सरकार पंचायत भवनों का डिजिटलीकरण कराकर ग्रामीणों को सहूलियत देने के लिए कृत संकल्पित है तो वहीं नौकरशाह सरकार की योजना को पलीता लगाने से बाज नहीं आ रहे है।

### क्या कहते हैं बीडीओ

इस संबंध में बीडीओ निंदूरा आलोक वर्मा ने शीघ्र ही समस्या निदान की बात कही है।

## मिर्ज़ामुराद में बड़े भाई ने छोटे भाई की पत्नी पर हथौड़ा से प्रहार कर मार डाला,गिरफ्तार

**वाराणसी।** मिर्ज़ामुराद थाना क्षेत्र के अ?मिनी गांव में मंगलवार को बडे भाई ने छोटे भाई की पत्नी (भयो) के सिर पर हथौड़ी से प्रहार कर हत्या कर दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार अमिनी गांव निवासी हूबलाल प्रजापति पेशे से राजमिस्त्री का काम करते है। आज सुबह हूबलाल अपने घर के टूटे प्लास्टर को सीमेंट बालू लगाकर ठीक कर रहे थे। इसी दौरान सीमेंट बालू का मसाला खत्म होने पर उन्होंने अपने बड़े भाई उदयनाथ प्रजापति को आवाज दी। भाई की आवाज सुन कर भी अनसुना करने पर हूबलाल की पत्नी अनिता प्रजापति (32 वर्ष)ने उदयनाथ के पास जाकर कहा कि भाई को प्लास्टर करने के लिए सीमेंट बालू का मसाला बनाकर उसके पास पहुंचा दे। इतना सुनते ही उदयनाथ प्रजापति गुस्से में आगबबूला होकर अनिता को गाली देने लगा। इस पर अनिता ने भी उसे फटकारा तो नाराज उदय ने पास रखा हथौड़ा उठाकर अनिता के सिर पर प्रहार कर दिया। तीन चार बार सिर पर हथौड़ा लगने से गंभीर रूप से घायल अनिता चीखते हुए गिर पड़ी। आवाज सुनकर हूबलाल और पड़ोसी मौके पर पहुंचे तो अनिता का हाल देख सन्न रह गए। हूबलाल पड़ासियों की मदद से घायल पत्नी को लेकर मिर्ज़ामुराद स्थित अस्पताल पहुंचा। अस्पताल में चिकित्सकों ने प्रारम्भिक उपचार के बाद हालात गंभीर देख बड़े अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बीएचयू ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान अनिता ने दम तोड़ दिया। उधर ,अनिता के मायके से भी परिजन अमिनी गांव पहुंचे तो बेटी की मौत की जानकारी पाते ही जेठ उदयनाथ के खिलाफ थाने में तहरीर दी। घटना की जानकारी पाकर एसीपी राजातालाब और थाना प्रभारी मिर्ज़ामुराद मौके पर पहुंचे। पुलिस अफसरों ने छानबीन और पूछताछ के बाद मौके से हथौड़ा बरामद कर आरोपी उदयनाथ को गिरफ्तार कर लिया। एसीपी राजातालाब ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कार्रवाही की जा रही हैं । उधर,गांव में चर्चा रही कि आरोपी उदय की मानसिक स्थिति ठीक नही है। इसी के चलते उसने छोटी सी बात पर अपने भाई की पत्नी को मार डाला।

## पति की हत्या में पत्नी व उसके प्रेमी को आजीवन कारावास

**फिरोजाबाद।** न्यायालय ने मंगलवार को पति के हत्या की दोषी पत्नी व उसके प्रेमी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वहीं उनका साथ देने वाले दोषी को छह वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। उन पर न्यायालय ने अर्थ दंड लगाया। अर्थ दंड न देने पर उन तीनों को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। थाना खैरगढ़ के गांव बवाइन निवासी भूरी सिंह 26 जून को प्रातः पांच बजे घर से यूनिटी हास्पिटल में भर्ती बेटी की छुट्टी कराने गए थे। उसके बाद वह घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की। उसका कोई सुराग नहीं लगा। उसके भाई श्यामवीर ने 27 जून 2019 को थाने में मुकदमा दर्ज कराया कि उसका भाई लापता हो गया है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। उसी दौरान उसके भाई का शव एक बोरे में बंधा सिरसागंज के सूरजपुर दुग्मई नहर में मिला। जांच के बाद पुलिस ने भूरी सिंह की पत्नी अर्चना और उसके प्रेमी धर्मवीर निवासी बवाइन खैरगढ़ के विरुद हत्या और साक्ष्य मिटाने और धर्मवीर के साथी रोशन निवासी मरशलगंज, नारखी को साक्ष्य मिटाने की धारा में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 2 सर्वेश कुमार पांडेय की अदालत में चला। अभियोजन के तरफ से मुकदमे की पैरवी एडीजीसी फौजदारी अवधेश शर्मा ने की। मुकदमे के दौरान कई कई गवाहों ने गवाही दी। कई साक्ष्य न्यायालय के सामने पेश किए गए। गवाहों की गवाही तथा साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने अनीता एवं धर्मवीर को हत्या और साक्ष्य मिटाने का दोषी पाया। दोनों आजवीन कारावास की सजा सुनाई है। उन पर 35-35 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है। वहीं रोशन को साक्ष्य मिटाने में सहयोग का दोषी पाए जाने पर छह वर्ष के कारावास और 10 हजार रुपये का अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड न देने पर उन्हें अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

## भाजपा जिला कार्यालय में बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष ने की बैठक

**जालौन ।** कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय उरई में जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्षों के साथ संगठनात्मक कार्यक्रमों एवं अभियानों की समीक्षा बैठक की। मंडल अध्यक्षों को संगठन की रीढ़ बताते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी के अभियान एवं कार्यक्रमों को निचले स्तर तक क्रियान्वित करने की जिम्मेदारी मंडल अध्यक्षों की है। इसलिए उनको संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ काम करना है। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने बताया कि कल 9 जुलाई को जनपद के 1474 बूथों पर कम से कम प्रत्येक बूथ पर 100 पेड़ लगाने का लक्ष्य पार्टी ने तय किया है। इसके उपरांत उन्होंने बताया कि गुरु पूर्णिमा को जनपद के मंदिर मठ में जाकर भारतीय जनता पार्टी के जन प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी संत महात्माओं को सम्मानित करेंगे। इसके उपरांत क्षेत्रीय अध्यक्ष ने फैक्ट्री एरिया उरई में एक पेड़ मां के नाम लगाया। साथ में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनिल यादव, क्षेत्रीय मंत्री संजीव उपाध्याय, रामलखन, रविंद्र प्रताप, अग्निवेश चतुर्वेदी, विवेक कुशवाहा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक पेड़ मां के नाम, जन जुड़ाव गतिमान

# गोरक्षपीठाधीश्वर की पहल को पंख दे रहा हैं प्रेमी मोनू



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल ''एक पेड़ मां के नाम'' को और भी गति मिल रही है जब जनपद में एक समाजसेवी आगे आकर इसका समर्थन कर रहा है ! यह एक अच्छा उदाहरण है कि जब नेता और समाजसेवी मिलकर काम करते हैं, तो समाज के लिए कुछ अच्छा करने की संभावना बढ़ जाती है।

समाजसेवी के प्रयासों से इस पहल को और भी पंख लग सकते हैं और अधिक लोगों तक इसका संदेश पहुंच सकता है, जिससे पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान के प्रति जागरूकता बढेगी है। बाराबंकी की तहसील रामनगर के महादेवा निवासी समाज सेवी कुँवर मोनू भास्कर पर्यावरण के प्रति लोगो को जागरूक ना सिर्फ जागरूक कर रहे है वरन लोगो को वृक्ष वितरित कर वृक्षारोपण करने की अपील करते हैं। मोनू भास्कर 2001वृक्ष अपने जन्मदिवस से पहले रोपित करते है। इस वर्ष ग्राम पंचायत लोधौरा के ग्राम बखारेपुर से वृक्षारोपण का शुभारंभ हुआ ।पर्यावरण प्रेमी मोनू भास्कर घर घर आंगन में जाकर वृक्ष रोपित किया व चौपाल लगाकर वृक्ष वितरण कर सभी से एक पेड़ अपने माँ, पुत्र,पुत्री के नाम रोपित करने की अपील की है। श्री भास्कर ने बताया की इस वर्ष एक अनोखा पल रहा ग्राम पंचायत में महिलाओं ने काफ़ी संख्या में वृक्षों को अपने गृह परिसर में रोपित किया और श्री भास्कर के प्रति मातृ शक्ति एवं प्रबुद्ध जनों ने प्रशंसा कर आभार भी जताया।एक अनोखी पहल पर खूब प्रशंसा की।श्री भास्कर ने बताया की मेरा जब तक जीवन है मैं इस धरा को हरा भरा करने में समर्पित रहूँगा इसी क्रम में महादेवा पब्लिक स्कूल लोधौरा में भी श्री भास्कर के संयोजन में भारतीय जनता पार्टी मण्डल महादेवा के पूर्व अध्यक्ष अशोक शुक्ला के साथ विद्यालय प्रांगण में छात्र छात्राओं व स्कूल अध्यापक प्रबंधक के साथ वृक्ष रोपित किया गया।राजेश यादव शिव शरण प्रजापति जगजीवन विशाल गौतम राकेश अवस्थी आकाश अवस्थी अवस्थी क़ुर्बान नजरू आदि सैकडो की संख्या में उपस्थित रहे।

इस पुनीत कार्य में प्रबंधक अंजू श्रीवास्तव अध्यापक विनोद शुक्ला प्रवीण सिंह चंद्रशेखर चौबे सौरभ निशा लकी पवन शिवराम यादव कुंदन यादव रामू यादव संतोष यादव सुनील यादव राजेश यादव अरविंद कुमार कई दर्जनों में लोग उपस्थित रहें.!

# प्राचीन शमशान घाट के बद्तर हालात, आक्रोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । जिला मुख्यालय स्थित हिन्दुओं के प्राचीन प्रमुख श्मशानघाट नागेश्वर नाथ मंदिर के आगे स्थित सोता पर गंदगी का अंबार लगा है कोई पुरूसाहाल न होने के कारण लोग यहां पर आने के बजाय अन्य जगह पर अपने परिजनों की अन्तिम संस्कार करने लगे है। यहां पर अन्दर जाने पर जानवरों आदि का मल अवशेष इतना पड़ा है कि पैर रखने की जगह तक नहीं है।

नागेश्वर नाथ मंदिर के निकट मृतको के लिए संबंधित बांस कपड़ा आदि की बिक्री करने वाले श्याम बाबा ने बताया कि हिन्दुओं का यह अंत्येष्टि स्थल लगभग 100 साल से ज्यादा पुराना है देखरेख न होने के कारण यहां पर तमाम बनी पक्की कब्रे आदि को यहां आने वाले अराजक तत्व नष्ट कर रहे है।

### सदर विधायक से हस्तक्षेप की मांग

गेट तो लगा है लेकिन उसको खोलकर चरवाहे यहां आकर अपने पशु चरने के लिए छोड़ देते है। जिसके कारण यहां कई बार वृक्षारोपण किया गया लेकिन जानवर सभी पेड़ों को चर जाते है। इन चरवाहों को मना करने पर लड़ने व मारपीट करने को तैयार हो जाते हैं। लोग कहते हैं कि यहां सफाई आदि की कोई व्यवस्था कभी नहीं होती है। तमाम मलबे से जगह जगह गंदगी व्याप्त है। वहीं ठीक सामने स्थित अल्पसंख्यकों के कब्रिस्तान में इसके विपरीत दिखाई देता है उनके कब्रिस्तान में काफी सफाई आदि की व्यवस्था दिखाई देती है। वहां परिसर में एक बकरी भी अन्दर प्रवेश नहीं कर पाती है। क्षेत्रीय सभासद ताज बाबा राइन ने बताया कि हमने कई बार वहां पर सफाई करवाई है। लेकिन दूध डेरी चलाने वाले गेट खोल कर अन्दर जानवरों को चरने के लिए छोड़ देते है। इसकी शिकायत हमने थाना जहांगीबाद में किया है। एक बार पुनः सफाई करवाने का उन्होंने आश्वसन दिया। बताया कि अल्पसंख्यकों के कब्रिस्तान की देखरेख के लिए कर्मचारी नियुक्त है। जिससे वहां रोज देखरेख व सफाई आदि कराई जाती है।जिला टैक्स बार अध्यक्ष पवन कुमार वैश्य व अधिवक्ता आलोक श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी व क्षेत्रीय विधायक धर्मराज यादव से इस अंत्येष्टि स्थल का जीर्णोद्धार के साथ मौजूदा स्थिति में सफाई व्यवस्था कराये जाने की मांग किया है। जिससे हिन्दुओं के प्राचीन कब्रिस्तान में साफ सफाई व उसकी प्रमुखता बनी रहें।

# सड़क हादसों में तीन की दर्दनाक मौत, दो घायल

## रामनगर-बिछलखा रोड पर भीषण सड़क हादसा, युवक की दर्दनाक मौत, मासूम बालक बाल-बाल बचा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। थाना क्षेत्र अंतर्गत रामनगर-बिछलखा मार्ग पर सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 22 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथ बाइक पर सवार 12 वर्षीय बालक को मामूली चोटें आई हैं। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, फतेहपुर थाना क्षेत्र के ग्राम उजवारा निवासी मोहम्मद सुफियान (22), पुत्र जहीर अली, सोमवार दोपहर को अपनी मोटरसाइकिल से ग्राम भैंसुरिया स्थित अपने मामा के घर जा रहा था। उसके साथ बाइक पर मामा का 12 वर्षीय बेटा फैजान भी सवार था। जैसे ही वह रामनगर-बिछलखा मार्ग पर कटियारा गौशाला के पास पहुंचा, तभी सामने से तेज



रफ्तार में आ रहे एक ट्रैक्टर ने बाइक में सीधी टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सुफियान बाइक समेत सड़क पर कई मीटर तक घिसटता चला गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं पीछे बैठे फैजान को हल्की चोटें आईं, जिससे उसकी जान बच गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में घायल सुफियान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर लाया गया, जहां तैनात चिकित्सक डॉ. हासिम ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची रामनगर थाना पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रैक्टर चालक की पहचान की जा रही है, जल्द ही उसे पकड़कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना के लिए तेज रफ्तार और सड़क पर भारी वाहनों की मनमानी चाल को जिम्मेदार ठहराया है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर ट्रैफिक नियंत्रण के सख्त इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में इस प्रकार की दर्दनाक घटनाओं से बचा जा सके ।

सूरतगंज संवाददाता के अनुसार मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के बिबियापुर मोड़ पर मंगलवार शाम बाइक सवार तीन लोगों को अज्ञात ट्रैक्टर ट्रॉली ने रौद दिया।दुर्घटना में दो लोगो की मौके पर ही मौत गई जबकि एक लोग घायल हो गया।घायल को तत्काल सीएचसी सूरतगंज भेजा गया हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल भेज दिया गया।

थाना क्षेत्र के बनमऊ निवासी अनिल यादव 30, रुहेरा निवासी शहजराम 35 व गेंद लाल 40 मंगलवार देर शाम एक ही बाइक पर सवार सूरतगंज सुधियामऊ मार्ग स्थित टेड़ी पुलिया मोड़ पर खड़े थे प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इसी बीच सूरतगंज की ओर से सुधियामऊ जा रही एक अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली ने पीछे से सभी को रौंद दिया दुर्घटना के बाद चालक ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर फरार हो गया राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से सभी को इलाज के सीएचसी सूरतगंज भेजा वहा मौजूद चिकित्सक डॉ रिजवान ने अनिल व शहजराम को मृत घोषित कर दिया।वही गेंदलाल को गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेज दिया गया।एसएचओ जगदीश प्रसाद शुक्ला ने बताया दोनों शवो को पीएम भेजकर दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है।

# चौराहा खुला, सोच बंद: पुलिस सक्रिय, विभाग निष्क्रिय!

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी। नगरवासियों को लंबे समय से जाम के दंश से राहत दिलाने के लिए मंगलवार को एक विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस उपाधीक्षक समीर कुमार सिंह के निर्देशन में यातायात पुलिस और कोतवाली पुलिस ने संयुक्त रूप से नगर के मुख्य चौराहे पर अतिक्रमण और अव्यवस्थित यातायात की समस्या पर शिकंजा कस दिया। अभियान के दौरान लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे पर दौड़ती लंबी दूरी की बसों को नगर स्थित बस स्टेशन के भीतर भेजा गया, जिससे न सिर्फ चौराहा खुला-खुला नजर आया बल्कि राहगीरों और यात्रियों को भी राहत का अनुभव हुआ। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे जब लखनऊ-सुल्तानपुर मार्ग पर चलने वाली बसें एक के बाद एक बस स्टेशन के भीतर पहुंचने लगीं तो राहगीरों और यात्रियों को आश्चर्य हुआ। लोग सोच में पड़ गए कि आखिर आज ऐसा क्या हो गया जो वर्षों बाद बसों ने स्टेशन का मुंह देखा! बाद में पता चला कि यह सबकुछ जाम की पुरानी समस्या को सुलझाने की दिशा में पुलिस द्वारा उठाया गया साहसिक कदम है। चौकी इंचार्ज कपिल देव यादव और यातायात उपनिरीक्षक सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में हाईवे पर चलने वाली बसों को रोककर उन्हें बस स्टेशन में प्रवेश कराया गया। इस व्यवस्था से मुख्य चौराहे पर यातायात सुचारु हुआ और वर्षों से स्थायी निवास बना चुका जाम, थोड़ी देर के लिए ही सही, पर 'बेमकान' हो गया। यह सब तो ठीक है, लेकिन सवाल यह है कि क्या यह काम सिर्फ पुलिस का है? वर्षों से राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे यात्रियों की जान से खिलवाड़ कर रही अव्यवस्था को क्या परिवहन विभाग देख नहीं पा रहा था? या फिर उसने मान लिया था कि ''जाम'' और ''दुर्घटना'' अब हमारी संस्कृति का हिस्सा हैं?

परिवहन विभाग की भूमिका पर तो यही कहा जा सकता हैः हादसे होते रहे, जाम लगता रहा, लोग मरते रहे३ और विभाग अपने वातानुकूलित कार्यालयों में बैठकर फाइलों के पन्ने पलटता रहा।''

लंबी दूरी की बसें सड़क किनारे जहां-तहां रुकती रहीं, यात्री धूप-बारिश में खड़े होते रहे, और राष्ट्रीय राजमार्ग पर रोज़ाना जानलेवा हालात बनते रहे – लेकिन 'परिवहन विभाग' शायद यह मान बैठा था कि बसों को बस स्टेशन भेजना कोई ऐच्छिक कार्य है, अनिवार्य नहीं। अब जबकि पुलिस ने व्यवस्था सम्भाली है, तो उम्मीद की जानी चाहिए कि परिवहन विभाग भी अपनी नींद से जागेगा और स्थायी समाधान की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएगा। वरना जनता पूछेगी – सड़कें किसकी हैं, जिम्मेदारी किसकी है३ और आखिर ये विभाग है किस काम का?

### जब पुलिस को निभानी पड़ी परिवहन विभाग की जिम्मेदारी, तब ''बसें पहुँची स्टेशन

### हैदरगढ़ को मिली थोड़ी राहत, पुलिस ने किया चौराहे को जाम मुक्त, लेकिन परिवहन विभाग अब भी 'गहरी नींद' में!

## खेत प्यासे, किसान उदास : सिंचाई विभाग को नहीं कोई एहसास

# फाइलों में सींची जा रही हैं फसलें, ज़मीन पर रेत का तमाशा

### नहर में झाड़ियाँ लहलहा रही हैं, किसान रो रहे हैं 'रजबहा' बना उपेक्षा का बहाव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी । कभी सैकड़ों किसानों की फसलें सींचने वाला लिल्हौरा रजबहा आज प्रशासनिक उपेक्षा की धूप में सूखकर दम तोड़ रहा है। यह रजबहा जासेपुर से निकलकर लिल्हौरा, सतरही, बहरामपुर, पेचरुवा, बीजापुर, गंगापुर और संसारा गांवों के खेतों को जीवन देता था, लेकिन आज खुद जीवन के लिए तरस रहा है।

### रजबहा या जंगल सफारी?

सच्चाई यह है कि अब यह रजबहा खेतों में पानी नहीं, बल्कि झाड़ियाँ और सिल्ट बहा रहा है। खेतों तक पानी नहीं पहुंच रहा, लेकिन खरपतवारों को जीवनदान जरूर मिल रहा है। वर्तमान में केवल बहरामपुर रेलवे क्रॉसिंग तक ही



पानी किसी तरह रेंगते हुए पहुंच पा रहा है – और वह भी महज 2 किलोमीटर! जबकि पूरी नहर की लंबाई करीब 7 किलोमीटर है। किसानों का कहना है कि इससे आगे नहर का अस्तित्व केवल कागज़ों पर ही है। सिंचाई विभाग का ''सुषुप्त काल'' इस बदहाली के जिम्मेदार कौन हैं? सवाल उठता है तो उंगली सीधे-सीधे सिंचाई विभाग की ओर उठती है, जहां अधिकारी अपने वातानुकूलित कमरों में बैठकर फाइलों को ''सिंचित'' कर रहे हैं। ज़मीनी हकीकत देखना इनके एजेंडे में नहीं लगता।

### सांसद-विधायक जी, रजबहा भी कभी वोट देती थी!

ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सांसद, विधायक और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई है कि वह स्वयं इस रजबहा की हालत पर रियलिटी चेक करें। सिर्फ मंचों पर ''किसान हितैषी'' भाषण देने से खेत नहीं सींचे जाते।

मामला जानकारी में आया है इस संदर्भ में सिंचाई विभाग को समस्या के समाधान हेतु निर्देशित किया जाएगा
मो शम्स तबरेज खान,
एसडीएम हैदरगढ़

### किसानों में तनाव, खेतों में संघर्ष

पानी के अभाव में किसान आज एक-दूसरे से उलझने लगे हैं। कई स्थानों पर सिंचाई के पानी को लेकर विवाद और लड़ाई-झगड़े की स्थिति बन रही है। यह प्रशासन की निष्क्रियता का सीधा-सीधा परिणाम है। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता नवनीत कुमार मिश्रा उर्फ नीलू ने सरकार से मांग की है कि सभी माइनर नहरों की नियमित मॉनिटरिंग हो, जिससे सिंचाई की सुविधा जन-जन तक पहुंचे और अधिकारी जनता की सेवा करें, न कि सिर्फ वेतन के लिए विभाग में टिके रहें। इस खबर को गंभीरता से न लिया गया, तो अगली बार खेत में पानी की जगह किसान आंसू बहाएंगे – और अधिकारी अब भी कहेंगे, ''सिस्टम ठीक है, बस मौसम की मार है!





# चौथा टी20 मैच: हरमनप्रीत और शेफाली को दिखाना होगा दम

एजेंसी

मैनचेस्टर, आठ जुलाई (भाषा) भारत को अगर इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला जीतनी है तो कप्तान हरमनप्रीत कौर और आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को बुधवार को यहां होने वाले चौथे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

भारत पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहा है, लेकिन इंग्लैंड ने पिछले सप्ताह ओवल में खेले गए तीसरे मैच में पांच रन की जीत के दौरान मेहमान टीम की कुछ कमजोरियों को उजागर किया था। शेफाली ने इस मैच में 25 गेंदों पर 47 रन और हरमनप्रीत ने 17 गेंदों पर 23 रन बनाए, लेकिन दोनों बल्लेबाज अपनी अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रही। स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और अमनजोत कौर ने अब तक भारत की बल्लेबाजी की जिम्मेदारी संभाली है और वे इन दो अनुभवी खिलाड़ियों से और अधिक



सहयोग की उम्मीद करेंगे। शेफाली विशेषकर अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होगी क्योंकि आठ महीने बाद टीम में वापसी के बाद से वह अभी तक बड़ी पारी नहीं खेल पाई हैं। उन्होंने पहले दो मैच में 20 और तीन रन बनाए थे। हरमनप्रीत पहले मैच में नहीं खेल पाई थी। उन्होंने दूसरे मैच में वापसी की जिसमें वह एक रन ही बना सकी थी। उन्हें हरलीन देओल की जगह अंतिम एकादश में लिया गया जिन्होंने पहले मैच में काफी प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। हरलीन ने 23 गेंदों पर 43 रन बनाये थे, जिससे मंधाना को अपनी लय बनाए रखने में मदद मिली थी। इस श्रृंखला में भारत की स्पिनरों एन श्री चरणी (08 विकेट), दीप्ति शर्मा (06) और तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी (04) ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उन्हें बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव और तेज गेंदबाज अमनजोत से थोड़ा और सहयोग चाहिए होगा। जहां तक इंग्लैंड की बात है तो अगर उसे श्रृंखला बराबर करनी है तो उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पिछले मैच में सलामी बल्लेबाज सोफिया डंकले और डैनी व्याट-हॉज ने अर्धशतक लगाए थे और टीम को फिर से उनसे इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।

टीम इस प्रकार हैं: भारत: हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।

# न्यूजीलैंड ने ज़िम्बाब्वे टेस्ट सीरीज़ के लिए टीम घोषित की, विलियमसन-जैमीसन अनुपलब्ध

एजेंसी

ऑकलैंड। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार को ज़िम्बाब्वे दौरे के लिए दो मैचों की टेस्ट सीरीज़ के लिए टीम की घोषणा कर दी। यह सीरीज़ 30 जुलाई से बुलावायो में शुरू होगी। तेज़ गेंदबाज़ मैट फिशर को पहली बार टेस्ट टीम में जगह मिली है। फिशर के साथ तेज़ गेंदबाज़ी आक्रमण में नाथन स्मिथ, विल ओ'रूर्क और जैकब डफी शामिल हैं। वहीं, बेन सीयर्स साइड इंजरी के कारण सीरीज़ से बाहर हो गए हैं। उन्हें ठीक होने में दो से चार हफ्तों का समय लग सकता है। कप्तान केन विलियमसन, काइल जैमीसन और माइकल ब्रेसवेल इस टेस्ट सीरीज़ के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड के अनुसार, जैमीसन अपने पहले बच्चे के जन्म की प्रतीक्षा कर रहे हैं, वहीं विलियमसन ने अपने खेल कार्यक्रम को संतुलित करने के लिए यह सीरीज़ छोड़ने का निर्णय लिया है। ब्रेसवेल 'द हंड्रेड' टूर्नामेंट में



व्यस्त हैं, जिसे पहले से उनके केंद्रीय अनुबंध में शामिल किया गया था। स्पिनर एजाज पटेल की टीम में वापसी हुई है। वह आखिरी बार भारत के खिलाफ ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज़ जीत का हिस्सा थे। बल्लेबाज़ हेनरी निकोल्स को भी 2023 के बाद पहली बार टीम में जगह मिली है। गौरतलब है कि यह दोनों टेस्ट मैच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप चक्र का हिस्सा नहीं होंगे। न्यूजीलैंड टेस्ट टीमः टॉम लैथम (कप्तान), टॉम ब्लंडेल, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, मैट फिशर, मैट हेनरी, डेरिल मिचेल, हेनरी निकोल्स, विल ओ'रूर्क, एजाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिच सेंटनर, नाथन स्मिथ, विल यंग।

# संक्षिप्त समाचार

## भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिए एक्लेस्टोन और बाउशियर इंग्लैंड की टीम में शामिल

**लंदन।** सोफी एक्लेस्टोन और माइया बाउशियर को इस महीने के अंत में भारत के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए मंगलवार को इंग्लैंड की 15 सदस्यीय महिला टीम में शामिल किया गया। तीन एकदिवसीय मैच क्रमशः 16, 19 और 22 जुलाई को साउथेम्प्टन, लॉर्ड्स और चेस्टर-ले-स्ट्रीट में खेले जाएंगे। एक्लेस्टोन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला से बाहर रहने के बाद एकदिवसीय टीम में वापसी की है, जबकि बाउशियर को चोटिल नेट साइवर-ब्रंट के स्थान पर टी20 श्रृंखला के लिए टीम में शामिल किए जाने के बाद वनडे टीम में भी रखा गया है। कमर की चोट के कारण पांच मैचों की श्रृंखला के अंतिम तीन टी-20 मैच से बाहर चल रही कप्तान साइवर-ब्रंट के एकदिवसीय श्रृंखला के लिए फिट होने की उम्मीद है। इंग्लैंड महिला वनडे टीमः नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, सोफिया डंकले, एम्मा लैम्ब, टैमी ब्यूमोंट (विकेट कीपर), एमी जोन्स (विकेट कीपर), माइया बाउशियर, एलिस कैप्सी, केट क्रॉस, एलिस डेविडसन रिचर्ड्स, चार्ली डीन, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, लिन्सी स्मिथ, लॉरेन बेल।

## देश में जून में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री 28.6 प्रतिशत बढ़कर 1,80,238 इकाई : फाडा

**मुंबई।** देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री जून में सालाना आधार पर 28.60 प्रतिशत बढ़कर 1,80,238 इकाई हो गई। मोटर वाहन डीलर के शीर्ष निकाय फ़ेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की बिक्री जून में सालाना आधार पर 79.95 प्रतिशत बढ़कर 13,178 इकाई हो गई जबकि जून 2024 में यह 7,323 इकाई रही थी। फाडा ने बयान में कहा, समग्र इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में ई-यात्री वाहनों की हिस्सेदारी जून 2024 के 2.5 प्रतिशत से बढ़कर जून 2025 में 4.4 प्रतिशत हो गई। समीक्षाधीन महीने में इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों की बिक्री 60,559 इकाई दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष इसी महीने बेचे गए 52,302 वाहनों से 15.79 प्रतिशत अधिक है। मोटर वाहन डीलर के शीर्ष निकाय के आंकड़ों के अनुसार, इलेक्ट्रिक तिपहिया खंड की जून 2025 में कुल ईवी मांग में हिस्सेदारी 60.2 प्रतिशत रही जबकि जून 2024 में यह 55.4 प्रतिशत थी। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री जून में 31.69 प्रतिशत बढ़कर 105,355 इकाई हो गई, जबकि जून 2024 में 80,003 ई-दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री दर्ज की गई थी। इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री भी जून में 122.5 प्रतिशत बढ़कर 1,146 इकाई रही जो जून 2024 में 515 इकाई रही थी। फाडा के अध्यक्ष सी. एस. विग्नेश्वर ने बताया कि इलेक्ट्रिक परिवहन सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व गति पकड़ रहा है। इसे इलेक्ट्रिक वाहनों को अधिक सुलभ और किफायती बनाने के लिए पीएम ई-ड्राइव योजना के अधिदेश से बल मिल रहा है।

## जनवरी-जून में 2,900 एकड़ भूमि के करीब 31,000 करोड़ रुपये के सौदे हुए: एनारॉक

**नयी दिल्ली।** देश में 2025 की पहली छमाही में कम से कम 2,900 एकड़ भूमि के सौदे हुए, जिनका बाजार मूल्य करीब 31,000 करोड़ रुपये है। रियल एस्टेट परामर्शदाता एनारॉक ने यह जानकारी दी और स्पष्ट किया कि भूमि सौदों में रियल एस्टेट कंपनियों और भूमि मालिकों के बीच प्रत्यक्ष विकास के साथ-साथ संयुक्त विकास समझौते भी शामिल हैं। इसका मूल्य बाजार में प्रचलित दरों पर आधारित है न कि वास्तविक मूल्य पर। एनारॉक ने मंगलवार को बयान में कहा, '' 2025 की पहली (जनवरी-जून) छमाही में समूचे भारत में 76 सौदों में 2,898 एकड़ से अधिक भूमि का लेन-देन किया गया। इस भूमि का कुल बाजार मूल्य 30,885 करोड़ रुपये है। इन भूखंडों की कुल राजस्व क्षमता लगभग 1.47 लाख करोड़ रुपये है तथा कुल विकास क्षमता 23.3 करोड़ वर्ग फुट से अधिक है। इनमें से अधिकतर भूमि सौदे आवास, वाणिज्यिक और मिश्रित उपयोग परियोजनाओं के विकास के लिए थे। परामर्शदाता ने कहा कि इस वर्ष की पहली छमाही में हुए कुल 76 भूमि सौदों में से 17 संयुक्त विकास समझौते (जेडीए) थे, जो 782 एकड़ में फैले थे। इनका बाजार मूल्य 6,765 करोड़ रुपये है।

# एंजेल दी मारिया की घर वापसी, दो दशक बाद रोसारियो सेंट्रल से जुड़े

एजेंसी

ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर एंजेल दी मारिया ने लगभग दो दशकों बाद अपने घरेलू क्लब रोसारियो सेंट्रल में वापसी कर अपने सपने को साकार किया है। 37 वर्षीय दी मारिया को सोमवार को रोसारियो शहर के एक होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आधिकारिक रूप से क्लब के नए खिलाड़ी के रूप में पेश किया गया। भावुक दी मारिया ने कहा, यह मेरे लिए बेहद खूबसूरत पल है। यह वो सपना है जो मैं लंबे समय से देख रहा था। मैं पहले आना चाहता था, लेकिन संभव नहीं हो पाया। आज मैं यहां हूं, अपने परिवार के साथ, खुश हूं। दी मारिया ने पुर्तगाली क्लब बेनफिका के साथ अपना अनुबंध समाप्त होने के बाद फ्री ट्रांसफर के तहत रोसारियो



सेंट्रल से एक साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें विस्तार का विकल्प भी शामिल है। गौरतलब है कि दी मारिया ने अपने पेशेवर करियर की शुरुआत 2005 में रोसारियो सेंट्रल से की थी। इसके बाद उन्होंने बेनफिका, रियल मैड्रिड, मैनचेस्टर यूनाइटेड, पेरिस सेंट जर्मेन और जुवेंटस जैसे दिग्गज यूरोपीय क्लबों के लिए खेला। अर्जेंटीना के लिए 145 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले दी मारिया 2022 फीफा विश्व कप, 2021 और 2024 कोपा अमेरिका खिताब जीतने वाली टीम के अहम सदस्य रहे हैं। उन्होंने कहा, मैंने अपने करियर में बहुत कुछ हासिल किया है, लेकिन यह उससे भी बढ़कर है। इतने सालों बाद घर लौटना, रोसारियो में फिर से रहना, सेंट्रल की जर्सी पहनना और यहां के लोगों को खुश देखना – यही सबसे बड़ा सुख है। दी मारिया ने यह भी कहा कि वह चाहते थे कि उनकी बेटियां और पत्नी भी इस अनुभव का हिस्सा बनें। यह एक सपना है जो अब सच हो रहा है, उन्होंने कहा। जब उनसे इस पल के भावनात्मक महत्व के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, यह मेरी उम्मीदों से कहीं ज्यादा है। आज जब मैंने चारों ओर देखा, तो यकीन नहीं हो रहा था कि मैं यहां हूं। वो एहसास, वो उत्तेजना – मैं चाहता हूं कि ये इसी तरह बना रहे। हालांकि, उनकी वापसी को लेकर पिछले वर्ष संदेह बना हुआ था जब स्थानीय मीडिया में खबरें आई थीं कि रोसारियो में उनकी फैमिली को आपराधिक गिरोहों से धमकियां मिली थीं। इस पर दी मारिया ने कोई टिप्पणी करने से इनकार करते हुए कहा कि वह केवल टीम की मदद पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने आत्मविश्वास से कहा, मैं यहीं संन्यास लूंगा, लेकिन अभी मुझमें बहुत कुछ बाकी है। मैं अच्छा खेल रहा हूं और टीम को योगदान देना चाहता हूं।

## वोक्स का सर्वश्रेष्ठ बीत चुका है और क्रॉली सुधार नहीं कर सकतेः बॉयकॉट

लंदन। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ज्योफ्री बॉयकॉट ने क्रिस वोक्स और जैक क्रॉली की भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के पहले दो मैच में खराब प्रदर्शन के लिए कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि तेज गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ समय भी चुका है जबकि सलामी बल्लेबाज में अपनी गलतियों से सीखने की क्षमता नहीं है। वोक्स ने अभी तक 59 टेस्ट मैच खेले हैं और वह इंग्लैंड के आक्रमण में सबसे अनुभवी गेंदबाज हैं। इस तेज गेंदबाज ने दो मैचों में 82 ओवर फेंके और 290 रन देकर केवल तीन विकेट लिए। उन्होंने जिन तीन पारियों में बल्लेबाजी की, उनमें उन्होंने 50 रन बनाए और उनका सर्वोच्च स्कोर 38 रन है। बॉयकॉट ने ब्रिटिश दैनिक 'द टेलीग्राफ' में अपने कॉलम में लिखा, ''जब खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ समय बीत जाता है तो वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाता और ऐसे खिलाड़ियों को टीम में रखने से प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

# सिनर कोहनी की चोट और पहले दो सेट हारने के बावजूद क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी

लंदन। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर दाहिनी कोहनी में चोट और पहले दो सेट हारने के बावजूद अपने प्रतिद्वंद्वी ग्रिगोर दिमित्रोव के पेक्टोरल मांसपेशी में चोट लगने के कारण बाहर हो जाने से विंबलडन टेनिस



टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहे। सिनर ने इससे पहले टूर्नामेंट में कोई भी सेट नहीं गंवाया था, लेकिन विश्व में 19वें नंबर के खिलाड़ी दिमित्रोव ने उनके खिलाफ पहले दो सेट 6-3, 7-5 से जीत कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली थी। लेकिन तीसरे सेट में जब स्कोर 2-2 से बराबरी पर था तब दिमित्रोव ने खेलना बंद कर दिया। यह लगातार पांचवां ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट है जिसमें 34 वर्षीय दिमित्रोव मैच पूरा करने में विफल रहे। वह जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन और मई में फ्रेंच ओपन के अलावा पिछले साल विंबलडन और अमेरिकी ओपन में भी मैच के बीच में हट गए थे। सिनर पहले सेट के दौरान कोर्ट पर फिसल गए थे जिससे उनकी कोहनी चोटिल हो गई थी लेकिन उन्होंने बाद में कहा कि चोट गंभीर नहीं है और चिंता की कोई बात नहीं है। तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अमेरिका के बेन शेल्टन से भिड़ेंगे। इस बीच महिला एकल में रूस की 18 वर्षीय खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने एम्मा नवारो को 6-2, 6-3 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। वह पिछले 18 वर्षों में विंबलडन के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई है। एंड्रीवा का अगला मुकाबला बेलिंडा बेनसिक से होगा, जो ऑल इंग्लैंड क्लब में पदार्पण करने के 11 साल बाद पहली बार विंबलडन क्वार्टरफाइनल में पहुंची हैं। बेनसिक ने 18वीं वरीयता प्राप्त एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को 7-6 (4), 6-4 से हराया। इसके अलावा लियुडमिला सैमसोनोवा नंबर दो कोर्ट पर जेसिका बौजास मानेरो को 7-5, 7-5 से हराकर अपने पहले ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंची। सैमसोनोवा ने इस टूर्नामेंट में अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है और अब उनका सामना इगा स्वियाटेक से होगा, जो क्लारा टॉसन को 6-4, 6-1 से हराकर दूसरी बार विंबलडन क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं।

# महाराष्ट्र के जेएनपीए ने पहली तिमाही में कंटेनर संचालन में 15.52 फीसदी की दर्ज की वृद्धि

एजेंसी

मुंबई। महाराष्ट्र के नवी मुंबई स्थित जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह प्राधिकरण (जेएनपीए) ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में उल्लेखनीय प्रदर्शन दर्ज करते हुए कंटेनर संचालन में जबरदस्त वृद्धि हासिल की है। अप्रैल 2025 से जून 2025 तक जेएनपीए ने कुल 19,50,188 ट्वेंटी फुट इक्विवेलेंट यूनिट्स (टीईयू) कंटेनरों का संचालन किया, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 15.52 प्रतिशत अधिक है। यह उपलब्धि देश के सबसे व्यस्त और प्रमुख बंदरगाहों में से एक जेएनपीए की संचालन क्षमता, कुशल प्रबंधन और तकनीकी दक्षता को दर्शाती है। बंदरगाह प्राधिकरण ने इस उपलब्धि की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की। इसमें बताया गया कि कंटेनर हैंडलिंग में जेएनपीए की स्थिर गति टर्मिनलों के कुशल संचालन की वजह



से संभव हो पाई है। इसके अलावा बंदरगाह की अवसंरचना, तकनीकी संसाधन और तेजी से अनुकूल हो रही सहायक सेवाएं भी इस बढ़ोतरी में सहायक सिद्ध हुई हैं। जेएनपीए द्वारा हाल के वर्षों में लगातार क्षमता विस्तार और डिजिटलीकरण के प्रयास किए गए हैं, जिससे परिचालन प्रक्रियाएं अधिक पारदर्शी और तेज हुई हैं। इन प्रयासों का सकारात्मक असर अब आंकड़ों में साफ दिखाई दे रहा है। बढ़ते वैश्विक व्यापार और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में तेजी के चलते जेएनपीए की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

# अमेरिका ने जवाबी शुल्क निलंबन 01 अगस्त तक बढ़ाया, भारत से व्यापार वार्ता जारी

एजेंसी

नई दिल्ली। अमेरिका ने पारस्परिक टैरिफ निलंबन को 1 अगस्त तक के लिए बढ़ा दिया है। इस कदम से भारतीय निर्यातकों को राहत मिलेगी। इसके साथ ही नई दिल्ली तथा वाशिंगटन के बीच जारी अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने और लंबित मुद्दों को सुलझाने के लिए अतिरिक्त समय मिलेगा। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका, भारत के साथ व्यापार समझौता करने के करीब है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को जापान, दक्षिण कोरिया समेत 14 देशों को राष्ट्राध्यक्षों को पत्र लिखा है, जिसमें 25 से लेकर 40 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया गया है। ट्रंप प्रशासन ने विभिन्न देशों को पत्रों की पहली किश्त भेजी, जिसमें उन देशों के उत्पादों पर टैरिफ का विवरण दिया गया है, जो 1



अगस्त से अमेरिकी बाजारों में प्रवेश करेंगे। हालांकि, इन देशों में भारत को शामिल नहीं किया गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि हमने ब्रिटेन के साथ व्यापार समझौता किया है, चीन के साथ समझौता किया है और भारत के साथ व्यापार समझौता करने के करीब हैं। इनके अलावा जिन देशों से हमारी बात हुई है, हमें नहीं लगता कि उनके साथ हमारा व्यापार समझौता हो सकता है। इसलिए हमने उन्हें पत्र भेजा है। ट्रंप ने कहा कि जो देश हमें छूट देंगे, हम भी उन्हें छूट देने पर विचार करेंगे। ट्रंप प्रशासन ने विभिन्न देशों को 'पत्र' भेजे जिसमें उन देशों के उत्पादों पर अमेरिका द्वारा लगाए जाने वाले शुल्कों का ब्योरा है। अमेरिका ने जिन 14 देशों पर नए टैरिफ लगाने का ऐलान किया है, उनमें बांग्लादेश, बोस्निया और हर्जेगोविना, कंबोडिया, इंडोनेशिया, जापान, कजाखिस्तान, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, सर्बिया, ट्यूनिशिया, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि ट्रंप प्रशासन ने टैरिफ लगाने की समय-सीमा को बढ़ाकर 1 अगस्त कर दिया है। पहले ये समय-सीमा 9 जुलाई को समाप्त हो रहा था। भारत, जो अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहा है, ट्रंप प्रशासन से टैरिफ पत्र प्राप्त करने वाले देशों की सूची में शामिल नहीं था। अमेरिका के जवाबी शुल्क के निलंबन को एक अगस्त तक बढ़ाने से भारतीय निर्यातकों को राहत मिलेगी। दोनों देशों को अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए लंबित मुद्दों को सुलझाने के वास्ते अतिरिक्त समय मिलेगा।

# सर्राफा बाजार में उछला सोना चांदी की भी बढ़ी चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 500 रुपये से लेकर 550 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। इसी तरह चांदी के भाव में भी आज 100 रुपये की सांकेतिक तेजी नजर आ रही है। भाव में उछाल आने की वजह से आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 98,840 रुपये से लेकर 98,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 90,600 रुपये से लेकर 90,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में मामूली तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,10,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 98,990 रुपये प्रति 10



ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 90,750 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 98,840 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 98,890 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 98,840 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 90,600 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 98,840 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# भाजपा ने खरगे पर राष्ट्रपति मूर्मू, कोविंद के खिलाफ 'आपत्तिजनक' शब्दों के इस्तेमाल का आरोप लगाया

एजेंसी

नयी दिल्ली। भाजपा ने मंगलवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के खिलाफ कुछ ''आपत्तिजनक'' शब्दों का इस्तेमाल करके उनका अपमान करने का आरोप लगाया और उनसे तथा उनकी पार्टी से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने को कहा।

इससे एक दिन पहले खरगे ने छत्तीसगढ़ में एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति मुर्मू और पूर्व राष्ट्रपति कोविंद के नामों का कथित तौर पर गलत उच्चारण किया था, लेकिन तुरंत ही अपनी गलती सुधार ली थी। कांग्रेस अध्यक्ष ने सोमवार को रायपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह भी कहा था, ''भाजपा हमेशा (द्रौपदी) मुर्मू जी और (राम नाथ) कोविंद जी को देश का राष्ट्रपति बनाने की बात करती है, लेकिन क्या पार्टी ने यह सब हमारी संपत्ति, जंगल, जल और जमीन छीनने के लिए किया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने



यहां एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि खरगे ने ''राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी के लिए आपत्तिजनक शब्दों'' का इस्तेमाल किया। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे कांग्रेस के डीएनए में मौजूद ''दलित विरोधी, आदिवासी विरोधी और संविधान विरोधी'' मानसिकता का पता चलता है। भाटिया ने आरोप लगाया, ''आप (खरगे) बड़ी-बड़ी बातें करते हैं- आपने रामनाथ कोविंद जी को 'कोविड' कहा आप 'मुरमा जी' कहते हैं और फिर उन्हें (राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को) भू-माफिया कहते हैं और आरोप लगाते हैं कि वह संपत्ति, जंगल छीनने के लिए राष्ट्रपति बनी हैं। भाजपा के इस आरोप पर अभी कांग्रेस ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। भाटिया ने मांग की कि खरगे, मुर्मू और कोविंद के खिलाफ ''अप्रिय और अपमानजनक'' टिप्पणी करने के लिए माफी मांगें। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अध्यक्ष ने न केवल उनका अपमान किया, बल्कि अपनी टिप्पणियों से आदिवासी और दलित समुदाय के सदस्यों की भावनाओं को भी ठेस पहुंचाई। उन्होंने खरगे की टिप्पणी के लिए कांग्रेस से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से उन्हें पार्टी अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के लिए कहने की मांग की। भाजपा नेता ने कहा, ''अगर कांग्रेस और मल्लिकार्जुन खरगे माफी नहीं मांगते हैं, तो आप देखेंगे कि देश का हर नागरिक अपना गुस्सा जाहिर करेगा। यह गलती कांग्रेस को बहुत महंगी पड़ेगी। खरगे को कांग्रेस का ''रिमोट कंट्रोल वाला'' राष्ट्रीय अध्यक्ष बताते हुए भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि उन्होंने पार्टी नेता राहुल गांधी के इशारे पर ''आपत्तिजनक टिप्पणियां'' कीं।

# मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के पक्ष में भी सुप्रीम कोर्ट में याचिका

एजेंसी

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग के बिहार की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण करने के फैसले के खिलाफ कांग्रेस और अन्य प्रमुख विपक्षी दल के नेताओं की ओर से उच्चतम न्यायालय में दायर याचिकाओं के विपरीत भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) नेता एवं अधिवक्ता अश्विन उपाध्याय ने एक याचिका दायर की है।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाला बागची की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने मंगलवार को याचिकाकर्ता अधिवक्ता उपाध्याय की गुहार पर उनसे कहा कि वह अपनी याचिका में खामियों को दूर कर उसे 10 जुलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का अनुरोध रजिस्ट्री (शीर्ष अदालत की) से करें। याचिकाकर्ता उपाध्याय ने आज न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष विशेष उल्लेख कर अपनी याचिका पर सुनवाई के लिए 10 जुलाई (चुनौती देने वाली याचिकाओं के साथ) के लिए सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया था। शीर्ष अदालत ने सोमवार को कहा था कि वह बिहार की मतदाता सूची से संबंधित आयोग के 24 जून 2025 के निर्देश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 10 जुलाई को विचार करेगी।



अधिवक्ता उपाध्याय की ओर से दायर याचिका में संसदीय, राज्य विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनावों से पहले एक नियमित अंतराल पर मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण करने का चुनाव आयोग को निर्देश देने की मांग गई है। उन्होंने (उपाध्याय) अपनी याचिका में कहा है कि स्वतंत्रता के बाद देश में बड़े पैमाने पर अवैध घुसपैठ, छलपूर्ण धर्म परिवर्तन और बेलगाम जनसंख्या वृद्धि के कारण 200 जिलों और 1500 तहसीलों की जनसांख्यिकी बदल गई है। ऐसे में केंद्र, राज्य सरकारों और भारत के चुनाव आयोग का यह संवैधानिक कर्तव्य है कि वे यह सुनिश्चित करें कि संसदीय, राज्य विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनावों में केवल वास्तविक नागरिक ही अपना वोट डालें, न कि विदेशी। इसके लिए समय-समय पर मतदाता सूचियों की विशेष गहन जांच आवश्यक है। गौरतलब है कि इससे पहले (विपक्षी दलों के नेताओं द्वारा) चुनाव आयोग के 24 जून, 2025 को जारी उक्त आदेश को अव्यावहारिक और मनमाना बताते हुए इसे रद्द करने की मांग शीर्ष अदालत से की गई। ये मांग करते हुए कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल, तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा, राष्ट्रीय जनता दल सांसद मनोज कुमार झा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सांसद सुप्रिया सुले, सीपीआई के महासचिव डी राजा, शिवसेना (यूबीटी) के अरविंद सावंत, झारखंड मुक्ति मोर्चा सांसद सरफराज अहमद और सीपीआई (एमएल) के दीपांकर भट्टाचार्य ने याचिका दायर की थी। इसी प्रकार गैर सरकारी संगठनों - एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स, पीयूसीएल और सामाजिक कार्यकर्ता योगेंद्र यादव समेत अन्य ने इस संबंध में चुनाव आयोग के फैसले की वैधता को शीर्ष अदालत में चुनौती देते हुए अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं। चुनाव आयोग के उक्त आदेश के खिलाफ याचिका दायर करने वालों ने दावा किया कि यह कदम संविधान के अनुच्छेद 14, 19, 21, 325 और 326 के साथ-साथ जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 21 ए के प्रावधानों का उल्लंघन है। उन्होंने तर्क दिया कि यदि इस आदेश को रद्द नहीं किया गया तो मनमाने ढंग से और उचित प्रक्रिया के बिना लाखों मतदाताओं को अपने प्रतिनिधियों को चुनने से वंचित किया जा सकता है। इससे देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और लोकतंत्र बाधित हो सकता है, जो संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा हैं।

# चंद्रशेखर की स्मृति में व्याख्यान श्रृंखला की जायेगी शुरू: धनखड़

एजेंसी

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के संसद में 40 वर्ष से अधिक लंबे और अनुपम कार्यकाल की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए राज्यसभा सचिवालय उनकी स्मृति में व्याख्यान श्रृंखला और फ़ेलोशिप शुरू करेगा। श्री धनखड़ ने मंगलवार को यहां पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की समाधि पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने श्री चंद्रशेखर को 'भारत माता के महानतम सपूतों में से एक' बताते हुए कहा कि उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए कार्य किया और 'युवा तुर्क' के रूप में अंतर दलिय लोकतंत्र सुनिश्चित करने के लिए अपनी अलग पहचान बनायी।

उप राष्ट्रपति ने कहा, वो निर्भीक राजनेता थे। एक ऐसे राजनेता जो सच्चे मायनों में राजनेता जैसे कार्य करते थे। जब बात भारत की राष्ट्रीयता की आती थी, तो उन्होंने कभी भी अपनी व्यक्तिगत स्वतंत्रता या आराम की परवाह नहीं की। उन्होंने हमें हमेशा गर्वित किया। वो भारत की एकता के प्रतीक थे। वो हमेशा विभाजनकारी ताकतों के खिलाफ खड़े रहे। वे हमारे लिए एक मज़बूत स्तंभ थे। श्री धनखड़ ने श्री चंद्रशेखर के राजनीतिक जीवन को याद करते हुए कहा कि उनका राजनीतिक जीवन अद्वितीय और अनुपम रहा है। वह 1962 से 1977 तक 15 वर्ष राज्यसभा के सदस्य रहे और इसके बाद 2007 में निधन तक, एक बार को छोड़कर, लगातार लोकसभा के सदस्य रहे। उन्होंने कहा कि भारत की एकता के लिए 'पदयात्रा' का समय श्री चंद्रशेखर के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण काल रहा। उप राष्ट्रपति ने श्री चंद्रशेखर की स्मृति में व्याख्यान श्रृंखला शुरू करने की घोषणा करते हुए कहा,ह्लमुझे लोकसभा में उनके साथ सदस्य रहने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। ऐसे महान भारत पुत्र जो हमारी सभ्यतागत परंपराओं से निकली मूल्यों के प्रतीक थे उनकी स्मृति में व्याख्यान श्रृंखला प्रारंभ करना सबसे उपयुक्त और सार्थक कार्य होगा। उन्होंने कहा कि राज्यसभा सचिवालय इस दिशा में कदम उठाएगा। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने श्री चंद्रशेखर के साथ कार्य किया है और उन्हें निकटता से जाना है। ऐसे में उनके नेतृत्व में इस व्याख्यान श्रृंखला के लिए समिति का गठन सबसे उचित होगा। उन्होंने कहा,ह्ल मैंने यह निर्णय बहुत सोच-समझकर लिया है और उन सभी सदस्यों से परामर्श किया है, जो चंद्रशेखर जी को निकट से जानते थे। सभी इस पर सहमत थे। हरिवंश जी इस दिशा में सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। हरिवंश जी उचित सुझाव देंगे ताकि हम उनकी स्मृति में एक फ़ेलोशिप भी आरंभ करें। यह एकमुश्त फ़ेलोशिप होगी,ताकि उनकी गतिविधियों और कार्यों का संकलन किया जा सके, और उसे पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया जा सके। यह भी उसी समिति द्वारा समन्वित किया जाएगा जो व्याख्यान श्रृंखला का संचालन करेगी। लोकसभा में श्री चंद्रशेखर के साथ कार्य करने के अनुभव को साझा करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, ह्लयह समय है कि हमारे युवा 'यंग तुर्क' के बारे में जानें,उस नेता के बारे में जानें जो लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए लड़ने वाले थे। आपातकाल के समय जब वे सत्तारूढ़ दल के वरिष्ठ नेता थे, उन्हें जेल में डाला गया था। श्री धनखड़ ने कहा कि श्री चंद्रशेखर ने कभी भी राष्ट्र के लिए कोई समझौता नहीं किया। वह सबसे कठिन समय में प्रधानमंत्री बने। उन्होंने कहा, ह्ल मैं कई अनमोल क्षण साझा करता हूं। मैं बहुत कनिष्ठ था लेकिन मैंने उनकी रीढ़ की मज़बूती को देखा जब उन्हें लगा कि उनके मूल्य समझौते की ओर जा रहे हैं उन्होंने एक पल की भी देरी नहीं की। उन्होंने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। जो पुस्तक प्रकाशित होगी, उसमें मैं अपने व्यक्तिगत विचार भी साझा करूंगा कि कैसे उन दिनों के प्रभावशाली लोगों ने उन्हें लोकसभा में इस्तीफा देने से रोकने की गंभीर कोशिश की।

# संयुक्त राष्ट्र में अफगानिस्तान पर प्रस्ताव के मतदान से अलग रहा भारत

एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र/ नयी दिल्ली। भारत ने अफगानिस्तान में महिलाओं की दशा और आंतकवाद की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र में एक प्रस्ताव पर मतदान से खुद को अलग रखते हुये कहा है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को यह सुनिश्चित करने का समन्वित प्रयास करना चाहिए ताकि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से घोषित आतंकवादी संगठन और व्यक्ति अपनी करतूतों के लिये अफगान क्षेत्र का दुरुपयोग न कर सकें।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पी हरीश ने प्रस्ताव पर अपने वक्तव्य में 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले की अफगानिस्तान के तालिबान शासकों की ओर से गयी कड़ी निंदा का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भारत एक स्थिर, शांतिपूर्ण और समृद्ध अफगानिस्तान के निर्माण के प्रयासों में सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। श्री हरीश ने यह कहते हुये कि केवल दंडात्मक कार्रवाई से अफगानिस्तान की स्थिति में सुधार नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इसी दृष्टिकोण से 'भारत ने इस प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहने का फैसला किया है।' उन्होंने दोहराया कि सभी संबंधित हितधारकों के साथ निरंतर जुड़ाव और एक स्थिर, शांतिपूर्ण और समृद्ध अफगानिस्तान की दिशा में अंतरराष्ट्रीय समुदाय के प्रयासों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता व्यक्त की। भारत के राजदूत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को यह सुनिश्चित करने के लिए अपने समन्वित प्रयास इस तरह से करने चाहिए कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से घोषित संस्थायें और व्यक्ति, अलकायदा और उनके सहयोगी, आईएसआईएल और उनके सहयोगी, जिनमें लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद शामिल हैं, अब आतंकवादी गतिविधियों के लिए अफ़गानिस्तान की भूमि का दुरुपयोग न करें। इन समूहों में उनके क्षेत्रीय प्रायोजक भी शामिल हैं, जो उनके संचालन में सहायता करते हैं।

उन्होंने अफ़गानिस्तान के लोगों के साथ भारत के ऐतिहासिक संबंधों और उनकी मानवीय और विकास संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने की स्थायी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि भारत सभी प्रासंगिक हितधारकों के साथ निरंतर जुड़ाव के लिए प्रतिबद्ध है और एक स्थिर, शांतिपूर्ण एवं समृद्ध अफ़गानिस्तान की दिशा में अंतरराष्ट्रीय समुदाय के प्रयासों का व्यापक रूप से समर्थन करता है।

# हज-2026 के लिए आवेदन शुरु

नयी दिल्ली। हज 2026 के लिए आवेदन मंगलवार से शुरू किया गया और ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक स्वीकार किये जाएंगे। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने कहा कि हज 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। हज यात्रा पर जाने वाले इच्छुक यात्री हज पोर्टल एचटीटीपीएसः// हजकमेटीडॉटजीओवीडॉटआईएन या 'हज सुविधा' मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन विंडो आज से 31 जुलाई रात 11:59 बजे तक खुली रहेगी। उन्होंने कहा कि आवेदन की अंतिम तिथि को या उससे पहले जारी किया गया पासपोर्ट होना अनिवार्य है और यह कम से कम 31 दिसंबर 2026 तक वैध होना चाहिए। हज समिति आवेदकों को आवेदन करने से पहले अपनी तैयारियों पर सावधानीपूर्वक विचार करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि मृत्यु या गंभीर चिकित्सा आपात स्थिति की दुर्भाग्यपूर्ण घटना को छोड़कर आवेदन रद्द करने की स्थिति पर आवेदक को वित्तीय नुकसान उठाना पड़ेगा।

# तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को साझा अभियानों के गुर बताये

नयी दिल्ली। भविष्य की लड़ाईयों में तीनों सेनाओं के साझा अभियानों के महत्व को देखते हुए तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ भविष्य की लड़ाइयों में साझा अभियानों की तैयारी और बारीकियां साझा की।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने मंगलवार को पहली बार यहां एक मंच से तीनों सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित किया।

सेना ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सेनाओं के शीर्ष नेतृत्व ने तीनों सेनाओं के बीच तालमेल के प्रति एकजुटता का संकल्प व्यक्त करते हुए वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को संयुक्त अभियानों के संचालन के बारे में जानकारी दी। तीनों सेना प्रमुखों ने मुख्य रूप से संयुक्त अभियानों की योजना और रणनीति पर बात रखी। इसमें भविष्य के युद्ध परिदृश्य में एकीकृत समुद्री और हवाई युद्धों पर विशेष जोर दिया गया।

उल्लेखनीय है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद से तीनों सेनाओं के बीच साझा अभियानों की तैयारियों पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसकी शुरूआत ऑपरेशन सिंदूर के समय से ही हो गयी थी। उस समय तीनों सेनाएं संयुक्त अभियान के लिए पूरी तरह तैयार थी।

# ब्राजील के राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय वार्ता के लिए ब्रासीलिया पहुंचे मोदी

एजेंसी

ब्रासीलिया/नयी दिल्ली। ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी ब्राजील यात्रा के दूसरे चरण में मंगलवार तड़के यहां ब्रासीलिया पहुंचे, जहां हवाई अड्डे पर रक्षा मंत्री जोस मुसियो मोंटेइरो फिल्हो ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

यह चरण श्री मोदी की आधिकारिक यात्रा से जुड़ा है और इस दौरान वह ब्राजील के राष्ट्रपति लुईज़ इनासियो लूला दा सिल्वा के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इसके बाद दोनों देशों के बीच प्रतिनिधिमंडल की स्तर की वार्ता होगी। श्री मोदी राष्ट्रपति लूला के साथ विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढाने तथा संबंधों को और मजबूत बनाने पर चर्चा करेंगे। इस दौरान चार समझौतों पर हस्ताक्षर किये जाने की भी संभावना है।

प्रधानमंत्री ने ब्रासीलिया पहुंचने के बाद सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारतीय समुदाय के लोगों द्वारा आयोजित पारंपरिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्वागत से अभिभूत हूं। उन्होंने कहा, ह्ल कुछ समय पहले ही ब्रासीलिया पहुंचा हूं। भारतीय समुदाय ने एक यादगार स्वागत किया, जिसने एक बार फिर यह दर्शाया कि हमारा प्रवासी समुदाय कितना भावुक है और अपनी जड़ों से कितना जुड़ा हुआ है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भी एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री की ब्राजील की आधिकारिक यात्रा दोनों देशो के बीच साझेदारी को दृढ बनायेगी। उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा भारत-ब्राजील दृढ़ साझेदारी में नए कदम उठाते हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ब्राजील की राजकीय यात्रा पर राजधानी ब्रासीलिया पहुंचे। ब्राजील के रक्षा मंत्री जोस मुसियो मोंटेइरो फिल्हो ने हवाई अड्डे पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पारंपरिक ब्राजीलियाई सांबा रेगे प्रदर्शन ने स्वागत को सुखद संगीतमय बना दिया गया। ब्रासीलिया हवाई अड्डे पर, बटाला मुंडो बैंड ने कुछ बेहतरीन धुन बजायीं। उनका यह प्रयास अफ्रीकी-ब्राजील तालवाद्य, विशेष रूप से ब्राजील के साल्वाडोर दा बहिया के सांबा-रेगे को बढ़ावा देने का वैश्विक प्रयास है। इससे पहले रियो डी जेनेरियो में 17 वें ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद ब्रासीलिया रवाना होने से पहले श्री मोदी ने कहा कि उनकी यह यात्रा बेहद सार्थक रही। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा , ह्लमेरी ब्राज़ील यात्रा का रियो चरण बहुत ही सार्थक रहा। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हमने व्यापक विचार-विमर्श किया।

# पेज एक का शेष

## आलीशान कोठी...

दिया गया। एसडीएम राजेन्द्र बहादुर ने बताया कि भवन ढहाने की प्रक्रिया नियमानुसार पूरी की गई है।

झांगुर बाबा को यूपी एटीएस ने चार दिन पहले लखनऊ से गिरफ्तार किया था। उसके साथ सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन को भी पकड़ा गया था। दोनों लोगों से पूछताछ के दौरान कई खुलासे हुए थे। झांगुर बाबा ने बलरामपुर के उतरौला, मधपुर गांव में धर्मातरण का रैकेट चलाना शुरू किया था। मुम्बई से लेकर लखनऊ तक उसने कई लोगों को अपने जाल में फंसाया और उन्हें इस्लाम धर्म अपनाने पर मजबूर कर दिया था। कुछ दिन पहले गोमतीनगर में झांगुर के शिकार बने लोगों ने फिर से रीति रिवाज के जरिए हिन्दू धर्म अपना लिया था। इसके लिए उसे फंडिंग की जाती थी। झांगुर की संस्थाओं में आई रकम मुरादाबाद, औरैया और आजमगढ़ के कई लोगों को भेजी गई थी। इनमें से कुछ लेन-देन काफी बड़ी रकम के हुए। विदेशी फंडिंग के जरिए आई इस रकम की बंदरबाट भी खूब हुई। लखनऊ से भी कई बार रकम झांगुर के पास पहुंचाई गई। इतनी बड़ी फंडिंग और फिर उसे कई लोगों तक पहुंचाने के लिए झांगुर का नेटवर्क देखकर एटीएस के अफसर भी हैरान रह गए। एटीएस को ऐसी ही कई और नई जानकारियां पड़ताल में मिली है। इस आधार पर ही झांगुर के गिरोह के अन्य सदस्यों तक पहुंचने की कोशिश में एटीएस और एसटीएफ लगी हुई है।

## होमगार्ड एवं शिक्षक भर्ती ...

शिक्षा और कौशल, आजीविका तथा सुरक्षा और आवागमन से जुड़ी सुविधाओं के आधार पर प्रदेश के सभी 75 जनपदों का मूल्यांकन किया गया है। ये सूचकांक यह बताता है कि किस जनपद में महिलाओं को योजनाओं का लाभ मिला और कहां अभी और प्रयासों की जरूरत है। सभी जिलों को सूचकांक के मुताबिक तय करनी होगी रणनीति मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि यह सूचकांक मुख्यमंत्री नियंत्रण कक्ष से जोड़ा जाए और सभी संबंधित विभाग इसे नीति निर्माण और निगरानी के एक महत्वपूर्ण आधार के रूप में अपनाएं। प्रत्येक विभाग को निर्देशित किया गया कि वे इस सूचकांक के आधार पर अपने-अपने कार्यक्षेत्र में महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए ठोस कार्य योजनाएं बनाएं। जिलों को भी सूचकांक के अनुसार रणनीति तय करनी होगी ताकि स्थानीय स्तर पर योजनाओं का प्रभाव अधिक हो सके। लखनऊ, कानपुर नगर, वाराणसी ने किया बेहतर प्रदर्शन प्रस्तुति में यह भी सामने आया कि कई योजनाओं में कुछ जनपदों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है, जबकि कुछ जिलों में महिलाओं की भागीदारी अपेक्षाकृत कम रही। उदाहरण के लिए, लखनऊ, कानपुर नगर, वाराणसी जैसे जिलों में योजनाओं का लाभ महिलाओं तक बेहतर ढंग से पहुंचा है, जबकि श्रावस्ती, संभल, महोबा, बलरामपुर और सिद्धार्थनगर जैसे जिलों में विशेष प्रयासों की जरूरत महसूस की गई है। ओडीओपी मार्जिन मनी योजना के लिए छह जिलों में चलेगा अभियान मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ओडीओपी मार्जिन मनी योजना के तहत महिलाओं को लाभान्वित करने के लिए बांदा, जालौन, जौनपुर, महोबा, श्रावस्ती और सीतापुर सहित सभी जनपदों में विशेष अभियान चलाया जाए। जिन जनपदों में अभी तक महिलाओं को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाया है, वहां विशेष प्रयत्न किए जाने की जरूरत है। बैठक में निर्देश दिए गए कि तकनीकी संस्थानों, कौशल प्रशिक्षण केंद्रों और व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए विशेष कार्यक्रम चलाए जाएं। प्रशिक्षण से बाहर हो चुकी महिलाओं को दोबारा जोड़ने के लिए हर जिले में विशेष 'पुनः नामांकन इकाई स्थापित की जाए। स्वास्थ्य और सेवाक्षेत्र से जुड़ी शिक्षा में महिलाओं को आगे लाने के लिए पैरामेडिकल संस्थानों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में भी महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने की योजना पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को ड्राइवर और कंडक्टर जैसे कार्यों में अवसर दिए जाने चाहिए और इसके लिए प्रशिक्षण केंद्रों में उन्हें विशेष सुविधा व प्रोत्साहन दिया जाए। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों से अपेक्षा की कि वे इस सूचकांक को केवल रिपोर्ट मानकर न छोड़ें, बल्कि इसे कार्य का आधार बनाएं और निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से प्राप्त करें। उत्तर प्रदेश की महिलाएं यदि योजनाओं की मूल शक्ति बनेंगी, तभी समाज और राज्य की समग्र प्रगति सुनिश्चित हो सकेगी।

## आज से तय होगी...

दावा करते हुए दरों में तकरीबन 40 प्रतिशत की कमी किए जाने की मांग की है। जानकारों के मुताबिक सुनवाई के दौरान टैरिफ आदेशों में से तमाम के पालन न किए जाने का भी मुद्दा आयोग के सामने उठाया जाएगा ताकि उस पर व्यवस्था दी जा सके। सुनवाई की तारीखें 9 जुलाई -केस्को, कानपुर 11 जुलाई पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम, वाराणसी 15 जुलाई दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम, आगरा 16 जुलाई नोएडा पावर कंपनी, ग्रेटर नोएडा 17 जुलाई पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम, मेरठ 21 जुलाई मध्यांचल विद्युत वितरण निगम, लखनऊ

## न्यायपालिका संरक्षक...

संविधान के माध्यम से नागरिकों के लिए राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक न्याय की बात कही थी। जस्टिस बीआर गवई महाराष्ट्र के एक रसूखदार राजनीतिक परिवार से आते हैं। उनके पिता आर.एस. गवई महाराष्ट्र विधानपरिषद के चेयरपर्सन रह चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (गवई) का भी गठन किया था। जस्टिस गवई के चीफ जस्टिस बनने को महाराष्ट्र में भी सराहा जा रहा है। वह देश के दूसरे दलित जज हैं, जिन्हें मुख्य न्यायाधीश के पद तक पहुंचने का मौका मिला है। चीफ जस्टिस कई बार कह चुके हैं कि यदि मैं इस पद पर हूं तो यह देश के संविधान और लोकतंत्र के कारण है।

## आज पौधरोपण...

व राज्यमंत्री जनपदों में पहुंचकर 'एक पेड़ मां के नाम' लगाएंगे। इसके अलावा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व राज्यमंत्री भी विभिन्न जनपदों में जाकर पौधरोपण कराएंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लगने वाले पौधरोपण महाभियान-2024' (एक पेड़ मां के नाम) के लिए नामित अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव स्तर के अफसरों को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। सभी जनपदों के नोडल अधिकारियों ने मंगलवार को जनपदों में पहुंचकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया।

## ट्रंप ने की 14...

की गुहार लगाने पर मजबूर होना पड़ा। रात्रिभोज के दौरान नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति को वह पत्र सौंपा जो उन्होंने नोबेल शांति पुरस्कार के लिए ट्रंप को नामांकित करने के लिए नोबेल पुरस्कार समिति को भेजा है। गौरतलब है कि उच्च टैरिफ एकअगस्त से प्रभावी होंगे और विशेष रूप से ऑटोमोबाइल, स्टील और एल्यूमीनियम जैसे पहले से घोषित सेक्टर टैरिफ के साथ नहीं जुड़ेंगे। श्री ट्रंप के पत्रों में जापान और दक्षिण कोरिया को चेतावनी दी गई थी कि उनके टैरिफ में किसी भी वृद्धि के साथ ही अमेरिकी शुल्कों में भी वृद्धि की जाएगी। श्री ट्रंप ने घोषणा की कि इसी तरह के पत्र 12 अन्य देशों के नेताओं को भेजे गए जिनमें मलेशिया, कजाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, म्यांमार, लाओस, ट्यूनीशिया, इंडोनेशिया, बंगलादेश, सर्बिया, बोस्निया और हर्जेगोविना, कंबोडिया, थाईलैंड शामिल हैं। उन्हें यह सूचना दी गई कि अगले महीने से उनपर 25 प्रतिशत से 40 प्रतिशत तक टैरिफ लगाए जाएंगे। मलेशिया, कजाकिस्तान और ट्यूनीशिया पर टैरिफ दर 25 प्रतिशत होगी जबकि दक्षिण अफ्रीका और बिहॉन्ग के लिए यह 30 प्रतिशत होगी। इंडोनेशिया पर 32 प्रतिशत और बांग्लादेश एवं सर्बिया पर 35 प्रतिशत टैरिफ दर लागू होगी। कंबोडिया और थाईलैंड पर टैरिफ दर 36 प्रतिशत होगी जबकि लाओस एवं म्यांमार पर यह 40 प्रतिशत तक होगी। अमूमन एक ही जैसे पत्रों में श्री ट्रंप ने इन देशों के नेताओं को यह सुझाव दिया कि वह यह समझे की टैरिफ दरों की संख्या 'आपके देश के साथ हमारे व्यापार घाटे की असमानता को खत्म करने के लिए आवश्यक संख्या से बहुत कम है। श्री ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर ये देश जवाब में अपने टैरिफ बढ़ाते हैं तो अमेरिका भी अपने टैरिफ में उतनी ही वृद्धि करेगा। बंगलादेश को भेजे गए पत्र में कहा गया,ह्लदुर्भाग्य से हमारे संबंध पारस्परिक संबंधों से बहुत दूर हैं। एक अगस्त से हम बंगलादेश से अमेरिका में भेजे जाने वाले सभी बांग्लादेशी उत्पादों पर केवल 35 प्रतिशत टैरिफ लगाएंगे जो सभी क्षेत्रीय टैरिफ से अलग होगा। उच्च टैरिफ से बचने के लिए भेजे जाने वाले सामान पर भी उच्च टैरिफ लगेगा। 35 प्रतिशत की यह संख्या आपके देश में व्यापार घाटे की असमानता को खत्म करने के लिए आवश्यक सीमा से बहुत कम है। उल्लेखनीय है कि इस समूचे मामले में व्यापारिक साझेदारों को एक और राहत मिली क्योंकि श्री ट्रंप ने वार्ता की समय-सीमा को एक अगस्त तक बढ़ाने वाले कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। जब श्री ट्रंप से पूछा गया कि क्या समय-सीमा तय है तो उन्होंने कहा,ह्लमैं कहूंगा कि तय है लेकिन 100 फीसदी तय नहीं। अगर वे फोन करते हैं और कहते हैं कि हम कुछ अलग तरीके से करना चाहते हैं तो हम इसके लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने उन्हीं देशों को पत्र भेजा है जिनके बारे में उनका मानना है कि वे अमेरिका के साथ कोई समझौता नहीं करेंगे। श्री ट्रंप ने कहा ''हमने सभी से बात की है। ...सब कुछ हो चुका है। मैंने आपको बताया था कि हम कुछ समझौते करेंगे लेकिन अधिकांश के लिए हम एक पत्र भेजने जा रहे हैं। हम कहेंगे कि यदि आप सबसे महान, सबसे सफल देश में भाग लेना चाहते हैं तो अमेरिका में आपका स्वागत है। उन्होंने कहा कि यदि ये देश या उनकी कंपनियां अमेरिका के भीतर उत्पादों का निर्माण या निर्माण करने का निर्णय लेती हैं तो कोई टैरिफ नहीं लगाया जाएगा और वास्तव में हम शीघ्रता से पेशेवर रूप और नियमित रूप से या दूसरे शब्दों में कहें तो कुछ ही सप्ताहों में इस बाबत अनुमोदन प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने यह भी कहा, यदि आप अमेरिका के लिए अपने अब तक बंद व्यापारिक बाजारों को खोलना चाहते हैं और अपनी टैरिफ तथा गैर-टैरिफ नीतियों एवं व्यापार बाधाओं को समाप्त करना चाहते हैं, तो हम शायद इस पत्र में बदलाव करने पर विचार करेंगे।

# सीएम धामी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए की कांवड़ मेले की तैयारियों की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आगामी कांवड़ मेला की तैयारियों को लेकर मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

मुख्यमंत्री ने पूर्व वर्षों की व्यवस्थाओं में कानून व्यवस्था की दृष्टि से उत्पन्न हुई चुनौतियों का विश्लेषण कर सुधारात्मक कदम सुनिश्चित करने को कहा, ताकि इस वर्ष किसी भी प्रकार की गलत पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कहा कि इस विशाल धार्मिक आयोजन में किसी भी प्रकार की तोड़फोड़, उपद्रव या अन्य अवांछनीय घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। शिविर संचालकों, कार्यरत व्यक्तियों, वॉलंटियर और होटल, धर्मशालाओं में ठहरने वाले व्यक्तियों का पूर्ण सत्यापन कराया जाए। मुख्यमंत्री ने सभी प्रमुख स्थलों पर एक्स-रे सिस्टम, अग्निशमन यंत्र, फायर टेंडर व कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही खाद्य व पेय पदार्थों की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी और जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए पुख्ता इंतजाम करने को कहा। भीड़ प्रबंधन में वॉलंटियर्स की मदद लेने, सीसीटीवी व ड्रोन से निरंतर निगरानी और अभिसूचना तंत्र को सक्रिय रखने पर बल दिया। बेहतर यातायात व्यवस्था हेतु अलग से प्लान बनाकर उसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए ताकि श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। आतंकवादी खतरों को मद्देनजर रखते हुए एटीएस और विशेष सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने हरिद्वार के घाटों, नीलकंठ महादेव मंदिर अन्य प्रमुख स्थलों पर एम्बुलेंस व बैकअप की व्यवस्था करने, सादे वस्त्रों में महिला व पुरुष सुरक्षाकर्मियों की पर्याप्त तैनाती करने और आपदा राहत उपकरणों से युक्त गोताखोरों व जल पुलिस को अलर्ट मोड पर रखने को कहा। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि यात्रा मार्गों पर तेज ध्वनि विस्तारक यंत्रों, डीजे व लाउडस्पीकर के उपयोग को नियमबद्ध किया जाए। दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए स्पॉट चिन्हित कर सुधारात्मक कार्य किए जाएं। कांवड़ यात्रियों को 'क्या करें और क्या न करें' की जानकारी पेम्फलेट, होर्डिंग, पब्लिक अनाउंसमेंट और सोशल मीडिया के माध्यम से दी जाए। मुख्यमंत्री ने कांवड़ियों को लाठी, डंडा, नुकीली वस्तुएं आदि ले जाने से रोकने के लिए प्रचार अभियान चलाने को कहा। यात्रा मार्गों में मादक पदार्थों, शराब व मांस की बिक्री पर प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने और समुचित बिजली, पानी, चिकित्सा जैसी आधारभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

# मुख्यमंत्री ने अभिलेख प्रकोष्ठ भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज नेहरू पथ स्थित अभिलेख प्रकोष्ठ भवन के लिये बहुमंजिला भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। शिलान्यास के पश्चात मुख्यमंत्री ने निर्माण स्थल का जायजा लिया और तेजी से निर्माण कार्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि अभिलेखों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुये अभिलेख भवन परिसर में अभिलेख भवन के पीछे वाले भाग में नये भवन का निर्माण कराया जा रहा है ताकि महत्वपूर्ण रिकॉर्डों को और बेहतर ढंग से संरक्षित रखा जा सके। उन्होंने कहा कि इस नये भवन का निर्माण कार्य बेहतर ढंग से पूर्ण करें। मुख्यमंत्री ने अभिलेख भवन परिसर का भी जायजा लिया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

## संक्षिप्त समाचार

### अमृतसर में मामूली विवाद को लेकर अकाली नेता की गोली मारकर हत्या

**चंडीगढ़।** अमृतसर में राजासांसी में बीती रात मामूली बहस के बाद शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के वरिष्ठ नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गांव सैदूपुर के पूर्व सरपंच और शिअद नेता पलविंदर सिंह के पड़ोसी शुभम मसीह पर हत्या का आरोप है। दोनों पक्षों में पहले भी कई बार कार पार्किंग को लेकर झगड़ा हो चुका था। पुलिस जांच अधिकारी बघेल सिंह ने मंगलवार को बताया कि सोमवार की रात दोनों पक्षों में एक सीढ़ी को लेकर झगड़ा हुआ, जो पलविंदर सिंह ने लाइट ठीक करवाने के लिए खंबे पर लगाई थी। इसके बाद शुभम वहां पहुंचा और पलविंदर सिंह के साथ झगड़ पड़ा। इसके बाद शुभम ने अपनी लाइसेंसी पिस्तौल निकाली और पलविंदर सिंह पर गोलियां चला दी। उसने पलविंदर सिंह पर तीन गोलियां दागी, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। मृतक के बेटे अमृतपाल सिंह ने बताया कि शुभम, उसकी पत्नी और बेटे की उनसे बोलचाल नहीं है। तकरीबन एक महीने पहले इन लोगों ने कार के शीशे तोड़े थे। तब भी पुलिस से शिकायत की गई थी और तब उसने धमकियां भी दी थी। बीती रात इलाके की लाइट बंद थी। बिजली ठीक करने के लिए मैकेनिक आया था और घर के अंदर से सीढ़ी लगा रखी थी। इसी दौरान शुभम आया और सीढ़ी को नीचे गिरा दिया। जब पिता बाहर निकले तो उसने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से 7 फायर किए, जिसमें तीन गोलियां उसके पिता को लगीं और उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने भगोड़े बदमाश को दबोचा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने लुटेरे विकास उर्फ पवन उर्फ जुडी (30) को गिरफ्तार किया है। आरोपित दो मामलों में भगोड़ा घोषित किया जा चुका था। जबकि दो अन्य मामलों में उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी थे। वह लंबे समय से कानून की आंखों में धूल झोंकते हुए बार-बार अपना ठिकाना बदलकर गिरफ्तारी से बच रहा था। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा के अनुसार क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि विकास उर्फ पवन अदालत में पेश नहीं हो रहा है और उसे भगोड़ा घोषित कर दिया गया है। क्राइम ब्रांच लगातार भगोड़े बदमाशों के खिलाफ अभियान चलाकर उन्हें गिरफ्तार कर रही है। इस बीच पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि आरोपित हरियाणा के गन्नौर, सोनीपत में छिपा हुआ है। सूचना को पुख्ता कर टीम ने क्षेत्र में निगरानी रखते हुए कई ठिकानों पर दबिश देकर आरोपित दबोचा। जांच में पता चला है कि आरोपित विकास उर्फ पवन उर्फ जुडी ने 7वीं कक्षा में फ़ेल होने के बाद स्कूल छोड़ दिया था। वर्ष 2015 में उसने अपराध की दुनिया में कदम रखा। 2016 में उसकी शादी हुई और वह अपराध कर परिवार चलाने लगा। अदालत से फरार होने के बाद वह हरियाणा के गन्नौर में छिपा हुआ था।

### ड्रग्स तस्करी के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने वर्ष 2021 से फरार चल रहे वांछित आरोपित चंदर शेखर को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपित गांव टिटौली जिला रोहतक का रहने वाला है। वह दिल्ली-एनसीआर में मादक पदार्थों की तस्करी करता था। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा के अनुसार आरोपित को 2023 में अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित किया गया था। डीसीपी के अनुसार, आरोपित चंदर शेखर दिल्ली के द्वारका इलाके में 16-17 सितंबर 2021 की रात गांजे की तस्करी में शामिल था। वह अपने 5-6 साथियों के साथ आंध्र प्रदेश से दो वाहनों में गांजा लेकर आया था। द्वारका के पास पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक स्कॉर्पियो वाहन से 358 किलो गांजा और तीन आरोपितों को पकड़ लिया था। जबकि चंदर शेखर और उसके साथी आई-20 कार से फरार हो गए थे। इस सिलसिले में क्राइम ब्रांच थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। डीसीपी के अनुसार क्राइम ब्रांच को कुछ हफ्ते पहले आरोपित के रोहतक स्थित गांव में छिपे होने की सूचना मिली थी। सूचना को पुख्ता कर एक टीम गठित की गई। तकनीकी निगरानी के बाद आरोपित को उसके गांव टिटौली से दबोच लिया गया। पूछताछ में आरोपित ने अपना अपराध स्वीकार किया और बताया कि पारिवारिक जिम्मेदारियों और आर्थिक तंगी के चलते उसने नशे की तस्करी जैसे अपराध में कदम रखा। वह पेशे से ट्रक चालक है और लगातार अपने ठिकाने बदल कर गिरफ्तारी से बच रहा था।

### सड़क हादसा में सरपंच प्रतिनिधि की मौत, दो नाबालिग घायल

**कटिहार।** फलका थाना क्षेत्र के सोहथा उत्तरी पंचायत में मोटरसाइकिल की आपस में टक्कर में सरपंच प्रतिनिधि की मौके पर मौत हो गई। इस घटना में दो नाबालिग बुरी तरह जख्मी हो गए। घटना की सूचना मिलते ही फलका पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल में जुट गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि सोहथा उत्तरी पंचायत के सरपंच प्रभादेवी के पति प्रमोद झा मंगलवार को अपने घर से फलका की ओर आ रहे थे, जब गोपालपट्टी से सोहथा जाने वाली सड़क के समीप उनकी मोटरसाइकिल की दूसरी मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई। इस हादसे में सरपंच प्रतिनिधि प्रमोद झा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गौरव कुमार (17) और सौरव कुमार (16) दोनों गोपालपट्टी निवासी बुरी तरह घायल हो गए। ग्रामीणों के सहयोग से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फलका लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उनकी स्थिति नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल कटिहार रेफर कर दिया। फिलहाल दोनों का इलाज चल रहा है। घटनास्थल पर पहुंची फलका पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### पंचायत चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

**गोपेश्वर।** त्रिस्तरीय पंचायत को संपन्न कराने के लिए मंगलवार को पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। उपजिला निर्वाचन अधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी की अध्यक्षता में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में तैनात पीठासीन अधिकारी और सेक्टर मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय और राजकीय इण्टर कॉलेज गोपेश्वर में आयोजित प्रशिक्षण में 920 पीठासीन अधिकारियों व 89 सेक्टर मजिस्ट्रेट को प्रशिक्षण दिया गया। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय और राजकीय इण्टर कॉलेज गोपेश्वर में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिपाठी ने सभी पीठासीन अधिकारियों और सेक्टर मजिस्ट्रेट को प्रशिक्षण के दौरान सभी शंकाओं का निराकरण करें जिससे पंचायत चुनाव की प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराया जा सके। प्रशिक्षकों की ओर से मतदान प्रक्रिया का सैद्धान्तिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

# सभी विभाग श्रेष्ठ अभ्यास की प्रस्तुति तैयार करें: मुख्य सचिव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने मंगलवार को सभी अधिकारियों से बेहतर विभागीय कार्यों की श्रेष्ठ अभ्यास की प्रस्तुति (सफलता की कहानियां) तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि प्रस्तुति में ऐसी अनूठी पहल हो, जो किसी भी राज्य की ओर से न की गई हो।

मंगलवार को सचिवालय में मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में हुई सचिव स्तर की बैठक में यह निर्देश दिए गए। इस दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि बेस्ट प्रैक्टिसेज संस्थागत अथवा व्यक्तिगत जिस स्तर का भी हो उसका प्रेजेंटेशन तैयार करें। उन्होंने सभी सचिवों से उनके विभागों में हो रहे बेहतरीन कार्यों की जानकारी ली और उनका बेस्ट प्रैक्टिसेज के रूप में संकलन तैयार करने के निर्देश दिए। जिससे लोगों को बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिल सके। मुख्य सचिव ने कहा कि आईटी, कृषि, उद्यान, बाल विकास, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, सहकारिता, पशुपालन, वन विभाग, शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य, हायर एजुकेशन, आयुष इत्यादि विभागों में बेस्ट प्रैक्टिसेज की अधिक संभावना है। मुख्य सचिव ने सभी सचिवों को निर्देशित किया कि विभिन्न विकास कार्यों, सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का बेहतर तरीके से इंप्लीमेंटेशन करें ताकि जनमानस को उसका अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने सभी विभागों को अपनी विभागीय कार्यप्रणाली को अधिक से अधिक ऑनलाइन माध्यम से संचालित करने पर जोर देने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने संबंधित सचिवों को निर्देशित किया कि माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम 2007 का गंभीरता से अनुपालन कराएं ताकि ज्ञान और अनुभव की पूंजी हमारे वरिष्ठ नागरिक अपनी वृद्धावस्था को सम्मानपूर्वक जी सके। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों से इस एक्ट का कड़ाई से अनुपालन करवाने के निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, एलएल फैनई व प्रदीप पंत, विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा, नीतेश कुमार झा, रविनाथ रमन, डॉ. पंकज कुमार पांडेय, डॉ रंजीत कुमार सिन्हा, डॉ. श्रीधर बाबू आद्यंकी, चंद्रेश यादव, डॉ आर राजेश कुमार, दीपेंद्र कुमार चौधरी, विनोद कुमार सुमन, रणवीर सिंह चौहान, धीरज सिंह गब्बर्याल उपस्थित थे।

# पंजाब में मुख्यमंत्री सेहत बीमा योजना लांच, 10 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा

चंडीगढ़। पंजाब में अब प्रत्येक नागरिक का दस लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज होगा। मुख्यमंत्री भगवंत मान तथा आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री सेहत बीमा योजना लांच की। योजना के तहत हर व्यक्ति के सेहत कार्ड बनाए जाएंगे। सेहत कार्ड से उन्हें 10 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। पंजाब के लोगों को इस योजना का लाभ दो अक्टूबर से मिलना शुरू होगा। गांधी जयंती पर कार्ड बनाने का काम शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि इस योजना में बड़े-बड़े अस्पताल शामिल हैं। लोगों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। लोग पहले नीले-पीले कार्डों के चक्कर में फंसे रहते थे। अब सेहत कार्ड के जरिए हमने तय किया है कि पंजाब के निवासी को हर हाल में इलाज मिलेगा। भगवंत मान ने कहा कि पंजाब के सभी लोगों के कार्ड बनाए जाएंगे।

# बिहार मंत्रिपरिषद की बैठक में युवा आयोग के गठन को मंजूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। बैठक में बिहार युवा आयोग के गठन सहित कुल 43 प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। मुख्यमंत्री ने युवा आयोग के गठन की बात एक्स पर शेयर करते हुए लिखा कि मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि बिहार के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, उन्हें प्रशिक्षित करने तथा सशक्त और सक्षम बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने बिहार युवा आयोग के गठन का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि आज कैबिनेट द्वारा बिहार युवा आयोग के गठन की मंजूरी दे दी गई है। समाज में युवाओं की स्थिति में सुधार और उत्थान से संबंधित सभी मामलों पर सरकार को सलाह देने में इस आयोग की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। युवाओं को बेहतर शिक्षा और रोजगार सुनिश्चित करने के लिए सरकारी विभागों के साथ यह आयोग समन्वय भी करेगा। मुख्यमंत्री ने आगे लिखा कि बिहार युवा आयोग में एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष और सात सदस्य होंगे, जिनकी अधिकतम उम्र सीमा 45 वर्ष होगी। यह आयोग इस बात की निगरानी करेगा कि राज्य के स्थानीय युवाओं को राज्य के भीतर निजी क्षेत्र के रोजगारों में प्राथमिकता मिले। साथ ही राज्य के बाहर अध्ययन करने वाले और काम करने वाले युवाओं के हितों की भी रक्षा हो। सामाजिक बुराइयों को बढ़ावा देने वाले शराब एवं अन्य मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए कार्यक्रम तैयार कर और ऐसे मामलों में सरकार को अनुशंसा भेजना भी इसका महत्वपूर्ण कार्य होगा।

# वोटर लिस्ट शुद्धिकरण समर्थन को लेकर जदयू ने निकाली साइकिल रैली

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नालंदा, बिहारशरीफ। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के समर्थन में जनता दल (यूनाइटेड) ने मंगलवार को नालंदा जिले के रहुई प्रखंड में साइकिल जागरूकता रैली निकाली। रैली का नेतृत्व जदयू के जिला प्रवक्ता भवानी सिंह ने किया। यह रैली रहुई बाजार से प्रखंड कार्यालय तक निकाली गई, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों को मतदाता सूची सत्यापन में भाग लेने के लिए प्रेरित करना और विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम का खंडन करना था। मौके पर भवानी सिंह ने कहा कि ल्लयह अभियान पूरे बिहार में पंचायत और वार्ड स्तर तक चलाया जा रहा है ताकि मतदाता बिना किसी भय या संकोच के अपना नाम सत्यापित करा सकें। सत्यापन प्रक्रिया में केवल फर्जी और मृत मतदाताओं के नाम ही हटाए जा रहे हैं, इसमें कोई बुराई नहीं है। यदि मतदाता सूची शुद्ध होगी, तो मतदान प्रतिशत भी बढ़ेगा। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, विपक्ष का काम सिर्फ जनता को भ्रमित करना है। वे हर सकारात्मक पहल में भी मीन-मेख निकालते हैं, जबकि इस अभियान का लक्ष्य लोकतंत्र को मजबूत बनाना है। जिला प्रवक्ता ने बुधवार को महागठबंधन द्वारा बुलाए गए बिहार बंद की तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा, ल्लएक ओर हमारा दल जन-जागरण के लिए साइकिल रैली निकाल रहा है, वहीं दूसरी ओर महागठबंधन जबरन बंद करवा कर दिहाड़ी मजदूरों और आम लोगों की आजीविका पर चोट कर रहा है। जनता को अब तय करना होगा कि वे विकास चाहते हैं या फिर अराजकता।

# कार्य में लापरवाही पर संबंधित बीएलओ पर गिरी डीएम कि गाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नालंदा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह-जिलाधिकारी नालंदा की अध्यक्षता में मंगलवार को मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के सफल आयोजन हेतु जिला अनुमंडल प्रखंड एवं पंचायत के पदाधिकारियों के साथ कार्य प्रगति की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान पूरे जोर-शोर से चलाया जा रहा है, जिसमें बूथ स्तर के अधिकारी पर्यवेक्षक, निर्वाचन से जुड़े सभी अधिकारी, राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बीएलए और स्वयंसेवक मिलकर ज़मीनी स्तर पर यह सुनिश्चित करने में जुटे हैं कि कोई भी पात्र मतदाता वोटर लिस्ट से वंचित न रह जाए । बी एल ओ घर-घर जाकर मतदाताओं की सहायता कर रहे हैं, जिससे वे आसानी से अपने गणना प्रपत्र भर सकें और जमा कर सकें। मतदाता ऐप के माध्यम से स्वयं भी भरे हुए प्रपत्र को अपलोड कर सकते हैं।इसके अतिरिक्त, प्रक्रिया के सुचारु एवं समयबद्ध संचालन के लिए स्वयंसेवक, जिनमें सरकारी अधिकारी, एन सी सी कैडेट, एन एस एस सदस्य आदि शामिल हैं, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, बीमार एवं संवेदनशील वर्गों की सहायता हेतु जिलेभर में कार्यरत हैं।इसके अलावा, सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सभी मेंटर्स,सभी बीएलओ सुपरवाइजर , जिला निर्वाचन पदाधिकारी स्वयं भी ज़मीनी स्तर पर मतदाताओं को फॉर्म जमा कराने में सहायता कर जागरूक करने का सफल प्रयास है। वहीं राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट्स भी इस प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग प्रदान कर रहे हैं।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 **e-mail** : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063